https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

FIRST INDIA

दैनिक हिंदी अखबार

# सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

Scan to Subscribe

वर्ष: 5 I अंक: 93 | जयपुर, रविवार, 15 मार्च, 2026 I चैत्र, कृष्ण पक्ष-एकादशी, विसं 2082 | पृष्ठ: 12 I मूल्य: 3.00

## जरूरी खबर

### ‘उद्योग’ की परिभाषा पर संविधान पीठ करेगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की नौ जजों की संविधान पीठ 17 मार्च से औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत ‘उद्योग’ शब्द की परिभाषा को स्पष्ट करने के लिए महत्वपूर्ण सुनवाई शुरू करेगी। पीठ की अध्यक्षता मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत करेंगे। अदालत यह तय करेगी कि 1978 के बेंगलुरु वाटर सप्लाई मामला (1978) में तय किए गए मापदंड आज भी प्रासंगिक हैं या नहीं। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि क्या सरकार की सामाजिक कल्याण योजनाओं को कानून की धारा 2(जे) के तहत ‘औद्योगिक गतिविधि’ माना जा सकता है।

### ईंधन संकट के बीच पाकिस्तान में वेतन कटौती

**इस्लामाबाद।** ईंधन संकट और बढ़ते आर्थिक दबाव के बीच पाकिस्तान की सरकार ने सरकारी स्वामित्व वाले उपक्रमों और स्वायत्त संस्थानों के कर्मचारियों के वेतन में 5 से 30 प्रतिशत तक कटौती को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला व्यापक मितव्ययिता अभियान के तहत लिया गया। सरकार ने सरकारी वाहनों के लिए ईंधन आवंटन में 50 प्रतिशत कटौती, नए वाहनों की खरीद पर रोक और अगले दो महीनों में 60 प्रतिशत सरकारी वाहनों को सड़कों से हटाने का भी निर्णय लिया है। अधिकारियों के अनुसार बचाई गई राशि का उपयोग जनकल्याण योजनाओं के लिए किया जाएगा।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 95711 98777
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**जंग के साये में बड़ी राहत... 92,700 टन रसोई गैस लेकर मुंद्रा और कांडला बंदरगाह पहुंचेंगे**

# LPG से लदे दो भारतीय जहाजों ने पार किया होर्मुज

**बेधड़क** | नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच खाड़ी देशों से एलपीजी लेकर आ रहे दो भारतीय जहाजों ने शनिवार को युद्ध प्रभावित होर्मुज जलसंधि को सुरक्षित रूप से पार कर लिया। जहाजरानी मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इसके साथ ही इस महत्वपूर्ण जलमार्ग को पार करने वाले भारतीय ध्वज वाले जहाजों की संख्या तीन हो गई है। मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा के अनुसार एलपीजी कैरियर ‘शिवालिक’ और ‘नंदा देवी’ कुल 92,700 टन रसोई गैस लेकर भारत आ रहे हैं। ‘शिवालिक’ के 16 मार्च को मुंद्रा और ‘नंदा देवी’ के 17 मार्च को कांडला बंदरगाह पहुंचने की संभावना है।



### पीएनजी उपभोक्ता नहीं रख सकेंगे LPG कनेक्शन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए नया नियम लागू करते हुए कहा है कि पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन रखने वाले उपभोक्ता अब एलपीजी का घरेलू कनेक्शन नहीं रख सकेंगे। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने यह आदेश आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत जारी किया है। आपूर्ति और वितरण का विनियमन संशोधन आदेश, 2026 के अनुसार जिन उपभोक्ताओं के पास पहले से PNG कनेक्शन है, उन्हें अपना एलपीजी कनेक्शन तत्काल सरेंडर करना होगा और ऐसे उपभोक्ताओं को सिलेंडर रिफिल भी नहीं मिलेगा।

### ऊर्जा आपूर्ति पर संकट टलने के संकेत

अधिकारियों के अनुसार अभी भी 22 भारतीय जहाज जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में प्रतीक्षा कर रहे हैं। इनमें छह एलपीजी पोत, एक एलएनजी वाहक, चार कच्चे तेल के टैंकर, एक रसायन उत्पादों का जहाज, तीन कंटेनर पोत और दो बल्क कैरियर शामिल हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार ऊर्जा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के सभी संबंधित देशों के साथ लगातार संपर्क में है ताकि भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सके।

### 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कमर्शियल LPG की बिक्री बहाल

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच देश में गैस की आपूर्ति सामान्य बनाए रखने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए 29 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री फिर से शुरू कर दी गई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि घरेलू एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है, लेकिन क्षेत्रीय तनाव के कारण लोगों में घबराहट बढ़ने से सिलेंडर बुकिंग में तेजी आई है।

### राजस्थान में LPG की कोई कमी नहीं: सीएम

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में एलपीजी वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि राजस्थान में घरेलू गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है और आम लोगों को निर्बाध आपूर्ति मिल रही है। उन्होंने कालाबाजारी, जमाखोरी और गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला कलेक्टरों को हर घंटे फीडबैक लेने और शिकायतों का तुरंत समाधान करने को कहा गया है। बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा और मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**कोलकाता की ब्रिगेड रैली में पीएम का ममता सरकार पर तीखा हमला, बोले... बंगाल में बदलाव की लहर**

# घुसपैठियों को हटाने से घबरा रही तृणमूल: PM

**बेधड़क** | कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि पार्टी अपने ‘घुसपैठियों के वोट बैंक’ को बचाने के लिए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का विरोध कर रही है।

कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित विशाल रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य में राजनीतिक बदलाव की मांग तेज हो गई है और तृणमूल सरकार की ‘उल्टी गिनती’ शुरू हो चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध इसलिए कर रही है ताकि अवैध मतदाताओं और घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाए न जा सकें। मोदी ने दावा किया कि तृणमूल शासन में बड़े पैमाने पर घुसपैठ हुई है, जिससे कई इलाकों की जनसंख्या संरचना बदल गई है और बंगाली हिंदुओं को जानबूझकर अल्पसंख्यक बनाया जा रहा है। एसआईआर प्रक्रिया के बाद जारी आंकड़ों के अनुसार लगभग 8.3 प्रतिशत यानी 63.66 लाख नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। इसके बाद राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 7.66 करोड़ से घटकर 7.04 करोड़ रह गई है।



### हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता देने का विरोध करती है टीएमसी

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि पड़ोसी देशों से धार्मिक उत्पीड़न के कारण आए हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता देने का तृणमूल कांग्रेस विरोध करती है, क्योंकि उन्हें वह अपना वोट बैंक नहीं मानती। मोदी ने राज्य सरकार पर गुंडों और अपराधियों के सहारे चलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जबरन वसूली और ‘कट मनी’ तृणमूल की आय का स्रोत बन गया है। मोदी ने दावा किया कि राज्य में मतदाताओं, विपक्ष और मीडिया को डराया-धमकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तृणमूल ने भय और धमकी को अपनी राजनीति का हथियार बना लिया है।

### ‘बंगाल की आत्मा को बचाने’ का चुनाव

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो ‘सबका साथ, सबका विकास’ के सिद्धांत पर शासन किया जाएगा और गरीबों को पक्के घर दिए जाएंगे। मोदी ने कहा कि राजनीतिक हिंसा और धमकी में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधियों के लिए सिर्फ एक ही जगह होगी- ‘जेल, जेल, जेल।’ प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाला विधानसभा चुनाव केवल सरकार बदलने का नहीं बल्कि ‘बंगाल की आत्मा को बचाने’ का चुनाव है। मोदी ने लोगों से परिवर्तन के लिए मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि जब जनता फैसला कर लेती है तो कोई ताकत उसे रोक नहीं सकती।

### बंगाल को 18,680 करोड़ की सौगात

पीएम मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में करीब 18,680 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत के विकास का नया अध्याय शुरू होगा। प्रधानमंत्री ने 231 किमी लंबे खड़गपुर–मोरग्राम आर्थिक गलियारे की आधारशिला रखी और कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया। साथ ही भारतीय रेलवे की परियोजनाओं के तहत नई रेल सेवाओं को हरी झंडी दिखाई और कई स्टेशनों का लोकार्पण किया। उन्होंने हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स समेत बंदरगाह परियोजनाओं की भी शुरुआत की, जिससे व्यापार और पर्यटन को गति मिलने की उम्मीद है।

**सरकार ने रासुका आदेश रद्द किया**

# सोनम वांगचुक की छह माह बाद हिरासत खत्म

**बेधड़क** | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत की गई हिरासत को शनिवार को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया। सरकार द्वारा हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द करने का फैसला किए जाने के बाद वांगचुक को शनिवार दोपहर राजस्थान की जोधपुर केंद्रीय जेल से रिहा कर दिया गया। वांगचुक को लगभग छह महीने पहले लद्दाख में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद हिरासत में लिया गया था। सरकार ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि यह निर्णय लद्दाख में शांति, स्थिरता और आपसी विश्वास का माहौल बनाने के उद्देश्य से लिया गया है ताकि सभी पक्षों के बीच रचनात्मक संवाद संभव हो सके। वांगचुक को 26 सितंबर 2025 को लेह में हुए प्रदर्शनों के दो दिन बाद हिरासत में लिया गया था। प्रदर्शनों में चार लोगों की मौत हो गई थी और 22 पुलिसकर्मियों सहित 45 लोग घायल हुए थे।



### सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से पहले बड़ा कदम


यह फैसला ऐसे समय आया है जब सुप्रीम कोर्ट उनकी हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने वाला था। यह याचिका उनकी पत्नी गीतांजलि जे एंग्मो ने दायर की थी और अदालत ने मामले की अंतिम सुनवाई 17 मार्च को तय की थी। सरकार के अनुसार वांगचुक रासुका के तहत निर्धारित हिरासत अवधि का लगभग आधा समय पूरा कर चुके थे। केंद्र ने कहा कि लद्दाख के लोगों की चिंताओं को दूर करने के लिए विभिन्न सामुदायिक नेताओं और हितधारकों के साथ संवाद जारी है। सरकार ने उम्मीद जताई है कि संवाद और सहयोग के माध्यम से लद्दाख से जुड़े मुद्दों का शांतिपूर्ण समाधान निकाला जा सकेगा।

### तेलंगाना में जहर देकर 100 आवारा कुत्तों को मार डाला

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मंचेरियल जिला में करीब 100 आवारा कुत्तों को कथित तौर पर जहर देकर मार डाले जाने का मामला सामने आया है। यह घटना 7 मार्च की रात किश्तपुर गांव में हुई। पशु कल्याण कार्यकर्ता गौतम की शिकायत पर सरपंच और ग्राम सचिव के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि कुत्तों को जहरीले इंजेक्शन देकर मारने के बाद उन्हें नदी किनारे दफना दिया गया।

**910 करोड़ की परियोजना को मंजूरी**

# जयपुर-किशनगढ़ हाईवे होगा सिक्स लेन



**बेधड़क** | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग-48 के जयपुर–किशनगढ़ खंड को छह लेन में उन्नत करने की मंजूरी दी है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जयपुर और अजमेर जिलों में आने वाले लगभग 89.7 किलोमीटर लंबे जयपुर–किशनगढ़ मार्ग को 910.90 करोड़ रुपए की लागत से छह लेन में विकसित किया जाएगा। इस परियोजना में फ्लाईओवर और दोनों ओर सर्विस रोड का निर्माण भी शामिल है। गडकरी के अनुसार इस कॉरिडोर को आंशिक रूप से एक्सेस कंट्रोल्ड राजमार्ग के रूप में तैयार किया जाएगा, जिससे वाहनों की औसत गति बढ़ेगी और यात्रा समय मौजूदा लगभग दो घंटे से घटकर करीब एक घंटा कम हो जाएगा। परियोजना में स्थानीय यातायात को अलग रखने के लिए सर्विस रोड का प्रावधान किया जाएगा और दुर्घटनाओं को कम करने के लिए मौजूदा टकराव बिंदुओं को भी सुधारा जाएगा। इस स्वीकृति पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से क्षेत्र में यातायात सुगम होगा और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

**पीएचईडी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक, 41 जिलों के लिए समर कंटिंजेंसी प्लान तैयार**

# गर्मी से पहले सरकार अलर्ट... पेयजल संकट नहीं होने देंगे: सीएम

**बेधड़क** | जयपुर

बढ़ती गर्मी को देखते हुए राजस्थान सरकार ने पेयजल व्यवस्था को लेकर तैयारी तेज कर दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए कि गर्मियों में कहीं भी पेयजल संकट नहीं होना चाहिए और आम लोगों को पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़े।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पेयजल आपूर्ति की सभी तैयारियां पहले से पूरी कर ली जाएं। नए हैंडपंप और नलकूप स्थापित करने, पुराने स्रोतों की मरम्मत करने और खराब पाइपलाइनों को दुरुस्त करने के काम प्राथमिकता से पूरे किए जाएं। उन्होंने ट्यूबवेल से जुड़े कार्यों को भी तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी स्थिति नहीं आनी चाहिए कि पहले जनता परेशान हो और उसके बाद कंटिंजेंसी प्लान लागू किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गर्मियों में पेयजल व्यवस्था की लगातार निगरानी की जाए और हर स्तर पर जवाबदेही तय की जाए।





### शिकायतों का 24 घंटे में समाधान के निर्देश

बैठक में अधिकारियों ने गर्मी को लेकर तैयारियों का प्रस्तुतीकरण दिया। इसमें बताया गया कि राज्य के 41 जिलों के लिए समर कंटिंजेंसी प्लान तैयार कर लिया गया है और आवश्यक प्रशासनिक स्वीकृतियां भी ले ली गई हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि हेल्पलाइन नंबर 181 पर आने वाली पेयजल शिकायतों का अधिकतम 24 घंटे के भीतर समाधान किया जाए।

### विकसित ग्राम-शहरी वार्ड अभियान 19 से

मुख्यमंत्री ने पीएचईडी और बिजली विभाग को बेहतर समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए ताकि बिजली आपूर्ति से जुड़े कारणों से पेयजल व्यवस्था प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि हर गांव और कस्बे में प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि 19 मार्च से “विकसित ग्राम-शहरी वार्ड अभियान” शुरू किया जाएगा। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायतों और शहरी वार्डों के विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा।

### पौधारोपण पर जोर, फलदार वृक्ष लगाएं

सीएम ने कहा कि पिछले दो वर्षों में राज्य में करीब 19 करोड़ पौधे लगाए गए हैं और इस वर्ष 10 करोड़ से अधिक पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सरकारी कार्यालयों में पौधरोपण और पौधों के संरक्षण को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा और मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

जरूरी खबर

## निशुल्क सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराने के निर्देश



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में महिला अधिकारिता निदेशालय की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उड़ान योजना के तहत बालिकाओं व महिलाओं को निशुल्क सेनेटरी नैपकिन समय पर उपलब्ध कराने, सामूहिक विवाह अनुदान योजना को सुगम बनाने और केंद्र सरकार से बकाया बजट प्राप्त कर पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने लाडो प्रोत्साहन योजना के प्रभावी संचालन और कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को रोजगारोन्मुखी बनाने पर भी जोर दिया। पिछले वर्ष की बजट घोषणाओं को समयबद्धता से पूरा करने और आगामी वित्तीय वर्ष की तैयारियों के निर्देश भी दिए गए।

## जयपुर में राज्य स्तरीय उपभोक्ता सम्मेलन आज

**जयपुर।** विश्व उपभोक्ता दिवस पर उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से राज्य स्तरीय उपभोक्ता सम्मेलन कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में रविवार को सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा। सुरक्षित उत्पाद-आश्वस्त उपभोक्ता की थीम पर आधारित इस सम्मेलन का उद्देश्य उपभोक्ताओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उपभोक्ता संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करना है। राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष एपी साही मुख्य अतिथि होंगे। राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र कच्छावा और कंज्यूमर कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. अनन्त शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। उपभोक्ता मामले मंत्री सुमित गोदारा अध्यक्षता करेंगे और गुणवत्ता शपथ वाचन कराएंगे। सम्मेलन में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, शासन सचिव अम्बरीष कुमार, उपभोक्ता प्रतिनिधि, जिला एवं राज्य आयोग के सदस्य शामिल होंगे।

### पंचायती राज चुनाव प्रक्रिया: ओबीसी आयोग की रिपोर्ट का अब भी इंतजार

# 15 अप्रैल तक चुनाव करवाने के लिए आज से एक माह शेष

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में अब से केवल एक माह शेष है और सरकार को कोर्ट के निर्देशों के अनुसार 15 अप्रैल, 2026 तक पंचायती राज चुनाव प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

हालांकि, पंचायती राज विभाग यह कह रहा है कि ओबीसी आयोग की रिपोर्ट और आरक्षण निर्धारण के बिना चुनाव प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकती और समय सीमा का पालन नहीं होने पर राज्य सरकार को उच्चतम न्यायालय की अवमानना का जोखिम रहेगा। वहीं दूसरी ओर, पंचायत चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने भी राज्य सरकार को सख्त चेतावनी जारी की है। आयोग ने स्पष्ट कहा है कि यदि निर्धारित समय पर चुनाव नहीं कराए गए तो यह उच्चतम न्यायालय के आदेश की अवमानना मानी जाएगी और इसके लिए पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। आयोग ने इस संबंध में पंचायती राज आयुक्त एवं सचिव को पत्र लिखकर चुनाव प्रक्रिया तत्काल शुरू करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है।

### आरक्षण तय किए बिना चुनाव संभव नहीं

आयोग ने पत्र में कहा कि पंचायती राज चुनावों की घोषणा और प्रक्रिया शुरू करने के लिए आरक्षण निर्धारण अनिवार्य है। बिना आरक्षण तय किए चुनाव कराना संभव नहीं है। एससी/एसटी के आरक्षण का निर्धारण राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। ओबीसी आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया पूरी होना आवश्यक है। यदि ट्रिपल टेस्ट पूरा नहीं होती है, तो एससी/एसटी आरक्षण को छोड़कर अन्य सीटों पर सामान्य श्रेणी का चुनाव कराया जा सकता है। आयोग ने वैकल्पिक कानूनी उपाय अपनाने की भी सलाह दी है ताकि चुनाव में देरी न हो।

### 12 जिला परिषदों और 130 पंचायत समितियों का कार्यकाल बाकी

राज्य में ग्राम पंचायतों के 14,403 पदों में 1,30,282 वार्ड, 457 पंचायत समितियों के 8,221 वार्ड और 1,403 जिला परिषद वार्डों में चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग का कहना है कि आरक्षण प्रक्रिया पूरी होते ही अधिसूचना जारी की जाएगी। हालांकि वर्तमान में 12 जिला परिषदों और 130 पंचायत समितियों का कार्यकाल सितंबर, अक्टूबर और दिसंबर 2026 तक शेष है।

### ओबीसी आयोग और सरकार के बीच विवाद



“ओबीसी आयोग को कठपुतली और पंगु बनाया गया। सरकार ने आयोग को गठन के बाद तीन महीने में रिपोर्ट देने के बावजूद नौ महीने तक सही आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए। अब आयोग के पास 31 मार्च तक का समय है। डोटासरा ने कहा कि जब तक सरकार एससी और ओबीसी आरक्षण के सर्वे के लिए सही आंकड़े नहीं देगी, राज्य निर्वाचन आयोग काम नहीं कर सकता।

**गोविंद सिंह डोटासरा**, पीसीसी चीफ

### वन स्टेट वन इलेक्शन का नारा कैसे होगा साकार



“45 दिन पहले तक अधिसूचना जारी की जा सकती है, लेकिन यह चुनाव आयोग तय करता है कि कितने दिन पहले अधिसूचना जारी कर आचार संहिता लगाई जाए। यह आयोग का निर्णय है। फिलहाल, वन स्टेट वन इलेक्शन के नारे के कारण सरकार चुनाव नहीं करवाना चाहती है। सरकार पहले चुनाव करवा दे, तो विपक्ष इसे मुद्दा बना सकता है। इसलिए गेंद ओबीसी आयोग के पाले में है।

**डॉ. सीबी यादव, प्रदेशाध्यक्ष,**
राजीव गांधी पंचायत राज संगठन

### अच्छे मानसून से बदली राज्य की तस्वीर


# प्रदेश के बांधों में पानी ही पानी गर्मियों में नहीं होगा जल संकट

- 10 साल में मानसून की एंट्री-एग्जिट का पैटर्न
- प्रदेशभर के 693 में से 459 जलाशय हुए ओवरफ्लो
- 2025 में सामान्य से 60% ज्यादा बारिश, 10 साल का टूटा था रिकॉर्ड

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में वर्ष 2025 का दक्षिण-पश्चिम मानसून पिछले एक दशक में सबसे मजबूत साबित हुआ। जल संसाधन विभाग की विस्तृत रिपोर्ट के अनुसार राज्य में इस बार औसत से करीब 60 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई।

हालांकि गत वर्ष मानसून ने समय से पहले प्रवेश किया और समय से पहले विदाई भी ली। जबकि वर्षा की मात्रा और जलाशयों का भराव पिछले 10 वर्षों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ गया। जल संसाध्विभाग की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 में राज्य में 680.13 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई, जबकि सामान्य औसत 424.71 मिमी है। इस प्रकार राज्य में 60.14% अधिक वर्षा दर्ज हुई। अच्छी बारिश के कारण साल 2026 में इस गर्मी की शुरुआत से पहले ही राज्य के 693 में से 459 जलाशय ओवरफ्लो हो गए और अधिकांश बांधों में जलभराव क्षमता 90 प्रतिशत से अधिक तक पहुंची। विशेषज्ञों की माने तो वाटर लेवल बढ़ने और बांध लबालब होने के कारण से गर्मी में पानी की किल्लत की संभावना ना के बराबर है।



| स्थिति | आंकड़ा |
|---|---|
| मानसून शुरू होने पर जलभराव | 43.33% |
| मानसून के बाद जलभराव | 90.51% |
| कुल जलाशय | 693 |
| ओवरफ्लो जलाशय | 459 |

### पिछले 5 वर्षों में वर्षा की तुलना

| वर्ष | औसत वर्षा (मिमी) |
|---|---|
| 2021 | 584.31 |
| 2022 | 667.57 |
| 2023 | 536.61 |
| 2024 | 662.87 |
| 2025 | 680.13 |

2025 में वर्षा पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक दर्ज की गई।

### 2025 में रिकॉर्ड बारिश

सामान्य से 60% ज्यादा वर्षा, दशक का टूटा रिकॉर्ड। राज्य में 2025 का मानसून वर्षा के लिहाज से बेहद सक्रिय रहा।

| क्षेत्र | वास्तविक वर्षा | सामान्य वर्षा | अंतर |
|---|---|---|---|
| राजस्थान कुल | 680.13 | 424.71 | +60.14% |
| पूर्वी राजस्थान | 991.71 | 625.20 | +58.62% |
| पश्चिमी राजस्थान | 450.36 | 276.85 | +62.67% |

### सबसे ज्यादा वर्षा

- डीडवाना-कुचामन: +109.26%
- टोंक: +107%
- सीकर: +102%
- बूंदी: +95%
- बारां: +92%

### सबसे कम वर्षा

- जैसलमेर : लगभग +10% (सामान्य के करीब)

### 9 बार जून में आया मानसून, केवल एक बार जुलाई में एंट्री

पिछले 10 वर्षों के आंकड़ों पर रिसर्च के अनुसार राजस्थान में मानसून का प्रवेश आमतौर पर जून के तीसरे-चौथे सप्ताह में होता है। पिछले एक दशक में 9 बार मानसून जून में और केवल एक बार जुलाई में राज्य में पहुंचा।

| वर्ष | मानसून एंट्री | विदाई |
|---|---|---|
| 2016 | 22 जून | 12 अक्टूबर |
| 2017 | 27 जून | 11 अक्टूबर |
| 2018 | 26 जून | 1 अक्टूबर |
| 2019 | 2 जुलाई | 11 अक्टूबर |
| 2020 | 24 जून | 6 अक्टूबर |
| 2021 | 18 जून | 9 अक्टूबर |
| 2022 | 30 जून | 3 अक्टूबर |
| 2023 | 25 जून | 3 अक्टूबर |
| 2024 | 25 जून | 5 अक्टूबर |
| 2025 | 18 जून | 26 सितंबर |

2025 में मानसून की 18 जून को एंट्री और 26 सितंबर को विदाई दर्ज की गई, जो पिछले 10 वर्षों में सबसे जल्दी प्रवेश और अपेक्षाकृत जल्दी वापसी के रूप में दर्ज हुई।

### 43 बांध हुए ओवरफ्लो और जलस्तर में बढ़ोतरी

रिपोर्ट के अनुसार अजमेर जिले में सबसे ज्यादा 43 बांध ओवरफ्लो हुए और जलस्तर में बढ़ोतरी हुई। मानसून 2025 की अच्छी बारिश का सबसे बड़ा असर इस गर्मी में देखने को मिलेगा। मानसून की शुरुआत के समय राज्य के जलाशयों में कुल भंडारण क्षमता का लगभग 43.33 प्रतिशत पानी ही उपलब्ध था, लेकिन मानसून सीजन के दौरान लगातार हुई अच्छी वर्षा के कारण सितंबर के अंत तक जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया।

### भाजपा-कांग्रेस की गैस पर सियासत

## शाम का खाना नहीं मिल पा रहा बच्चों को: डोटासरा

बेधड़क | जयपुर

देश में एलपीजी गैस की किल्लत को लेकर राजस्थान की सियासत गरमा गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने गैस संकट का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार पर हमला बोला है, वहीं भाजपा नेताओं ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे विपक्ष की ओर से फैलाया गया भ्रम बताया है। डोटासरा ने सीकर में मीडिया से बातचीत के दौरान दावा किया कि देश में गैस सप्लाई को लेकर गंभीर स्थिति बन रही है। उन्होंने कहा कि एक स्काउट आवासीय स्कूल से उन्हें फोन आया कि यदि गैस सिलेंडर नहीं मिला तो बच्चों को शाम का खाना नहीं मिल पाएगा।



डोटासरा के अनुसार जो सिलेंडर पहले 900 से 950 में मिलता था, वह अब करीब 1500 रुपए तक में मिल रहा है। डोटासरा ने कहा कि स्कूल प्रशासन की समस्या सामने आने के बाद उन्होंने तुरंत प्रशासन से संपर्क किया। इसके बाद एसडीएम और तहसीलदार से बात कर वहां पांच सिलेंडर भिजवाए गए।

### गैस की आपूर्ति को लेकर कोई संकट नहीं: गजेन्द्र सिंह

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत में पेट्रोलियम उत्पादों और गैस की आपूर्ति को लेकर किसी भी प्रकार का संकट नहीं है।



उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस एक 'नॉन-इश्यू' को मुद्दा बनाकर जनता के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। शेखावत ने कहा कि मध्य-पूर्व में चल रहे तनाव के कारण वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति पर दबाव जरूर है, लेकिन भारत सरकार ने पहले से ही वैकल्पिक स्रोत तैयार कर लिए हैं।

### लोग जरूरत से ज्यादा गैस ले रहे: राठौड़

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने भी गैस संकट की बात को अफवाह बताया।



उन्होंने कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और गैस सहित सभी आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त भंडारण मौजूद है। उनके अनुसार सोशल मीडिया और बाजार में फैल रही भ्रामक चर्चाओं के कारण लोग जरूरत से ज्यादा गैस सिलेंडर लेने की कोशिश कर रहे हैं। राठौड़ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि अपने ही घर की कमी को सार्वजनिक करना परिवार की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने जैसा होता है।

बेधड़क TOON




-शेखर

### राष्ट्रीय लोक अदालत

## छोटे विवादों को आपसी समझौते से निपटाएं: ACJ




राष्ट्रीय लोक अदालत को संबोधित करते एसीजे संजीव प्रकाश शर्मा।

बेधड़क | जयपुर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार वर्ष 2026 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत शनिवार को प्रदेशभर में आयोजित की गई। जयपुर पीठ में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर लोक अदालत का उद्घाटन किया। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि लोक अदालत, मध्यस्थता और प्री-लिटिगेशन समाधान जैसी वैकल्पिक विवाद निपटान प्रणाली न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी और सुलभ बनाती है। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर की अदालतों में करीब 10 लाख लंबित और प्री-लिटिगेशन मामलों का एक ही दिन में सुनवाई कर समाधान करने का लक्ष्य रखा गया। शर्मा ने अधिवक्ताओं और विशेषकर युवा अधिवक्ताओं को छोटे विवादों को समझौते के माध्यम से निपटाने और न्यायालयों का बोझ कम करने के लिए प्रोत्साहित किया। राज्यभर में आयोजित लोक अदालतों में बैंक ऋण, मोटर दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, बिजली-पानी बिल, पारिवारिक और राजस्व संबंधी छोटे मामले समझौते से निपटाए जा रहे हैं। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह, जस्टिस महेन्द्र कुमार गोयल, जस्टिस शुभा मेहता सहित कई न्यायाधीश और वरिष्ठ अधिवक्ता समारोह में मौजूद रहे।

### 6.55 लाख प्रकरणों का निस्तारण

शर्मा ने बताया कि लोक अदालत अनुच्छेद 39ए के तहत सभी नागरिकों को न्याय तक समान और सुलभ पहुच सुनिश्चित करती है। इस माध्यम से पक्षकारों के बीच विवाद न केवल शांतिपूर्ण ढंग से सुलझे, बल्कि सामाजिक रिश्ते भी मजबूत हुए। विधिक सेवा संस्थाओं की ओर से कुल 6,55,766 लंबित प्रकरणों सहित 58,55,203 प्रकरणों का समाधान किया गया, और 10,04,62,59,757/- रुपए के अवॉर्ड पारित हुए। जयपुर और जोधपुर उच्च न्यायालय में क्रमशः 201 एवं 200 प्रकरणों का निस्तारण हुआ।

### स्कूल शिक्षा विभाग की योजनाओं की प्रभावी क्रियान्विति पर समीक्षा बैठक

## लंबित कार्य 31 तक निस्तारित करें: कृष्ण कुणाल

बेधड़क | जयपुर

बजट घोषणा 2026-27 में स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़ी योजनाओं और गतिविधियों को धरातल पर समयबद्ध लागू करने के लिए शिक्षा संकुल में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित कार्य 31 मार्च तक निस्तारित किए जाएं और बजट घोषणाओं में शामिल योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू किया जाए।



शासन सचिव कृष्ण कुणाल स्कूल शिक्षा विभाग की योजनाओं की प्रगति पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए।

कुणाल ने अधिकारियों को प्रबंध पोर्टल पर सभी आवश्यक प्रविष्टियां शीघ्र पूर्ण करने का भी निर्देश दिया, ताकि योजनाओं की प्रगति की मॉनिटरिंग सटीक रूप से की जा सके। उन्होंने नवीन सत्र, जो 1 अप्रैल से शुरू हो रहा है, के लिए तैयारी भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अनुपमा जोरवाल, वित्तीय सलाहकार अनुपमा शर्मा, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक (प्रथम) सीमा शर्मा, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक (द्वितीय) अशोक कुमार मीणा सहित विभागीय उपायुक्त और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनगणना ड्यूटी पर शिक्षा विभाग सख्त

# शैक्षणिक स्टाफ जनगणना में, स्कूलों में तालाबंदी की नौबत

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान के माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने निर्देश दिए हैं कि स्कूलों में चल रहे परीक्षा कार्य और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों को प्रभावित किए बिना शिक्षकों को जनगणना और अन्य गैर शैक्षणिक कार्यों के लिए कार्य मुक्त नहीं किया जाएगा। निदेशक माध्यमिक शिक्षा सीताराम जाट ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा कार्य में लगे शिक्षकों को किसी भी परिस्थिति में कार्य मुक्त नहीं किया जाएगा। आदेश में कहा गया है कि अगर किसी शिक्षक की ड्यूटी जिला कलेक्टर या नगर निकाय की ओर से लगाई जाती है तो केवल शासन सचिव (स्कूल शिक्षा) की अनुमति से ही कार्य मुक्त किया जाएगा। उपखंड अधिकारी या तहसीलदार स्तर से ड्यूटी लगने पर निदेशक माध्यमिक शिक्षा की अनुमति जरूरी है।



### एकल और कम स्टाफ वाले स्कूलों को राहत

एकल शिक्षक या दो शिक्षक वाले स्कूलों के शिक्षक किसी भी हालत में जनगणना कार्य के लिए मुक्त नहीं होंगे। साथ ही किसी स्कूल से 30 प्रतिशत से अधिक शिक्षकों को ड्यूटी पर लगाना प्रतिबंधित किया गया है। अगर किसी शिक्षक को अपरिहार्य कारण से हटाना पड़े तो वैकल्पिक व्यवस्था करना अनिवार्य है। बताया जा रहा है कि 100 प्रतिशत शैक्षणिक स्टाफ की ड्यूटी जनगणना में लगाने के कारण कई विद्यालयों में तालाबंदी की नौबत आ गई है।

### चल रही परीक्षाएं और मूल्यांकन

वर्तमान में कक्षा 9 और 11 की समान परीक्षा, कक्षा 5 से 7 की स्थानीय परीक्षाएं, एफएलएन और सीबीए मूल्यांकन, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन और अंक अपलोड का कार्य जारी है। इन परीक्षाओं का परिणाम 25 मार्च, 2026 तक जारी होना है। साथ ही 25 मार्च को सभी स्कूलों में मेगा पीटीएम का आयोजन किया जाएगा। नए सत्र की शुरुआत 1 अप्रैल, 2026 से होनी है। इसके लिए प्रवेशोत्सव, निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण और अन्य गतिविधियों की तैयारियां चल रही हैं। साथ ही चतुर्थ श्रेणी और द्वितीय श्रेणी अध्यापक भर्ती के दस्तावेज सत्यापन का कार्य भी जारी है।

### शिक्षक संगठनों की मांग पर बदलाव

शिक्षक संगठनों ने बताया कि कई जगह तहसीलदार और अन्य अधिकारी पूरे स्कूल के शिक्षकों की ड्यूटी लगाते थे, जिससे स्कूल बंद होने की स्थिति बन रही थी। अब निर्णय लिया गया है कि अन्य विभागों में शिक्षकों की ड्यूटी केवल जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से ही लगाई जाएगी। राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विपिन प्रकाश शर्मा ने कहा कि शिक्षक संगठनों की मांग पर यह आदेश जारी किया गया है।

एसएमएस अस्पताल में हाईटेक लेजर मशीनों से होंगे त्वचा रोगों के इलाज, सरकारी अस्पताल में अब हेयर ट्रांसप्लांट और स्किन टाइटनिंग की सुविधा

# लंदन के बाद जयपुर में दुनिया का दूसरा डर्मेटोलॉजी सेंटर तैयार

बेधड़क | जयपुर

प्रदेशवासियों को जल्द ही सरकारी क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर की चर्म रोग और कॉस्मेटिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सवाई मानसिंह अस्पताल के चरक भवन में देश का पहला अंतरराष्ट्रीय स्तर का इंस्टीट्यूट ऑफ डर्मेटोलॉजी सेंटर बनकर तैयार हो गया है। इसे जल्द शुरू किया जाएगा, जिससे निजी अस्पतालों में लाखों रुपए में होने वाले कॉस्मेटिक उपचार अब आमजन को न्यूनतम दरों पर मिल सकेंगे।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने शनिवार को एसएमएस अस्पताल पहुंचकर इस संस्थान का निरीक्षण किया और अधिकारियों को इसे जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि यह लंदन के बाद विश्व का दूसरा सबसे एडवांस और उत्कृष्ट डर्मेटोलॉजी सेंटर माना जा रहा है। यहां चर्म रोगों और कॉस्मेटिक उपचार के क्षेत्र में उच्च स्तरीय आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

इस सेंटर के शुरू होने से त्वचा से जुड़े जटिल रोगों के साथ-साथ सौंदर्य संबंधी उपचार भी सरकारी अस्पताल में उपलब्ध हो सकेंगे, जिससे मरीजों को निजी अस्पतालों की तुलना में बहुत कम खर्च में इलाज मिल सकेगा। निरीक्षण के दौरान सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी, अधीक्षक डॉ. मृणाल जोशी, अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. गिरधर गोयल सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।




## SMS में बन रहा अत्याधुनिक कार्डियक टावर भी अंतिम चरण में

निरीक्षण के दौरान गायत्री राठौड़ ने सवाई मानसिंह अस्पताल में निर्माणाधीन इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवेस्कुलर साइंसेज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि अत्याधुनिक कार्डियक टावर का सिविल कार्य पूरा हो चुका है और उपकरण व मशीनें स्थापित करने का काम अंतिम चरण में है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक कार्य शीघ्र पूरा कर इस टॉवर को भी जल्द शुरू किया जाए, ताकि हृदय रोगियों को एक ही छत के नीचे विश्व स्तरीय उपचार मिल सके।

## हेयर ट्रांसप्लांट-स्किन टाइटनिंग की सुविधा

इंस्टीट्यूट ऑफ डर्मेटोलॉजी सेंटर में पीआरपी (Platelet Rich Plasma) पद्धति के जरिए बाल उगाने और हेयर ट्रांसप्लांट की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इसके अलावा HIFU मशीन के जरिए स्किन टाइटनिंग कर झुर्रियों को कम करने का इलाज किया जाएगा। लेजर तकनीक के माध्यम से सफेद दाग, सोरायसिस और अन्य त्वचा रोगों का उपचार भी किया जाएगा। रेडियो फ्रीक्वेंसी और क्रायो तकनीक से भी कई चर्म रोगों का इलाज संभव होगा। अभी तक ऐसे एडवांस कॉस्मेटिक उपचार निजी कॉस्मेटिक संस्थानों में लाखों रुपए में होते हैं, लेकिन एसएमएस अस्पताल में यह उपचार आम मरीजों को बेहद कम लागत पर उपलब्ध हो सकेंगे।

## 212 बेड और 5 कैथलैब की सुविधा

SMS में विकसित किए जा रहे कार्डियोवेस्कुलर साइंसेज संस्थान में उच्च स्तरीय हृदय रोग उपचार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस संस्थान में 212 बेड, 5 ऑपरेशन थियेटर, 5 कैथलैब और 4 ओपीडी की व्यवस्था की गई है।

## 6 अत्याधुनिक लेजर मशीनों से होगा इलाज

SMS में त्वचा रोगों और कॉस्मेटिक समस्याओं के उपचार के लिए छह प्रकार की अत्याधुनिक लेजर मशीनें स्थापित की गई हैं। इनमें डायोड लेजर, फ्रेक्शनल कार्बन डाइऑक्साइड लेजर, एक्साइमर लेजर, एनडी-याग लेजर और अलेक्जेंड्राइट लेजर शामिल हैं। इन मशीनों की मदद से विभिन्न प्रकार की जन्मजात कॉस्मेटिक समस्याओं और त्वचा रोगों का आधुनिक पद्धति से उपचार किया जा सकेगा।

---

## जरूरी खबर

### फ्लेगशिप योजनाओं में जयपुर जिले का परचम



**बेधड़क,जयपुर।** जयपुर जिले में सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं और बीस सूत्री कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी स्वयं निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने जिले की उल्लेखनीय उपलब्धियां प्रस्तुत कीं। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के अंतर्गत क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल श्रेणी में जयपुर जिले ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) में प्राइमरी कलेक्शन ऑफ सॉलिड वेस्ट तथा जीवीपी रिमूवल में शत-प्रतिशत उपलब्धि के साथ भी जिला पहले स्थान पर रहा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में भी जयपुर ने राज्य में टॉप रैंक हासिल की।

### फर्जी सर्टिफिकेट मामले में पीटीआई गिरफ्तार

**बेधड़क, जयपुर।** ताईक्वांडो के फर्जी सर्टिफिकेट लगाकर तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 में खेल कोटे से नौकरी पाने के मामले में एसओजी ने ताईक्वांडो खेल के फर्जी प्रमाण-पत्र 6-6 लाख रुपए में दिलवाने वाले मुख्य दलाल योगेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। योगेंद्र सिंह पीटीआई राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पंडेर, भीलवाड़ा में पदस्थ हैं। योगेंद्र ने पूर्व में पकड़े गए आरोपी ज्योतिरादित्य और ममता कुमारी से 6-6 लाख रुपए नकद लेकर ताईक्वांडो के प्रमाण-पत्र दिलवाए थे। इन दोनों के प्रमाण-पत्र रामचंद्र, पीटीआई निवासी देह, नागौर से 5-5 लाख रुपए देकर फर्जी बनवाए गए थे। बाकी 1-1 लाख रुपए योगेंद्र ने खुद रख लिए।

---

रेस्तरां में बड़ी पार्टियों की बुकिंग घटी, मेन्यू में भी कटौती

# होटल कारोबार तक पहुंची एलपीजी किल्लत की आंच

बेधड़क | जयपुर

पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच एलपीजी आपूर्ति को लेकर बनी अनिश्चितता का असर अब राजधानी सहित पूरे राजस्थान के होटल और रेस्तरां कारोबार पर दिखाई देने लगा है। राजधानी में कई रेस्तरां संचालकों ने बड़े कॉरपोरेट समारोह और सामूहिक पार्टियों की बुकिंग अस्थायी रूप से कम कर दी है।

रेस्तरां मालिकों का कहना है कि बड़े आयोजनों के लिए भोजन तैयार करने में गैस की खपत काफी अधिक होती है। मौजूदा परिस्थितियों में एलपीजी की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए कई प्रतिष्ठानों ने बड़ी पार्टियों की बुकिंग रोक दी है और फिलहाल नियमित ग्राहकों की सेवा पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इसके अलावा कई रेस्तरां ने गैस की खपत कम करने के लिए अपने मेन्यू में भी बदलाव किया है। होटल, ढाबे और कैफे संचालकों का कहना है कि यदि आपूर्ति की स्थिति जल्द सामान्य नहीं हुई तो कारोबार पर और असर पड़ सकता है। गैस संकट का असर केवल घरों और होटलों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि छोटे ढाबों, ठेलों और फुटपाथ पर काम करने वालों की रोजी-रोटी पर भी पड़ रहा है। इसी कारण कई लोग मजबूरी में पुराने पारंपरिक साधनों की ओर लौट रहे हैं।

एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष दीपक सिंह गहलोत ने बताया कि प्रदेश में गैस की बुकिंग सामान्य से करीब 30% अधिक हो रही है, जबकि सप्लाई भी रूटीन से लगभग 15% ज्यादा की जा रही है। कई घरों में पहले से सिलेंडर होने के बावजूद उपभोक्ता घबराहट में नई बुकिंग करवा रहे हैं, जिससे अस्थायी दबाव की स्थिति बन गई है। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि प्रदेश में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है। इस बीच अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में एलपीजी की कोई वास्तविक कमी नहीं है।



तालकटोरा के पास गैस सिलेंडर लेने के लिए लगी लोगों की कतार। -फोटो: पंकज शर्मा

### अवैध रिफिलिंग पर कार्रवाई, 130 सिलेंडर जब्त

जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग, भंडारण और कालाबाजारी रोकने लिए लिए जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देशन में त्रिस्तरीय जांच दल गठित किया गया है। जांच दल ने शनिवार को छापेमारी 130 गैस सिलेंडर जब्त किए। जिला रसद अधिकारी जयपुर द्वितीय संघमित्रा बेरडिया ने बताया कि जांच दलों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ नजदीकी थानों में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### ज्ञानी देवी ने बनाया देसी चूल्हा

एलपीजी गैस की किल्लत का असर अब छोटे कारोबारियों और फुटपाथ पर काम करने वालों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। गैस सिलेंडर की अनिश्चित सप्लाई के चलते कई महिलाएं फिर से पारंपरिक साधनों की ओर लौटने लगी हैं। जयपुर में रिद्धि-सिद्धि पेट्रोल पंप के सामने फुटपाथ पर ठेला लगाकर बच्चों को रोटी-पराठा खिलाने वाली ज्ञानी देवी ने भी गैस की समस्या के कारण देसी तरीका अपनाया है। उन्होंने खुद ही मिट्टी और ईंटों से पारंपरिक देसी चूल्हा तैयार किया है, जिस पर अब वह लकड़ी की मदद से खाना बनाएंगी। ज्ञानी देवी का कहना है कि गैस सिलेंडर की उपलब्धता अनिश्चित होने और कीमत बढ़ने से काम प्रभावित हो रहा था। ऐसे में रोज कमाने-खाने वाले लोगों के लिए देसी चूल्हा ही सहारा बन गया है। अब वह इसी चूल्हे पर बच्चों के लिए रोटी और पराठे बनाकर खिलाएंगी।



फोटो: राजेश कुमावत

### खोले के हनुमान जी मंदिर में भट्टियों का लिया सहारा

श्री खोले के हनुमान मंदिर में भी कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति नहीं होने से खाना भट्टियों पर बनाया जा रहा है। श्री नरवर सेवा समिति के महामंत्री बी.एम. शर्मा ने बताया कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति बंद होने से मंदिर की रसोई व्यवस्था प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि मंदिर में प्रतिदिन लगभग पांच कमर्शियल सिलेंडर उपयोग होते थे, जिनसे प्रसाद और भोजन तैयार किया जाता था। यहां तैयार भोजन के करीब 1200 पैकेट रोजाना जनाना, सांगानेरी गेट और जे.के. लॉन अस्पताल भेजे जाते हैं। मंदिर के करीब 150 कर्मचारियों और गुरुकुल के 50 बच्चों के लिए भी भोजन बनता है। गैस उपलब्ध नहीं होने के कारण फिलहाल भोजन लकड़ी की भट्टियों पर तैयार किया जा रहा है। तीर्थ नगरी पुष्कर में एलपीजी की किल्लत के कारण पर्यटन और होटल कारोबार पर असर पड़ने लगा है। गायत्री पुरश्चरण यज्ञ के चलते हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचे हुए हैं, लेकिन गैस की कमी से होटल, रेस्टोरेंट और भोजनालय संचालकों को पर्यटकों के लिए भोजन व्यवस्था करना मुश्किल हो रहा है।



### सरकार का फैसला

### स्कूल-अस्पताल को प्राथमिकता देने के आदेश

**प्रदेश** में कमर्शियल एलपीजी की सीमित उपलब्धता को देखते हुए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने इसके न्यायसंगत वितरण के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने सभी जिला कलेक्टरों को आदेश जारी कर प्राथमिकता के आधार पर गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग के सचिव अंबरीश कुमार द्वारा जारी आदेश के अनुसार अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक की औसत मासिक खपत के आधार पर राज्यों को लगभग 20% कम कमर्शियल एलपीजी आवंटित किया जा रहा है। ऐसे में उपलब्ध गैस का संतुलित और आवश्यक क्षेत्रों में उपयोग सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था लागू की गई है। निर्देशों के तहत प्रत्येक जिले में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी, जिसमें जिला आपूर्ति अधिकारी, तेल विपणन कंपनियों तथा नगर गैस वितरण कंपनी के अधिकारी शामिल होंगे।

---

वरिष्ठ अधिकारियों ने किया निरीक्षण

## द्रव्यवती को प्रदूषण से बचाने की कवायद तेज



द्रव्यवती नदी का निरीक्षण करते नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव देबाशीष पृष्टि, जेडीसी सिद्धार्थ महाजन व अन्य अधिकारी।

बेधड़क | जयपुर

नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव देबाशीष पृष्टि ने शनिवार को जयपुर में द्रव्यवती नदी में गिर रहे अशोधित सीवर को रोकने के लिए चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए सभी कार्य जून माह तक हर हाल में पूरे किए जाएं।

निरीक्षण के दौरान जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त सिद्धार्थ महाजन, निदेशक (अभियांत्रिकी) देवेंद्र गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि दहलावास एसटीपी को जाने वाली सीवर लाइन में क्षमता से अधिक सीवर आने के कारण अतिरिक्त सीवर को डायवर्ट कर द्रव्यवती नदी में प्रवाहित किया जा रहा था, जिससे प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हो रही थी।

इस समस्या के समाधान के लिए जेडीए द्वारा नई सीवर पाइपलाइन डालने का कार्य शुरू किया गया है। इस पाइपलाइन के माध्यम से अतिरिक्त सीवर को पहले से स्थापित 100 एमएलडी क्षमता वाले एसटीपी से जोड़ा जाएगा, जिससे सीवर का समुचित शोधन संभव हो सकेगा। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा द्रव्यवती नदी के जल को स्वच्छ बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण को मजबूत करने की है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए परियोजना को समय पर पूरा करना होगा।

किसानों को मिलेगी 47% विकसित भूमि

## टोंक रोड पर 163 हेक्टेयर में नई लैंड पूलिंग योजना

बेधड़क | जयपुर



जेडीए की प्रोजेक्ट वर्किंग कमेटी की बैठक में टोंक रोड क्षेत्र में नई लैंड पूलिंग योजना को मंजूरी दी गई। जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में हुई बैठक में शिवदासपुरा, बरखेड़ा और चंदलाई गांवों की करीब 163 हेक्टेयर भूमि पर प्रस्तावित योजना को स्वीकृत कर राज्य सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में किसानों की मांग को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। इसके तहत काश्तकारों को मिलने वाली विकसित भूमि का हिस्सा 45% से बढ़ाकर 47% करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। अधिकारियों के अनुसार यह निर्णय किसानों के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी होगा। योजना के तहत क्षेत्र में पार्क, सीवरेज, ड्रेनेज, जलापूर्ति, विद्युत व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, स्कूल, कम्युनिटी सेंटर और हेल्थ सेंटर जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट में प्रदेश में 20 नई लैंड पूलिंग योजनाएं शुरू करने की घोषणा भी की है। बैठक में ग्राम भोजपुर (तहसील दूदू) में 28.09 हेक्टेयर क्षेत्र में 644 आवासीय भूखंडों की नई योजना को भी मंजूरी दी गई, जिसमें 318 ईडब्ल्यूएस और एलआईजी श्रेणी के भूखंडों का प्रावधान किया गया है।

---

IOCL पाइपलाइन में सेंध का मामला

## पेट्रोलियम पदार्थ चुराने वाले गिरोह का खुलासा, 4 अरेस्ट



बेधड़क | जयपुर

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL) की पाइपलाइन से पेट्रोलियम पदार्थ चुराने वाले संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में मुख्य आरोपी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में जितेंद्र सिंह उर्फ जीतू महाराज (31), देवेंद्र सिंह, प्रताप शेर सिंह उर्फ शेरू (36) और प्रेम सिंह (48) शामिल हैं। सभी आरोपी सेंदड़ा, ब्यावर के निवासी हैं। घटना अगस्त 2023 में सेंदड़ा थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव में हुई थी। 5 अगस्त 2023 को IOCL के प्रबंधक शेर सिंह चौहान ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात लोगों ने पाइपलाइन में वाल्व लगाकर उसे पंक्चर किया और पेट्रोलियम पदार्थ चुराने की कोशिश की, जिससे दुर्घटना का खतरा पैदा हो गया था।

चुनावी रंजिश या साजिश!

# फिल्मी अंदाज में प्रॉपर्टी डीलर पर फायरिंग से हड़कंप

बेधड़क | जयपुर

बिंदायका थाना इलाके में शनिवार को प्रॉपर्टी कारोबारी कमलदीप मीणा पर फायरिंग की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी। घटना के बाद बिंदायका, करधनी सहित आसपास के थानों की पुलिस और कमिश्नरेट की विशेष टीमें आरोपियों की धरपकड़ के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

एफआईआर के अनुसार पीड़ित कमलदीप मीणा ने बताया कि शनिवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे वह अपने परिचित जितेंद्र मीणा और ड्राइवर अनिल सिंह के साथ मंदिर जाने के लिए निकले थे। रास्ते में हाथोज फाटक के पास अचानक एक थार ने उनकी फॉर्च्यूनर को टक्कर मार दी। इसके तुरंत बाद एक स्कॉर्पियो और स्विफ्ट कार वहां आकर रुक गई। इन वाहनों में 8 से 10 लोग सवार थे, जिनके पास हथियार बताए जा रहे हैं। आरोप है कि इन लोगों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पीड़ित ने रिपोर्ट में गजाधरपुरा निवासी राहुल मीणा, यासिन खान और उनके साथियों पर हमले का आरोप लगाया है। कमलदीप के अनुसार थार में बैठे एक युवक ने उनकी ओर गोली चलाई, जो फॉर्च्यूनर के बोनट से टकराकर आगे के शीशे में जा लगी। वाहन के बोनट पर खरोंच के निशान भी मिले हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गोली चलने की पुष्टि के लिए जांच की जा रही है और मौके पर एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है।



### दूसरे पक्ष ने वीडियो जारी कर किया पलटवार

घटना के बाद मामला और तूल पकड़ गया, जब आरोपित बताए जा रहे राहुल मीणा ने देर शाम सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर पलटवार किया। वीडियो में राहुल ने दावा किया कि वह यूथ कांग्रेस में जिलाध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहा है और उसे चुनाव मैदान से हटाने के लिए कमलदीप मीणा लगातार दबाव बना रहा था। राहुल का आरोप है कि शनिवार को हमला उसी की ओर से कराया गया। जानकारी के अनुसार कमलदीप मीणा के रिश्तेदार दिनेश उर्फ कान्हा मीणा भी यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल बताए जा रहे हैं। राहुल और दिनेश दोनों कालवाड़ क्षेत्र के निवासी हैं। चर्चा है कि इसी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता को लेकर हाल ही में दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया था। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले कमलदीप ने राहुल को बुलाकर चुनाव नहीं लड़ने की सलाह भी दी थी।

### एक-दूसरे के पीछे दौड़ी गाड़ियां

जांच के दौरान मिले फुटेज में दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे के पीछे वाहन दौड़ाते नजर आ रहे हैं। एक फुटेज में कमलदीप मीणा की फॉर्च्यूनर एक युवक का पीछा करती दिखाई देती है, जबकि वह पैदल भागकर बचने की कोशिश करता है। इसी दौरान स्कॉर्पियो और स्विफ्ट कार में सवार लोग फॉर्च्यूनर के पीछे आते नजर आते हैं और टक्कर मारने की कोशिश करते दिखाई देते हैं। पुलिस को वारदात स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में दोनों पक्षों की गतिविधियां दिखाई दी हैं।

## जरूरी खबर

### SP ऑफिस के सामने आग लगाने वाले युवक की मौत



**बीकानेर।** शहर में एसपी कार्यालय के सामने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने वाले पूर्व वार्ड-पंच रामलाल (35) की शनिवार सुबह मौत हो गई। वह खाजूवाला क्षेत्र के 4 बीजीएम भागू गांव के निवासी थे और करीब 80 प्रतिशत झुलस गए थे। गंभीर हालत में उन्हें बीकानेर से जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना 13 मार्च को हुई थी, जब रामलाल एसपी ऑफिस आए और अचानक बाहर निकलकर खुद को आग लगा ली। पुलिस के अनुसार, उन्होंने एक युवती पर परेशान करने का आरोप लगाया था, हालांकि बाद में शिकायत वापस ले ली थी।

### पदयात्रा में बच्चा चोरी के शक में महिला की पिटाई

**भरतपुर।** कैला देवी के लक्खी मेले के लिए जा रही पदयात्रा में बच्चा चोरी के शक में एक महिला यात्री की पिटाई कर दी गई। घटना रूपवास के खनवां गांव के पास की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार पदयात्रा के दौरान एक परिवार का दो साल का बच्चा बिछड़ गया था। तलाश के दौरान बच्चा एक महिला की गोद में दिखाई दिया, जिस पर परिजनों ने बच्चे को चुराने का आरोप लगाते हुए उसकी पिटाई कर दी। महिलाओं की भीड़ ने बाल पकड़कर उसे पीटा। बाद में साथ चल रहे अन्य पदयात्रियों ने महिला को बचाया। महिला ने माफी मांगने पर मामला शांत हुआ। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई।

### एमबीबीएस छात्र ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान



**जैसलमेर।** जैसलमेर के एमबीबीएस कर रहे छात्र ने गुजरात के राजकोट में ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक रतन कुमार मेघवाल (23) फलसूंड का निवासी था और एमबीबीएस अंतिम वर्ष का छात्र था। शनिवार तड़के करीब 4 बजे वह हॉस्टल से निकला और 4:45 बजे परापीपलिया रेलवे फाटक के पास ट्रेन के आगे कूद गया। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने मानसिक तनाव का जिक्र किया है। डेढ़ महीने पहले भी उसने इसी स्थान पर आत्महत्या का प्रयास किया था, लेकिन ग्रामीणों ने बचा लिया था। फिलहाल शव राजकोट सिविल हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखा है।

### प्रदेश में बदलेगा मौसम का मिजाज, उत्तर और पूर्वी राजस्थान के जिलों में असर

# नए पश्चिमी विक्षोभ से कई जिलों में आंधी-बारिश के आसार

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। एक नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार को राज्य के कई जिलों में मेघगर्जन, तेज हवाओं और हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार यह बदलाव विशेष रूप से उत्तर और पूर्वी राजस्थान के जिलों में देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 14 मार्च को गंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू जिलों के साथ शेखावाटी क्षेत्र में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इसके अलावा



फाइल फोटो

अजमेर और जयपुर संभाग के कुछ इलाकों में भी मौसम अचानक बदल सकता है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है, जिससे कुछ क्षेत्रों में धूलभरी हवा का असर भी देखने को मिल सकता है। विभाग का कहना है कि मौसम में यह बदलाव केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा। 15 मार्च को भी राज्य के कई हिस्सों में मौसम का असर जारी रहने की संभावना है। जयपुर और भरतपुर संभाग के जिलों के उत्तरी भागों के साथ शेखावाटी क्षेत्र तथा गंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में कहीं-कहीं हल्की आंधी और बूंदाबांदी हो सकती है। इस दौरान कुछ स्थानों पर अचानक तेज हवाएं भी चल सकती हैं, जिनकी गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले दिनों में एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। यह सिस्टम 18 से 20 मार्च के बीच प्रभावी हो सकता है, जिसके कारण राज्य के कई इलाकों में फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। इस दौरान कहीं-कहीं तेज आंधी के साथ बारिश होने की भी प्रबल संभावना जताई जा रही है।

#### गर्मी से मिलेगी राहत

मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के कारण राज्य में तापमान में भी ज्यादा बढ़ोतरी नहीं होगी। आगामी एक सप्ताह तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने का अनुमान है। इससे लोगों को फिलहाल तेज गर्मी और हीटवेव जैसी परिस्थितियों से राहत मिलने की उम्मीद है।

#### बाड़मेर में अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री

उधर, पिछले 24 घंटों के दौरान राजस्थान में मौसम पूरी तरह शुष्क रहा। इस दौरान राज्य का अधिकतम तापमान बाड़मेर में 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान अलवर और सीकर में 14.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने किसानों और आम लोगों को सलाह दी है कि मौसम में संभावित बदलाव और तेज हवाओं को देखते हुए आवश्यक सावधानी बरतें। विशेष रूप से खुले स्थानों पर काम करने वाले लोग और खेतों में खड़ी फसलों को लेकर सतर्क रहने की जरूरत बताई गई है।

### जयपुर रेंज का 'ऑपरेशन एंटी-वेनम' शुरू

# गांव-ढाणियों तक फैले नशे के कारोबार पर पुलिस का शिकंजा

■ तस्करों की अवैध संपत्ति जब्त करने की तैयारी, लापरवाही बरतने पर संबंधित थाना प्रभारी पर होगी कार्रवाई

**बेधड़क** | जयपुर

शहरों से निकलकर अब नशे का कारोबार गांवों और दूर-दराज की ढाणियों तक पहुंच गया है। इसे रोकने के लिए जयपुर रेंज पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान 'ऑपरेशन एंटी-वेनम' शुरू किया है।

अभियान के तहत तस्करों की अवैध संपत्ति जब्त करने की तैयारी की गई है, वहीं कार्रवाई में लापरवाही बरतने वाले संबंधित थाना प्रभारियों पर भी सख्त कार्रवाई होगी।

आईजी राहुल प्रकाश के निर्देश पर रेंज के सभी जिलों में 15 मार्च से 31 मार्च तक 'ऑपरेशन एंटी-वेनम' चलाया जाएगा। अभियान के दौरान नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई के साथ उनकी अवैध संपत्तियों को भी जब्त किया जाएगा। 'ऑपरेशन एंटी-वेनम' की मॉनिटरिंग जयपुर रेंज आईजी कार्यालय से की जाएगी। इसके लिए आईजी ऑफिस में विशेष डेस्क बनाई गई है, जो रोजाना जिलों में हो रही कार्रवाई की समीक्षा करेगी। जिला स्तर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही आईजी कार्यालय की टीम समय-समय पर रेंज के संबंधित थानों में डिकॉय कार्रवाई भी करेगी, ताकि मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जा सके।




#### तस्करों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई

आईजी राहुल प्रकाश ने निर्देश दिए हैं कि नशे के कारोबार से अर्जित संपत्ति को एनडीपीएस एक्ट की धारा 68-एफ और बीएनएसएस की धारा 107 के तहत जब्त किया जाए। इसके अलावा तस्करी में शामिल सिंडिकेट के सदस्यों पर बीएनएस की धारा 111 के तहत केस दर्ज किए जाएंगे। बार-बार अपराध करने वालों पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 31 के तहत सख्त कार्रवाई होगी। सप्लायर और डिस्ट्रीब्यूटर की पहचान कर उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

#### चार फेज में चलेगा ऑपरेशन

प्रथम फेज में ए-कैटेगरी के हॉट स्पॉट को शामिल किया गया है, जहां पर बड़े स्तर पर रेड करेंगे। इसके सेकंड फेज में बी-कैटेगरी मीडियम स्तर के क्षेत्र चिह्नित किए गए हैं। इसी तरह सी और डी कैटेगरी के भी हॉट स्पॉट चिह्नित किए हैं।

#### रेंज के हॉटस्पॉट चिह्नित

पुलिस ने पिछले मामलों के आधार पर रेंज के कई थानों को नशा तस्करी के हॉटस्पॉट के रूप में चिह्नित किया है। जिसमें जयपुर ग्रामीण के चंदवाजी, शाहपुरा, सामोद, दौसा के कोतवाली, महवा, लालसोट, सीकर के थोई, कोतवाली सीकर, उद्योग नगर, अलवर का भिवाड़ी थाना क्षेत्र, कोटपूतली-बहरोड़ का कोटपूतली थाना क्षेत्र शामिल है।

#### नशा पीड़ितों को मिलेगी मदद, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

अभियान के दौरान ऐसे लोगों को, जो केवल नशे के आदी हैं और तस्करी में शामिल नहीं हैं, उन्हें नशामुक्ति केंद्रों में उपचार के लिए सहायता दी जाएगी। हालांकि पुलिस अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी गई है कि यदि अभियान के बाद किसी थाना क्षेत्र में बाहरी एजेंसी द्वारा मादक पदार्थ तस्करी पकड़ी जाती है, तो संबंधित थानाधिकारी और पर्यवेक्षणीय अधिकारियों के खिलाफ गंभीर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।



"नशे के कारोबार को रोकने के लिए रेंज में 'ऑपरेशन एंटी-वेनम' चलाया जा रहा है। अभियान की मॉनिटरिंग आईजी कार्यालय से होगी और टीम समय-समय पर डिकॉय कार्रवाई भी करेगी। नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ उनकी अवैध संपत्ति जब्त की जाएगी। लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारियों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

**राहुल प्रकाश,** आईजी, जयपुर रेंज

### एनएच-48 पर हादसे के बाद लगा जाम

# हाईवे पर पलटी गैस सिलेंडरों से भरी गाड़ी



*हाईवे पर हादसे के बाद बिखरी गैस की टंकियां।*

**बेधड़क** | अजमेर

किशनगढ़ के चिड़िया बावड़ी क्षेत्र में शनिवार को हाईवे पर एक गैस सिलेंडरों से भरा ट्रक पलट गया, जिससे सड़क पर करीब 145 सिलेंडर बिखर गए। शहर के करीब पुराना टोल के पास ट्रक का टायर अचानक फट गया और चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, इससे हादसा हो गया।

जानकारी के अनुसार, ट्रक बरना गांव से किशनगढ़ की गैस एजेंसी की ओर जा रहा था। टायर फटते ही वाहन सड़क किनारे पलट गया और उसमें भरे सिलेंडर सड़क पर फैल गए। हादसे के बाद लोगों में घबराहट फैल गई, क्योंकि किसी भी समय विस्फोट जैसी स्थिति बन सकती थी। हालांकि, किसी भी प्रकार की आग या गैस रिसाव की घटना नहीं हुई, जिससे बड़ी राहत मिली। स्थानीय लोगों और मदनगंज थाना पुलिस ने तत्काल स्थिति को नियंत्रण में लिया। ASI खेमाराम ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सड़क पर बिखरे सिलेंडरों को हटाकर यातायात सुचारू करवाया।

दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही। लेकिन पुलिस और स्थानीय लोगों की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया और यातायात सामान्य हुआ। पुलिस ने ट्रक चालक को सुरक्षित बताया और आगे से वाहन की नियमित जांच और टायर की स्थिति पर विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

### करौली पुलिस ने साधु बनकर किया पीछा

# 20 साल से फरार 25 हजार का ईनामी हत्यारा वृंदावन से गिरफ्तार

**बेधड़क** | करौली

ऑपरेशन शिकंजा अभियान के तहत करौली पुलिस ने 20 वर्षों से फरार 25 हजार के ईनामी स्थायी वारंटी को वृंदावन से गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी वरूण सिंह (41) पुत्र खुशीराम जाट निवासी बनकी, थाना सदर हिण्डौन है। वह वर्ष 2005 में शराब कारोबारी नबाब सिंह उर्फ नब्बा सिंह की हत्या के मामले में दोषी पाया गया था। उसके खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट




जारी कर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई अभियानों के तहत कई राज्यों में तलाश की, लेकिन वह लगातार भेष बदलकर बचता रहा। हाल ही में मिली सूचना पर हेड कांस्टेबल जोगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम वृंदावन पहुंची। जोगेन्द्र सिंह ने साधु का भेष धारण कर कई दिनों तक चाय की थड़ियों और ढाबों पर गुप्त निगरानी की।

इसी दौरान एक डेयरी के पास संदिग्ध युवक दिखने पर पुलिस को शक हुआ और वह भागने लगा। हेड कांस्टेबल ने करीब 2-3 किलोमीटर पीछा कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना असली नाम वरूण सिंह बताया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउंडेशन के 42वें सम्मान समारोह की पूर्व संध्या

# भीम सिंह व कर्नल जेम्स टॉड की प्रतिमाओं का अनावरण

**बेधड़क** | उदयपुर

महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउंडेशन के 42वें वार्षिक सम्मान समर्पण समारोह की पूर्व संध्या पर शनिवार को एक गरिमामय कार्यक्रम में मेवाड़ के 67वें श्री एकलिंग दीवान महाराणा भीम सिंह और पश्चिमी राजपूत राज्यों के राजनीतिक प्रतिनिधि कर्नल जेम्स टॉड की प्रतिमाओं का अनावरण किया गया।

प्रतिमाओं का अनावरण फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, वर्ष 2020 में कर्नल जेम्स टॉड अलंकरण से सम्मानित यूके के इतिहासकार डॉ. नॉर्बर्ट पीबॉडी



तथा वर्ष 2026 में यह अलंकरण प्राप्त करने वाली डॉ. मॉली एम्मा एटकिन ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने मेवाड़ के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए दोनों ऐतिहासिक व्यक्तित्वों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि मेवाड़ की विरासत केवल क्षेत्र की पहचान ही नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

उल्लेखनीय है कि महाराणा भीम सिंह के शासनकाल में वर्ष 1818 में कर्नल जेम्स टॉड ईस्ट इंडिया कंपनी के एजेंट के रूप में मेवाड़ आए थे। उन्होंने शासन प्रबंधन में सहयोग देने के साथ ही क्षेत्र के इतिहास और संस्कृति के संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाई थी।

समारोह में देश-विदेश से आए गणमान्य अतिथियों, सम्मानित विभूतियों और विशिष्ट आमंत्रितजनों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक गरिमामय बना दिया।

### उदयपुर के बाघपुरा थाना क्षेत्र की घटना

# डबल मर्डर से गांव में तनाव, 6 थानों की पुलिस तैनात

**बेधड़क** | उदयपुर

जिले के बाघपुरा थाना क्षेत्र के सैलाना गांव में शुक्रवार रात रंजिश के चलते दो युवकों की हत्या और बीच बचाव करने आए युवक को घायल करने की घटना के दूसरे दिन शनिवार को हालात तनाव पूर्ण रहे। मृतकों के परिजन और रिछावर व रौप गांव के सैकड़ों महिला-पुरुष हथियारों के साथ सैलाना पहुंचे, जिससे गांव में दिनभर आक्रोश और तनाव का माहौल बना रहा। ग्रामीणों ने हत्या के आरोपियों को जल्द गिरफ्तारी, निष्पक्ष कार्रवाई, मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख रुपए मुआवजे और संविदा पर नौकरी देने की भी मांग की।

#### आला अधिकारी मौके पर पहुंचे

घटना की सूचना मिलते ही बाघपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी अंजना सुखवाल, झाड़ोल डीएसपी विवेक सिंह राव सहित आसपास के 6 थानों सहित उदयपुर से अतिरिक्त पुलिस जाप्ता मौके पर तैनात किया गया। पुलिस ने दोनों शवों को झाड़ोल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है और पूरे क्षेत्र में कड़ी निगरानी रखी जा रही है। देर शाम तक समझौता वार्ता जारी रही।

#### यह रहा घटनाक्रम

पुलिस के अनुसार घटना शुक्रवार रात की है। रिछावर निवासी सुरेश (25) पुत्र अमृत अहारी और भैरूलाल (27) पुत्र प्रभुलाल बड़गोजा बाइक पर सैलाना की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे करीब आधा दर्जन बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। बदमाशों के हाथों में तलवार और अन्य धारदार हथियार थे। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से आपसी रंजिश चली आ रही थी।



#### युवकों पर किया ताबड़तोड़ हमला

इसी रंजिश के चलते एक पक्ष के युवक तलवार और बोतले लेकर पहुंचे और दोनों युवकों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़े और कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। घटना के दौरान पास ही किराना दुकान चला रहे सुमित (30) पुत्र रूपजी ने शोर सुनकर बीच-बचाव करने की कोशिश की। लेकिन हमलावरों ने उस पर भी तलवार से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

#### चीख-पुकार सुन दौड़े ग्रामीण

हंगामा और चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण अपने घरों से निकलकर घटनास्थल की ओर दौड़े। लोगों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों की मदद से गंभीर रूप से घायल युवक को एंबुलेंस से झाड़ोल उप जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक होने पर उसे उदयपुर के एमबी चिकित्सालय रेफर किया गया।

#### आरोपियों की तलाश में पुलिस

पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है और मामले की जांच की जा रही है।

# साइबर पुलिस ने ठगे गए ₹25 लाख कराए रिफंड

**बेधड़क** | कोटा

कोटा शहर की साइबर क्राइम पुलिस ने डिजिटल ठगी के एक बड़े मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए रिटायर्ड बैंक कर्मचारी से ठगे गए लगभग 25 लाख रुपए वापस दिलाकर बड़ी सफलता हासिल की है। एसपी तेजस्वनी गौतम ने बताया कि कुन्हाड़ी निवासी 65 वर्षीय प्रभुलाल तलवादिया बैंक ऑफ बड़ौदा के सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं, उससे ठगों ने रिटायर्ड एम्प्लॉइज कार्ड बनवाने का झांसा देकर करीब 25 लाख रुपए की डिजिटल ठगी का शिकार बना लिया था। साइबर थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी व पुलिस उप अधीक्षक




गंगा सहाय के निर्देशन में टीम गठित की गई। टीम ने तकनीक के जरिए विभिन्न बैंक खातों में होल्ड कराए गए 15,14,530 रुपए कोर्ट आदेश से वापस दिलाए।

शेष राशि आगरा ट्रांसफर होने का पता चलने पर पुलिस ने वहां पहुंचकर आरोपी लक्ष्मण को ट्रैक किया और 9,69,021 रुपए भी बरामद कर लिए। कुल 24,83,551 रुपए की राशि पीड़ित को रिफंड कर दी गई है।

## शास्त्रों में नव संवत्सर एवं नवरात्रि को अबूझ मुहूर्त की मान्यता

# केसरिया पताकाओं से सजेगी गुलाबी नगरी... नौ दिन रहेंगे विशेष संयोग

- खरीदारी के लिए नौ दिन रहेंगे शुभ

**बेधड़क** | जयपुर

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को हिन्दू कैलेंडर के नव संवत्सर 2083 की शुरुआत होने जा रही है। इसी दिन घट स्थापना के साथ नवरात्रि आरंभ हो जाएंगे। शास्त्रों के अनुसार नव संवत्सर एवं नवरात्रि को अबूझ मुहूर्त की मान्यता दी गई है, इसलिए नौ दिन तक खरीदारी के विशेष संयोग रहेंगे। ज्योतिषियों के अनुसार नवरात्रि के विशेष संयोग में वस्त्र, स्वर्ण आभूषण, प्रॉपर्टी, इलेक्ट्रॉनिक्स की खरीदारी, निवेश और नए कार्यों की शुरुआत की जा सकेगी।

नव संवत्सर पर शहरभर में केसरिया पताकाएं लगाई जाएंगी। इसके लिए शहर में केसरिया पताकाओं की खरीदारी की जा रही है। इस दिन राम मंदिरों में भगवान का पंचामृत अभिषेक करने के साथ नवीन पोशाक धारण कराकर रजवाड़ी आभूषण पहनाकर राजशाही श्रृंगार किया जाएगा।



फोटो फाइल

### 11 हजार योद्धा लगाएंगे 11 हजार केसरिया पताकाएं

हिन्दू आध्यात्मिक सेवा संस्थान की ओर से 11 जोन में 11 हजार योद्धा बनाने का लक्ष्य रखा गया था, जो करीब-करीब पूरा हो चुका है। संगठन के मीडिया प्रमुख वरुण टेकवानी के अनुसार ये 11 हजार योद्धा शहरभर में 11 हजार से ज्यादा केसरिया पताकाएं लगाएंगे। इनमें मंदिर, स्कूल, कॉलेज आदि शामिल हैं। नव संवत्सर की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए बैनर और पोस्टर भी लगाए जाएंगे। इसी के साथ नव संवत्सर की पत्र-पत्रिकाएं वितरित की जाएंगी।

### अमावस्या युक्त प्रतिपदा में कर सकते हैं घट स्थापना

हालांकि घट स्थापना के दिन सुबह अमावस्या तिथि रहेगी। इस पर बने असमंजस को दूर करते हुए ज्योतिषाचार्य पं. दामोदर शर्मा ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार यदि प्रतिपदा का समय सूर्योदय को स्पर्श नहीं करता है तो अमावस्या युक्त प्रतिपदा में ही घट स्थापना करनी चाहिए। अमावस्या तिथि 18 मार्च को सुबह 8.26 बजे आरंभ होकर 19 मार्च को सुबह 6.53 बजे तक रहेगी। इसके बाद चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि आरंभ हो जाएगी, जिसमें शुभ के चौघड़िया में अमावस्या की समाप्ति के बाद घट स्थापना करने वाले सुबह 6.54 से 8.06 बजे तक घट स्थापित करेंगे। यह समय शुभ के चौघड़िए का उत्तरार्ध रहेगा। घट स्थापना के लिए अभिजीत मुहूर्त को अत्यंत शुभ माना गया है, इसलिए नवरात्रि के दिन अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12.11 से 12.58 बजे तक घट स्थापना की जा सकेगी। नवरात्रि के नौ दिनों में अमृत सिद्धि, रवि योग, सिंजारा, गणगौर पूजन, दुर्गाष्टमी, रामनवमी आदि सभी दिन शुभ कार्यों के लिए उपयुक्त हैं।

## विश्व ब्राह्मण सभा ट्रस्ट का राष्ट्रीय अधिवेशन शुरू

# सदैव सनातन संस्कृति का साक्षी रहा है ब्राह्मण समाज: जैमन



**बेधड़क** | जयपुर

विश्व ब्राह्मण सभा ट्रस्ट का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन शनिवार को पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान के सभागार में शुरू हुआ। अधिवेशन का उद्घाटन सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एच.सी. गणेशिया, कदंब डूंगरी की व्यवस्थापक सोनिया दीदी, अवधेशाचार्य महाराज के संत प्रतिनिधि, राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित देवनारायण जैमन, राष्ट्रीय महामंत्री पंडित महेश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष पंडित बृजेश शर्मा तथा नगर अध्यक्ष पंडित रघु शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। गणेशिया ने कहा कि वर्तमान समय में सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि ब्राह्मण समाज अपनी ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों को सुरक्षित रखे तथा नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार प्रदान करे। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित लोकेश शर्मा के मंगलाचरण से हुई। ज्योतिषाचार्य पंडित उमेश उपाध्याय ने मंत्रोच्चार किया। अतिथियों का स्वागत माला और दुपट्टा पहनाकर किया गया।

जैमन ने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव सनातन संस्कृति का साक्षी रहा है और समय-समय पर समाज को दिशा देने का कार्य करता रहा है। अधिवेशन के पहले दिन युवा कॅरिअर मार्गदर्शन, बिजनेस नेटवर्किंग, उद्यमिता, भारतीय संस्कार परंपरा, कुटुंब प्रबंधन तथा संयुक्त परिवार व्यवस्था जैसे विषयों पर विशेषज्ञों और विद्वानों ने विचार-विमर्श किया। भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी नितिन जैमन ने रामायण की चौपाइयों के माध्यम से मैनेजमेंट के गुर सिखाए। ट्रस्ट के प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार शर्मा ने ब्राह्मण युवाओं को स्टार्टअप के क्षेत्र में स्वर्णिम अवसर प्राप्त कर करोड़ों रुपए का टर्नओवर करने वाले ब्राह्मण युवाओं के उदाहरण देकर स्टार्टअप लगाने की जानकारी दी। अधिवेशन में वरिष्ठ अधिवक्ता बाबूलाल शर्मा, पंडित राधेश्याम शर्मा, डॉ. राकेश चौबे सहित सैकड़ों प्रतिनिधि मौजूद रहे।


## आज का पंचांग

- शुभ वि. सं. : 2082 • हिजरी संवत: 1447 • ऋतु: बसंत ऋतु
- संवत्सर का नाम: सिद्धार्थ • मास: चैत्र • पक्ष: कृष्ण पक्ष
- शाके संवत: 1947 • अयन: सूर्य उत्तरायण

### आज का दिन

रविवार, 15 मार्च, 2026

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज चर-लाभ-अमृत का चौघड़िया सुबह 08.01 से दोपहर 12.30 बजे तक है। इसके बाद शुभ का दोपहर 02.00 से 03.29 बजे तक रहेगा। इनमें शुभ कार्य कर सकते हैं।

**अभिजीत:** आज 12.06 से 12.54 बजे तक है।

**तिथि:** एकादशी तिथि सुबह 09.17 बजे तक रहेगी। इसके बाद में द्वादशी तिथि शुरू होगी।

**दिशाशूल:** पश्चिम दिशा में रहेगा।

**चंद्रमा:** आज चंद्रमा मकर राशि में संचार करेगा।

**राहु काल:** आज शाम 04.30 से 06.00 बजे तक रहेगा।

**नक्षत्र:** श्रवण अगले दिन सुबह 05.56 बजे तक, फिर धनिष्ठा नक्षत्र रहेगा।

**योग:** परिघ सुबह 10.25 बजे तक, इसके बाद में शिव योग रहेगा।

### शुभाशुभ ज्ञान

पापमोचनी एकादशी व्रत, संक्रांति पुण्यकाल पुर्वाह्न में, मीन मल मास प्रारंभ, विश्व उपभेक्ता दिवस।

-पं. अवधेश शर्मा

## प्रेमभाया महोत्सव: रातभर निकला भव्य नगर संकीर्तन

# अनोखी छटा, भजन गाते उल्टे पांव चले भक्त

**बेधड़क** | जयपुर

शहर में शनिवार की संपूर्ण रात्रि में प्रेमभाया महोत्सव के अंतिम दिन नगर संकीर्तन निकाला गया, जिसमें भक्तों ने श्रीकृष्ण स्वरूप प्रेमभाया के रथ की अगवानी की और युगल महाराज के लिखित ढूंढाड़ी भजनों पर ताल से ताल मिलाते नजर आए। भजनों पर झूमते-गाते भक्त पूरी रात करीब 5 किलोमीटर उल्टे पांव चलते रहे। प्रेमभाया सरकार का भव्य नगर संकीर्तन युगल कुटीर, चांदपोल से शाम सात बजे शुरू हुआ। नगर संकीर्तन में प्रेमभाया का चित्र अखंड ज्योत के साथ रथ में विराजमान था। इस अवसर पर संकीर्तन की शुरुआत भजो राधे गोविंद, भजो राधे... के साथ हुई। लोकेश सैनी ने ओ बता दे कित्त आऊं रे कन्हैया गैया वाले, चेतन गहलोत ने तरस रह्यो दरश दिखावो गोपीनाथ तथा अभिषेक साहु ने ओ रे नंद बाबा ने खीज्यो रे, बैठ कदम की डार कान्हों चीर चुरावै रे ढूंढाड़ी भजन गाए। साथ ही पुनीत खंडेलवाल, प्रभु चौधरी, बनवारी सैनी और साक्षी शर्मा सहित कई भक्तों ने भी भक्ति रचनाओं से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



### आरती उतारी और पुष्पवर्षा की

समिति अध्यक्ष दुर्गा चौधरी के अनुसार संकीर्तन जाट के कुएं का रास्ता, गोपीनाथजी मंदिर, नाहरगढ़ रोड, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़ और जौहरी बाजार सहित कई मार्गों से होकर गुजरा और रविवार को सुबह लगभग सात बजे यह नगर संकीर्तन पुनः युगल कुटीर पहुंचकर संपन्न हुआ। इसके पूर्व दिन में महिला मंडलों ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया था। लक्ष्मी गहलोत ने आवो बंसरी वाले श्याम और राखी चतुर्वेदी ने सांवरिया आओ जी सजीली चितवन में भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर किया।

# राग उससे करो जो वैराग्य का मार्ग दिखाए: श्री माताजी



**बेधड़क** | जयपुर

जनकपुरी स्थित ज्योति नगर जैन मंदिर में विराजित आर्यिका अरहन श्री माताजी ने शनिवार को आयोजित धर्मसभा में श्रद्धालुओं को वैराग्य का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि जीवन में राग अर्थात लगाव उसी से करना चाहिए, जो हमें वैराग्य और आत्म कल्याण का मार्ग दिखा सके। आर्यिका ने कहा कि सच्चा वैराग्य केवल जिनवाणी और जिनवाणी के सच्चे उपासकों के माध्यम से ही प्राप्त हो सकता है। इसलिए मनुष्य को अपने जीवन का लक्ष्य स्पष्ट करना चाहिए और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उसी के अनुरूप आचरण और गुणों को अपनाना चाहिए। जब व्यक्ति अपने लक्ष्य के अनुसार जीवन जीता है, तब उसका मार्ग सरल और सार्थक बन जाता है। धर्मसभा से पूर्व श्रद्धालुओं ने सर्व विघ्ननाशक 108 जाप्य का सामूहिक पाठ किया। कार्यक्रम का समापन प्रतिक्रमण और जिनवाणी वंदन के साथ हुआ।

## शहर में आज

- **जेएलएन** मार्ग स्थित इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में विश्व ब्राह्मण सभा ट्रस्ट का राष्ट्रीय अधिवेशन सुबह 9 बजे।
- **जेकेके** की अलंकार कलादीर्घा में कला प्रदर्शनी 'पैलेट रीडिफाइंड 3.0' सुबह 11 बजे से।
- **मुरलीपुरा** के विकास नगर में गौरव बाल निकेतन स्कूल के पास होली चौराहे पर सामूहिक गणगौर-ईसर पूजन सुबह 10 बजे।

### आचार्य प्रज्ञा सागर का मंगल प्रवेश आज

**जयपुर।** करीब दस वर्ष के लंबे अंतराल के बाद दिगंबर जैन आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज का रविवार को जयपुर में मंगल प्रवेश होगा। उनके आगमन को लेकर जैन समाज में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। सांगानेर क्षेत्र की चित्रकूट कॉलोनी में भक्तजन आचार्य के स्वागत की तैयारियों में जुटे हुए हैं। आचार्य प्रज्ञा सागर सुबह आशावाला स्थित समाजसेवी अनिल जैन बनेठा के संस्थान से विहार करते हुए प्रताप नगर सेक्टर-5 पहुंचेंगे।

# रामनवमी पर शोभायात्रा की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित




**बेधड़क** | जयपुर

घाट चौकड़ी में रामनवमी के अवसर पर भगवान श्रीराम की शोभायात्रा की तैयारी के लिए शनिवार को बैठक आयोजित की गई। निवर्तमान महापौर कुसुम यादव ने बताया कि शोभायात्रा 26 मार्च को अनाज मंडी सूरजपोल से रवाना होकर शाम को रामचंद्रजी के मंदिर चांदपोल बाजार पहुंचेगी। इस दौरान राजकुमार बेसनवाला, जयपुर शहर उपाध्यक्ष अजय यादव, मोहन बालाहेड़ी, राकेश यादव, प्रभात कुमार शर्मा और भगवान सहाय कोली सहित क्षेत्र के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

### मीन मलमास आज से... मांगलिक कार्यों पर विराम

**जयपुर।** मीन मलमास लगने के कारण शहर में 15 मार्च से 13 अप्रैल तक मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा।

मलमास में विवाह, सगाई, गृह प्रवेश, यज्ञ और नए व्यवसाय की शुरुआत जैसे मांगलिक कार्य नहीं किए जाएंगे। ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि 14 मार्च की अर्द्धरात्रि में सूर्य के मीन राशि में प्रवेश करते ही खरमास शुरू हो जाएगा। सूर्य 13 अप्रैल तक मीन राशि में रहेंगे और उसी दिन मेष संक्रांति के साथ इस अवधि का समापन होगा।


**राजस्थान आवासन मण्डल**
हमारा प्रयास, सबको आवास

ई-ऑक्शन के माध्यम से

व्यावसायिक / आवासीय प्रीमियम संपत्तियों को खरीदने का सुनहरा अवसर

ई-ऑक्शन: 25 से 27 मार्च, 2026

आवासीय भूखण्ड
05 जयपुर | 02 दौसा | 05 झुंझुनू | 02 चुरु
02 जोधपुर | 02 सिरोही | 04 सुनेल, कोटा | 01 सुमेरपुर, पाली

बड़े व्यावसायिक भूखण्ड
12 जयपुर | 01 फलोदी, जोधपुर | 12 कोटा

छोटे व्यावसायिक भूखण्ड
34 जयपुर

ईएमडी राशि न्यूनतम बोली मूल्य की 2% होगी एवं बोली/ ई-नीलामी आरम्भ होने से 5 दिन पूर्व जमा कराई जा सकेगी एवं 24 घंटे पूर्व तक स्वीकार की जा सकेगी।

आवेदन हेतु स्कैन करें

RERA Website: www.rera.rajasthan.gov.in

वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी एवं अन्य शर्तों के लिए QR कोड स्कैन करें
*भवन निर्माण पैरामीटर्स भवन विनियम 2025 के अनुसार रहेंगे

हेल्पलाइन नं. कार्यालय समय में: 0141-2744688, 2740009
कार्यालय समय उपरान्त: 9461054291/92/319 एवं 6376868696, 9460254319

आवासन आयुक्त

राज.संवाद/सी/25/22446

आवेदन केवल ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से


## 51 झांकियों के साथ निकलेगी शोभायात्रा

# चेटीचण्ड पखवाड़े की शुरुआत आज, उत्सव 20 को

- शहरभर में होंगे अनेक धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन

**बेधड़क** | जयपुर

सिंधी समाज के आराध्यदेव भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव चेटीचण्ड 20 मार्च को उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर में कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

चेटीचण्ड सिंधी मेला समिति महानगर जयपुर की ओर से आयोजित पखवाड़े की शुरुआत 15 मार्च को विशाल वाहन रैली से होगी। यह रैली त्रिमूर्ति सर्किल से रवाना होकर आदर्श नगर के दशहरा मैदान तक पहुंचेगी। यहां मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाजबंधु शामिल होंगे।

झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी में आयोजित पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष नरेन्द्र मूलचन्दानी और प्रवक्ता तुलसी संगतानी ने बताया कि मेले में भगवान झूलेलाल को झूले पर विराजमान कर आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। इस झांकी में फव्वारों से जल की बूंदों का सुंदर दृश्य भी दिखाई देगा। साथ ही पर्वत पर भगवान शिव की झांकी और हिलती हुई गर्दन वाले शेर की झलक बच्चों के लिए विशेष आकर्षण होगी।

कार्यक्रमों के तहत बच्चों के लिए रंग भरो प्रतियोगिता और महिलाओं के लिए सिंधी व्यंजनों की प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही महिलाएं और पुरुष पारंपरिक लोकनृत्य छेज प्रस्तुत करेंगे तथा विश्व में सुख, शांति और समृद्धि के लिए पल्लव प्रार्थना करेंगे।



फोटो: पंकज शर्मा

### डोडा चटनी, मीठे चावल और छोले का प्रसाद बंटेगा

संगतानी ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद के रूप में डोडा चटनी, मीठे चावल और छोले वितरित किए जाएंगे। पखवाड़े के अंत में 20 मार्च को झूलेलाल जन्मोत्सव पर चौगान स्टेडियम से 51 झांकियों की शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कंवर नगर पहुंचकर संपन्न होगी। इस अवसर पर उत्कृष्ट झांकियों को सम्मानित भी किया जाएगा।




शिवराज गुर्जर
वरिष्ठ पत्रकार व फिल्म राइटर


### ट्रैफिक रूल्स का पालन करें... चाहे पैदल चल रहे हों या वाहन पर

# सड़क पर सावधानी से चलें, कहीं यह आपका आखिरी सफर न बन जाए

*सड़क पर चलते समय हमेशा याद रखें कि घर पर कोई आपका इंतजार कर रहा है। आपके माता-पिता, आपके बच्चे, आपका परिवार- सभी आपकी सुरक्षित वापसी की उम्मीद में होते हैं। इसलिए कुछ मिनट की जल्दबाजी या थोड़ी सी लापरवाही के कारण अपनी और दूसरों की जिंदगी खतरे में डालना बिल्कुल भी समझदारी नहीं है। अगर हम सचमुच एक सुरक्षित समाज बनाना चाहते हैं तो सबसे पहले हमें सड़क पर जिम्मेदार नागरिक बनना होगा।*

ध्यान रखें! सड़क सिर्फ कंक्रीट और डामर की एक पट्टी नहीं होती। यह जीवन पथ है, जिस पर हर दिन लाखों लोग अपने सपनों, जिम्मेदारियों और उम्मीदों के साथ निकलते हैं। कोई घर से नौकरी पर जा रहा होता है, कोई स्कूल, कोई अस्पताल, कोई बाजार और कोई अपने परिवार के पास लौटने की जल्दी में होता है। लेकिन जरा सोचिए, यही सड़क कब किसी के लिए जिंदगी का आखिरी पड़ाव बन जाए, यह कोई नहीं जानता। और अक्सर इसकी वजह कोई बड़ी दुर्घटना नहीं, बल्कि एक छोटी सी लापरवाही होती है - ट्रैफिक नियमों की अनदेखी।

आज हमारे आसपास सड़कों पर वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हर घर में एक या दो वाहन होना अब सामान्य बात हो गई है। लेकिन वाहन बढ़ने के साथ एक चीज जो उतनी तेजी से नहीं बढ़ी, वह है ट्रैफिक नियमों के प्रति हमारी जिम्मेदारी। हम में से बहुत से लोग नियमों को बोझ समझते हैं, जबकि सच यह है कि ये नियम हमारी सुरक्षा की ढाल हैं।



जब हम सड़क पर निकलते हैं तो हम अकेले नहीं होते। हमारे साथ सैकड़ों और लोग भी उसी सड़क पर चल रहे होते हैं। कोई कार चला रहा है, कोई बाइक, कोई साइकिल और कोई पैदल चल रहा है। ऐसे में सड़क पर अनुशासन ही सबकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि अक्सर लोग इस अनुशासन को नजरअंदाज कर देते हैं। जरा शहर की किसी व्यस्त सड़क पर खड़े होकर देखिए। कोई वाहन तेज रफ्तार में रेड लाइट पार कर जाता है, कोई गलत दिशा में बाइक दौड़ा देता है, कोई मोबाइल पर बात करते हुए गाड़ी चला रहा होता है और कोई बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के बेफिक्र सड़क पर निकल पड़ता है। उस समय शायद उन्हें लगता है कि वे बहुत समझदार हैं और उन्हें कुछ नहीं होगा। लेकिन दुर्घटनाएं इसी आत्मविश्वास और लापरवाही के बीच जन्म लेती हैं। ट्रैफिक नियमों का सबसे बड़ा उद्देश्य यही है कि हर व्यक्ति सुरक्षित घर लौट सके। सड़क पर वाहन चलाते समय कुछ बुनियादी नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है। सबसे पहला नियम है गति सीमा का पालन। तेज रफ्तार सिर्फ रोमांच नहीं देती, बल्कि जोखिम भी बढ़ाती है। जितनी ज्यादा रफ्तार होगी, दुर्घटना की संभावना उतनी ही अधिक होगी और उसका परिणाम भी उतना ही गंभीर होगा। दूसरा महत्वपूर्ण नियम है सिग्नल और ट्रैफिक लाइट का सम्मान करना। रेड लाइट सिर्फ एक रंग नहीं है, यह एक चेतावनी है कि कुछ पल रुक जाइए, ताकि सबकी यात्रा सुरक्षित रह सके। लेकिन अक्सर लोग कुछ सेकंड बचाने के लिए रेड लाइट तोड़ देते हैं और कई बार यही कुछ सेकंड किसी की पूरी जिंदगी छीन लेते हैं। तीसरा जरूरी नियम है सही लेन में वाहन चलाना। सड़क पर हर वाहन के लिए एक व्यवस्था बनाई गई होती है। लेकिन जब कोई वाहन अचानक लेन बदलता है या गलत दिशा में आ जाता है तो दुर्घटना की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

अब बात करते हैं सीट बेल्ट और हेलमेट की। यह सिर्फ कानून का हिस्सा नहीं है, बल्कि जीवन रक्षक उपकरण हैं। कार में बैठते समय सीट बेल्ट लगाना कई लोगों को झंझट लगता है। उन्हें लगता है कि थोड़ी दूरी ही तो तय करनी है, क्या जरूरत है सीट बेल्ट लगाने की। लेकिन दुर्घटना यह देखकर नहीं होती कि आप कितनी दूर जा रहे हैं। सीट बेल्ट एक ऐसी सुरक्षा व्यवस्था है, जो दुर्घटना के समय शरीर को आगे की तरफ झटके से जाने से रोकती है। कई शोधों में यह साबित हो चुका है कि सीट बेल्ट लगाने से गंभीर चोट और मौत की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है। इसी तरह दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट जीवन का कवच है। बाइक या स्कूटर चलाते समय सिर सबसे ज्यादा जोखिम में रहता है। दुर्घटना होने पर सिर पर चोट लगना अक्सर जानलेवा साबित होता है। हेलमेट इस जोखिम को काफी हद तक कम कर देता है। लेकिन फिर भी कई लोग हेलमेट पहनने से बचते हैं। कोई कहता है कि सिर दर्द होता है, कोई कहता है कि पास ही तो जाना है। लेकिन दुर्घटना कभी बताकर नहीं आती। एक और महत्वपूर्ण पहलू है मोबाइल फोन का इस्तेमाल।

आज मोबाइल हमारी जिंदगी का हिस्सा बन चुका है, लेकिन वाहन चलाते समय इसका इस्तेमाल बहुत खतरनाक हो सकता है। एक सेकंड के लिए भी ध्यान सड़क से हटता है तो दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसलिए वाहन चलाते समय मोबाइल से दूरी रखना ही समझदारी है। सड़क पर सिर्फ वाहन चालकों की ही जिम्मेदारी नहीं होती, पैदल चलने वालों के भी कुछ नियम होते हैं। पैदल चलने वालों को हमेशा फुटपाथ का इस्तेमाल करना चाहिए। जहां फुटपाथ न हो, वहां सड़क के किनारे सावधानी से चलना चाहिए। सड़क पार करते समय जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करना चाहिए और ट्रैफिक सिग्नल का ध्यान रखना चाहिए। दुर्भाग्य से कई बार पैदल चलने वाले भी जल्दबाजी में कहीं से भी सड़क पार करने लगते हैं। इससे न केवल उनकी जान खतरे में पड़ती है, बल्कि वाहन चालकों के लिए भी अचानक खतरा पैदा हो जाता है। ट्रैफिक नियमों की अनदेखी का सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि दुर्घटना सिर्फ एक व्यक्ति को प्रभावित नहीं करती। इसके पीछे एक पूरा परिवार होता है। एक कमाने वाला व्यक्ति अगर दुर्घटना का शिकार हो जाए तो उसके परिवार की जिंदगी भी बदल जाती है। माता-पिता का सहारा छिन जाता है, बच्चों का भविष्य अंधेरे में चला जाता है और एक घर की खुशियां हमेशा के लिए खत्म हो जाती हैं। कई बार अखबारों में ऐसी खबरें पढ़ने को मिलती हैं कि कोई युवक तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए दुर्घटना का शिकार हो गया, कोई परिवार कार दुर्घटना में खत्म हो गया, या कोई पैदल चलने वाला वाहन की चपेट में आ गया। इन खबरों को पढ़कर हम कुछ पल के लिए दुखी जरूर होते हैं, लेकिन फिर भूल जाते हैं। जबकि यह घटनाएं हमें एक संदेश देती हैं कि सड़क पर लापरवाही की कोई जगह नहीं है।

ट्रैफिक नियमों का पालन करना सिर्फ कानून का डर नहीं होना चाहिए, बल्कि यह हमारी आदत बननी चाहिए। जब हम खुद नियमों का पालन करेंगे तो दूसरों को भी प्रेरणा मिलेगी। बच्चों को भी बचपन से ही सड़क सुरक्षा के बारे में सिखाना चाहिए, ताकि वे बड़े होकर जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

दरअसल सड़क पर सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है। इसमें सरकार, प्रशासन, वाहन चालक और पैदल यात्री- सभी की भूमिका होती है। अगर हम सभी थोड़ी सी सावधानी बरतें तो हजारों जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। सड़क पर चलते समय हमेशा याद रखें कि घर पर कोई आपका इंतजार कर रहा है। आपके माता-पिता, आपके बच्चे, आपका परिवार- सभी आपकी सुरक्षित वापसी की उम्मीद में होते हैं। इसलिए कुछ मिनट की जल्दबाजी या थोड़ी सी लापरवाही के कारण अपनी और दूसरों की जिंदगी खतरे में डालना बिल्कुल भी समझदारी नहीं है। अगर हम सचमुच एक सुरक्षित समाज बनाना चाहते हैं तो सबसे पहले हमें सड़क पर जिम्मेदार नागरिक बनना होगा। ट्रैफिक नियमों का पालन करें, सीट बेल्ट और हेलमेट का इस्तेमाल करें, सिग्नल का सम्मान करें और सड़क पर अनुशासन बनाए रखें। याद रखिए, सड़क पर सुरक्षित चलना सिर्फ एक नियम नहीं, बल्कि जीवन के प्रति सम्मान है। जब हर व्यक्ति यह समझ जाएगा, तब शायद सड़कें सिर्फ रास्ते नहीं रहेंगी, बल्कि सुरक्षित सफर की गारंटी बन जाएंगी।

## कविता




गोपाल कृष्ण व्यास
पूर्व अध्यक्ष, राज्य मानवाधिकार आयोग


### नयनों के आंसू

*सुख-दुख आते-जाते हैं,*
*आंसू बनकर ढह जाते हैं।*
*ढलते-ढलते दो नयनों को*
*सहन करना सिखलाते हैं।*

*आंसुओं का खेल निराला,*
*बिन बताए बह जाते हैं।*
*आंसू आंखों के दर्द बनकर*
*बिन कहे सब कह जाते हैं।*

*राधा के आंसू मन ही मन में*
*कान्हा को उलाहना देते हैं।*
*नयनों के दर्द में घुल-घुलकर*
*अपना संदेश प्रेम से देते हैं।*

*मीरा के आंसू भक्ति-भाव से*
*गोविंद-गोपाला गुण गाते हैं।*

*नयनों में आंसू लिए सुदामा*
*सखा से मिलने मथुरा जाते हैं।*

*सुन उलाहना माखन चोर का*
*मां यशोदा गुस्सा भी करती है।*
*कन्हैया को चोट लगने पर*
*गंगा-जमुना आंखों से बहती हैं।*

*बाहों में उठाकर कान्हा को*
*सीने से लगाकर रखती है।*
*पानी न समझना आंसू को,*
*दवा बनकर जख्म हरती है।*

*'आं' से आह निकल आती है,*
*'सु' से सुकून मिल जाता है।*
*जलधारा बनकर निकला पानी*
*मन की वेदना को दर्शाता है।*




अभिषेक कुमार शर्मा
जयपुर


### मेरे यार कबीर

*'गिरिधर जब गिर धर हुए*
*अधीर हुए जब सधीर,*
*जो चींटी पदचाप सुने थे*
*हो गए मूक बधीर।*
*हकलाए सुनने में भी,*
*बहरी भई समीर।*
*मौन हुए जब तुम ही तो,*
*काहे की रे पीर।*
*श्याम! श्याम सी जिह्वा तेरी,*
*छोटी सी लकीर।*

*आज मन सावन, वृंदावन उड़ती*
*कालिख रंग अबीर।*
*सब कुछ भूल जो पूजा था,*
*जो लिखी गरीब की तकदीर।*
*कनकासन बिराज रहे,*
*वाह रे मेरे फकीर।*
*क्या हुआ दास तकदीरों के,*
*हो भरोसे अब तदबीर।*
*इतना सच क्यों लिख डाला,*
*मेरे यार कबीर।*

**लेखकों से आग्रह है...**
वे 'सच बेधड़क' में प्रकाशन के लिए अपने लेख, कविता, कहानी, व्यंग्य आदि रचनाएं हमें Editor@sachbedhadakdaily.com पर ई मेल करें। साथ में रचना के अप्रकाशित होने का स्वघोषणा पत्र भी भेजें।

## कहानी




डोली शाह
हैलाकांदी, असम


# पश्चाताप की रात

> **"धिक्कार है तुम पर। एक मां होकर तुमने एक बेटी का दर्द नहीं समझा। बहू भी तो बेटी ही होती है और घर की लक्ष्मी भी।"**

संध्या की बेला थी। सूरज अपना आंचल समेटने में लगा हुआ था। एक तरफ ठिठुरन तो दूसरी तरफ सनसनाती हवाएं रोम-रोम को कुम्हला रही थीं। पूरे दिन घर के कामों के बाद मोटे से ऊनी स्वेटर, ऊपर से फललाइन की लंबी ताने, कानों पर मोटी सी पल्लू लपेटे कुछ साग-सब्जी के लिए बाजार की ओर निकली। कुछ कदम आगे बढ़ी ही थी कि कुछ जाना-पहचाना चेहरा पतली ऊन के कपड़े लपेटे... हां और ना की कशमकश लिए पूछता है - 'तुम मोनालिसा हो क्या?' 'हां।' एकटक मौन हो दो पल निहारती ही रही। 'तुम श्रेया हो!'

'हां...' दोनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मगर मोना, तूने यह अपना क्या हाल बना रखा है? बिल्कुल पहचानी ही नहीं जा रही है! तू इतनी पतली क्यों हो गई है?' श्रेया ने आश्चर्य भरे स्वर में पूछा। 'मेरे जीजू खाना-वाना नहीं देते क्या? तुझे तो वो पूरी तरह से चूस गए हैं, सच्ची... कहां हैं वह अभी?' 'नहीं यार, वह तो नेपाल बॉर्डर पर देश सेवा में लगे हैं।' 'अच्छा है, फिर क्या है! सरकारी नौकरी है, न कोई जिम्मेदारी, ना कोई किच-किच। आराम से पैसे आ रहे हैं, फिर क्या प्रॉब्लम? फिर तू इतनी पतली क्यों हो रही है? लग रहा है 60 साल की बुढ़िया!' 'अरे श्रेया, घर पर किच-किच की बात तो छोड़ ही दे। पिछले एक साल से मेरी तबीयत... उफ यार, कुछ ना कुछ लगा ही है। पता नहीं, मेरी किस्मत लिखते वक्त ऊपर वाले की शायद स्याही ही कम पड़ गई थी। बचपन से मां का सुख नहीं मिला। सोचा था यहां आकर उस कमी की पूर्ति हो जाएगी, लेकिन...' मोना गंभीरता से अपने दुखों का बखान करती रही। 'मोना, यह सब तो चलता ही रहेगा, लेकिन तू अपना भी तो ख्याल रखेगी ना आखिर! अच्छे डॉक्टर से अपनी जांच करवा यार।'इतना कहते ही मोना का चेहरा अनकहे दुखों से गीला हो गया। 'यार, तू जीजू को बोल मेरी तबीयत ठीक नहीं है। या तो आकर मुझे डॉक्टर दिखा दो या एक्स्ट्रा पैसे भेज दो, मैं दिखा दूंगी।' श्रेया ने सलाह के तौर पर कहा। 'अरे श्रेया, ससुराल में यह सब कहना बहुत आसान है।' 'मोना, बट तू भी तो बता अभी तुझे क्या हुआ है?' 'यार, 15 दिनों से पेट में इतना दर्द है कि हर रात दवाई खाकर सोती हूं, फिर कहीं आंख लगती है।' 'यार, तू अपनी तबीयत को लेकर सीरियस हो। तुरंत डॉक्टर दिखा।'

इतना कहते ही श्रेया पुराने ख्यालों में डूब गई। किस तरह इज्जत और मान की बड़ी-बड़ी बातें कर इतना खर्च कर अंकल-आंटी ने इसका ब्याह किया था, मगर आज... गंभीरता से भरा चेहरा देख श्रेया ने पूछा - 'तूने घर पर नहीं बताया?' 'बताया था, लेकिन पिताजी के आगे मां की चलती नहीं और भाई तो इतने वर्षों में सिर्फ एक बार आया है। अब क्या ही बोलूं।' मोना ने दुखी मन से कहा। 'सचमुच यार, आज पश्चाताप होता है। यदि अच्छे से पढ़ाई की होती तो आज अपने पैरों पर खड़ी होती, तो लोगों के इतने ताने तो नहीं सुनने पड़ते। हां, अब तुझे ही देख।' 'यार, मेरी शादी से तो सभी को दिक्कत थी। फिर मैं तो भाग कर शादी की थी। मेरी तो छोड़ ही दे, बट तू अपनी केयर कर। अच्छे डॉक्टर को दिखा। चल, अब मुझे चलना चाहिए, वरना घर पर दूसरा बखेड़ा शुरू हो जाएगा।' मोना ने 'सी यू, बाय!' कहा और चली गई। मोना के घर आते ही- 'अरे बहू, कल मीनू बिटिया और दामाद जी आ रहे हैं। आज रात ही सारी साफ-सफाई कर लेना।' सासू मां ने आदेश के तौर पर कहा। 'माजी, मगर अचानक कल...?' मोना ने आश्चर्य भरे स्वर



में पूछा। 'हां, वह एक्चुअली उसकी तबीयत ठीक नहीं है। दामाद डॉक्टर को दिखाकर लौट जाएंगे।' पूरी प्रकृति घने कोहरे से ढकी पड़ी थी। दरवाजे की घंटी सुनकर जब मीनू को दरवाजे पर देखा तो मां का मातृत्व उमड़ पड़ा- 'देख लेना, धीरे चलना।' 'अरे मां, मैं अभी ठीक हूं। इतनी टेंशन मत लो।' 'आज ही डॉक्टर की टिकट करवा लो।' मां ने आदेश दिया। कुछ देर बाद रसोईघर तक पहुंचते ही मीनू बोली - 'अरे भाभी, क्या हुआ है आपको? आपका चेहरा इतना उतरा क्यों है? शरीर में तो कुछ है ही नहीं। भैया का ज्यादा ही टेंशन ले रही हो क्या?' 'अरे नहीं, एक्चुअली मेरी तबीयत बहुत ज्यादा खराब है। कुछ ना कुछ तो लगा ही रहता है। और 15 दिनों से तो पेट में इतना दर्द है, पूछो मत।' 'तो आपने डॉक्टर को नहीं दिखाया?' 'नहीं।' 'मगर क्यों?' 'डॉक्टर की बात करते ही मां... उनका कहना है, हम जैसे लोगों को डॉक्टर की जरूरत ही नहीं पड़ती। देसी नुस्खे और हर रात पेन किलर लेकर सो जाती हूं।' मीनू मौन हो गई। कुछ वक्त ही बीता था। उसने फोन कर एक और टिकट बुक करवाया। 'भाभी, आप भी तैयार हो जाओ।' मीनू ने आदेश के तौर पर कहा। अलमारी से कपड़े निकाले ही थे कि आवाज आई- 'अरे बहू, दोपहर के खाने पर पुलाव, मटर-पनीर, कोहड़े की पकौड़ी, सलाद और किसी चीज की चटनी तैयार कर देना।' सासू मां जोर की आवाज लगाते हुए कमरे की ओर बढ़ीं। 'मां, भाभी मेरे साथ हॉस्पिटल जा रही हैं। हम तीनों लंच बाहर ही कर लेंगे। आप अपने और पापा के लिए कुछ बना लीजिएगा।'

मां के बुदबुदाते चेहरे को देख मीनू बोली- 'भाभी, आप जल्दी तैयार हो जाओ।' डॉक्टर की जांच से पता चला कि मोना के पेट में पथरी बिल्कुल अंतिम स्टेज पर जा चुकी है। यदि ऑपरेशन नहीं किया गया तो कुछ भी हो सकता है। डॉक्टर साहब ने उसी दिन एडमिट होने की सलाह तक दी, लेकिन डरी-सहमी मोना ने दो दिन बाद का वक्त मांगा। मोनालिसा को दवाइयों का पर्चा थमा दिया गया। यह बात सुनते ही हक्की-बक्की मां कभी ढांढस बंधाती, तो कभी अपने आप से शिकायत करती। 'ऐसा क्या पाप किया मैंने, जो मेरी बेटी को इसी उम्र में इतनी बड़ी सजा दे रहे हैं।' वह मन ही मन सवालों में डूबी रही। आंखों से नींद उड़ गई। बिछावन पर पड़ी रही, रात्रि का पहर बीतता गया मगर पलक झपकने का नाम ही नहीं ले रही थी। चौथा पहर भी आ गया। हल्की सी आंख झपकी ही थी कि कैलाशपति, त्रिशूलधारी, अर्धचंद्र सुसज्जित और नागों का बसेरा लपेटे कर्ण में एक ध्वनि गूंजी- 'बहुत दुख हो रहा है तुम्हें मीनू की यह खबर सुनकर। लेकिन मोना के दर्द से तो तुम्हें कोई फर्क ही नहीं पड़ रहा था।

फिर आज मीनू के दर्द ने तुम्हें इतना परेशान क्यों कर दिया?' 'तुमने तो यह भी नहीं सोचा कि वह बेचारी अपने मन की बात किसे बताएगी। तुम तो आज तक उसका मजाक उड़ाती रही। माना कि कुछ चीज विधि का विधान होती है, लेकिन तुमने एक बार भी यह नहीं सोचा कि वह भी किसी की बेटी है। किसी ने बचपन में उसे भी बड़े प्यार से पाला होगा। वह भी किसी पापा की परी होगी। और जो तुम आज बात-बात पर अपनी तुलना उस बेचारी से करती हो, यह मत भूलो कि तुम्हारे खाने-पीने के वक्त कितनी सादगी थी। मगर आज... धिक्कार है तुम पर। एक मां होकर तुमने एक बेटी का दर्द नहीं समझा। आखिर बहू भी तो बेटी ही होती है। वह भी तो हाड़-मांस की बनी है और तुम्हारे घर की लक्ष्मी भी। मगर तुमने उसके साथ इतना गंदा व्यवहार...।'

'बाबा, मुझे माफ कर दीजिए। मैं आगे से उसका बहुत ख्याल रखूंगी। मगर अभी मेरी की हुई सजा मेरी बेटी को मत दीजिए। भगवान, मुझे माफ कर दीजिए।' मां ने छलछलाते आंसुओं के साथ कहा। 'देखो, यह सब तो नियति का खेल है। जैसी करनी वैसी भरनी।' 'भगवान, ऐसा मत बोलिए। मुझे जो सजा देंगे, मैं खुशी-खुशी स्वीकार कर लूंगी, लेकिन मेरी बेटी को बचा लीजिए। अभी तो उसके खेलने-खाने का वक्त है। उसने तो अभी तक बच्चे का मुंह तक नहीं देखा और पेट का ऑपरेशन! जो सजा देना है मुझे दे दीजिए।' 'तुम भी नियति के क्रोध से बचोगी नहीं, क्योंकि तुमने भी अक्सर अपनी तुलना उस बेचारी से की और उसका दिल दुखाया, जिसे अपना दुख कहने तक की कोई जगह नहीं। वह हर प्रातः मुझसे शिकायत करती है। वात्सल्य प्रेम में तुम इतनी अंधी थीं कि सिर्फ तुम्हें अपना ही दिखा।' 'भगवान, मुझे माफ कर दीजिए।' लड़खड़ाते स्वर में सासू मां ने कहा। 'मैं आइंदा कभी ऐसा नहीं करूंगी। उसे भी अपनी बेटी समान ही प्यार करूंगी।' 'माफी मांगना ही चाहती हो तो उस बहू का दिल खुश करो, जिससे बचपन से खोई उसकी मां की कमी पूरी हो जाए।'

'जरूर भगवान, जरूर मैं ऐसा ही करूंगी।' चिड़िया चहचहाना शुरू ही की थीं कि सासू मां शर्मिंदगी की चादर ओढ़े रसोईघर के अधिकांश काम निपटाती रहीं। 'तुम्हारा पेट दर्द कैसा है अब? कल रात दवाइयां खाई थीं न तुमने?' बहू पर नजर पड़ते ही मां ने बड़े भावुक मन से पूछा। 'हां मम्मी जी, अभी भी दर्द है, लेकिन आपने इतनी सर्दी में इतने काम क्यों किए? मैं उठती तो कर लेती।' 'ज्यादा दर्द हो तो तुम आराम कर लो, मैं रसोईघर का काम कर लेती हूं।' सासू मां ने भावुकता के साथ कहा। 'नहीं मम्मी जी, मैं कर लूंगी। आप जाइए।' 'अरे बहू, कोई बात नहीं। तुम भी तो मेरी बेटी ही हो।' मां के अपनत्व की भावना देख मोना चौंक भी रही थी। उधर मीनू ने दूसरे बड़े डॉक्टर से अपनी जांच करवाई। डॉक्टर साहब ने अब दवाइयों से ही पथरी की समस्या का हल करने का प्रयास किया। यह बात सुन मीनू के साथ-साथ मां की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। धीरे-धीरे वक्त के साथ मीनू और मोना दोनों के बीच मां की अपनत्व की भावना बढ़ती गई। नए साल के शुभ अवसर पर मां ने बेटे प्रकाश को घर आने की सलाह दी। बेटे प्रकाश को घर आया देख पूरा घर खुशी से झूम उठा। घर का बदला स्वरूप देख प्रकाश भी बहुत खुश हुआ। बातों ही बातों में मां ने बड़ी सहजता से कहा - 'पता है बेटा, पहले तो मेरे दो ही बच्चे थे, अब तो मेरे चार बच्चे हैं।' 'कैसे?' प्रकाश ने आश्चर्य भरे स्वर में पूछा। 'मीनू, तू, मोना और दामाद जी...' प्रकाश की मुस्कुराहट के साथ-साथ सबके चेहरों पर खुशी की बरसात हो गई।

### हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में सीजेआई ने साझा किए अपने अनुभव

# अक्सर छोटी शुरुआत ही बड़ी कामयाबी के लिए करती है तैयार: CJI

**बेधड़क** | महेंद्रगढ़

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि एक लोकतंत्र उच्च शिक्षा में इसलिए निवेश नहीं करता कि उसके स्नातक केवल समृद्ध हों, बल्कि इसलिए करता है ताकि वे स्वयं को अच्छी तरह से अनुशासित कर सकें। सीजेआई सूर्यकांत महेंद्रगढ़ स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। सीजेआई ने कार्यक्रम में मौजूद छात्रों से कहा कि उन्हें प्राप्त डिग्री उनके द्वारा अर्जित ज्ञान को प्रमाणित करती है और उन्हें इस पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मौका उनके लिए निजी तौर पर खास मायने रखता है। हरियाणा में पले-बढ़े और अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद, उन्होंने अपने कॅरिअर के शुरुआती दौर में आई मुश्किलों और अपने अनुभवों का जिक्र किया और उनको छात्र-छात्राओं के साथ साझा किया।

उन्होंने खासकर मध्यमवर्गीय परिवारों से आने वाले छात्र-छात्राओं को भरोसा दिलाया कि



केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा के दीक्षांत समारोह में सीजेआई सूर्यकांत अन्य लोगों के साथ।

छोटी शुरुआत अक्सर लोगों को भविष्य में बड़ी कामयाबी के लिए तैयार करती है। कार्यक्रम में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू और IIT रोपड़ के डायरेक्टर डॉ. राजीव आहूजा विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए। समारोह में पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट के जस्टिस संजय वशिष्ठ, जस्टिस एन.एस. शेखावत, रजिस्ट्रार जनरल चंद्रशेखर और नरेंद्र सूरा, डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज, नारनौल, DC कैप्टन मनोज, SP पूजा वशिष्ठ समेत कई और जाने-माने लोग भी मौजूद थे। वाइस चांसलर ने मुख्य अतिथि और अन्य मेहमानों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रो-वाइस-चांसलर प्रो. पवन शर्मा भी मौजूद थे।

### सफलता के लिए मजबूत बुनियादी मूल्य जरूरी

जस्टिस सूर्यकांत ने इस बात पर जोर दिया कि निजी और पेशेवर दोनों जिंदगी में सफलता के लिए अनुशासन, लगन और मजबूत बुनियादी मूल्य बहुत जरूरी हैं। उन्होंने ग्रेजुएट्स से उन नींवों को याद रखने का आग्रह किया जिन्होंने उनकी यात्रा में मदद की है और समाज और देश के लिए सकारात्मक योगदान देते रहें। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, रोपड़ के डायरेक्टर, प्रो. राजीव आहूजा ने इस बात पर जोर दिया कि दीक्षांत समारोह न केवल एकेडमिक पढ़ाई पूरी होने का प्रतीक है, बल्कि संस्थान के साथ जीवन भर के रिश्ते की शुरुआत भी है, क्योंकि विद्यार्थी यूनिवर्सिटी के एल्युमनाई बन जाते हैं।

### जीवन निर्माण में चरित्र और सही फैसलों की अहम भूमिका

जस्टिस सूर्यकांत ने इस बात पर जर दिया कि कैरेक्टर और सही फैसले किसी व्यक्ति की जिंदगी को बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने देखा कि जाने-माने इंस्टीट्यूशन के स्टूडेंट कभी-कभी दबाव में स्ट्रगल करते हैं क्योंकि हो सकता है कि उन्होंने एकेडमिक एग्जाम के अलावा किसी और चुनौती का सामना न किया हो। इसके उलट, उन्होंने कहा कि कम जाने-माने इंस्टीट्यूशन के छात्र अक्सर ज्यादा हिम्मत और गंभीरता दिखाते हैं, क्योंकि उनका पक्का इरादा असली कोशिश पर आधारित होता है, न कि सिर्फ कक्षा में प्रदर्शित उपलब्धि या प्रदर्शन पर।

### हसनैन ने बिहार के राज्यपाल के रूप में शपथ ली



**पटना।** लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने शनिवार को बिहार के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। पटना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने लोक भवन में आयोजित एक समारोह में हसनैन को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। हसनैन ने आरिफ मोहम्मद खान का स्थान लिया है। समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों और वरिष्ठ अधिकारियों समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### अकासा एयर 15 से लगाएगी ईंधन अधिभार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच विमान ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण अकासा एयर 15 मार्च से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान टिकटों पर 199 रुपए से 1,300 रुपए तक ईंधन अधिभार लगाएगी। एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान टिकटों पर समान शुल्क लगाना शुरू कर दिया है। अकासा एयर ने शनिवार को बयान में कहा कि वह प्रत्येक उड़ान के लिए ईंधन अधिभार लगाएगी ।

### मणिपुर में बम विस्फोट में बच्चे की मौत, पिता घायल

**इंफाल।** मणिपुर के नोनी जिले में शनिवार को हुए बम विस्फोट में चार वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई और उसका पिता घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, यह घटना खौपुम के ताओलिंगपुंग गांव में उस समय हुई जब बच्चे का पिता अपने घर के बाहर झाड़ियां हटाने का काम कर रहा था। उस दौरान बच्चा भी उसके साथ था। झाड़ियां हटाने के दौरान वहां छिपाकर रखा गया बम फट गया।

### गृहमंत्री शाह ने फूंका चुनावी बिगुल... पंजाब में बदलाव का आह्वान

# भाजपा सत्ता में आई तो दो साल में खत्म कर देंगे नशे का कारोबार: शाह

## धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून लाने का वादा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पंजाब की भगवंत मान सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह सरकार आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के लिए एक एटीएम बन गई है। उन्होंने कहा कि अगर 2027 के विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा पंजाब में सरकार बनाती है, तो राज्य में धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून लाया जाएगा।

शाह ने मोगा में एक "बदलाव" रैली में चुनावी मुहिम शुरू करते हुए मतदाताओं से अपील की कि वे 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को एक मौका दें ताकि राज्य में बदलाव लाया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि आज पंजाब कर्ज, नशे, धर्मांतरण, भ्रष्टाचार और गैंगस्टरों के आतंक के कारण बर्बाद हो गया है। यदि कोई पंजाब को नशे और अन्य समस्याओं से मुक्त कर सकता है, तो वह केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ही हैं। उन्होंने वादा किया कि यदि भाजपा 2027 में सत्ता में आई तो नशे के कारोबार


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पंजाब के मोगा में बदलाव रैली के दौरान भाजपा नेता तरुण चुघ और अन्य लोगों के साथ।

### पंजाब में विस चुनाव अकेले लड़ेगी भाजपा

शाह ने कहा कि भाजपा 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव में अपनी सरकार बनाने के लिए अकेले चुनाव लड़ेगी। शाह के इस बयान के बाद शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के साथ भाजपा के फिर से गठबंधन की अटकलों पर विराम लग गया है।

### भाजपा को मौका दें, हम बदलाव लाएंगे

शाह ने कहा, भाजपा को एक मौका दें, हम पंजाब में बदलाव लाएंगे। उन्होंने कहा, मैं पंजाब के लोगों से अपील करने आया हूं कि भाजपा को वोट दें। उन्होंने कहा, जब भी हम आपके सामने आए, हम छोटे भाई के रूप में आए। भाजपा 2027 के चुनावों के बाद अपनी सरकार बनाने के लिए लड़ाई लड़ने जा रही है।

को सिर्फ दो साल में जड़ से खत्म कर दिया जाएगा। शाह ने कहा, इस राज्य में कोई सरकार नहीं है। अगर कोई सरकार होती, तो कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब नहीं होती, राज्य नशे की समस्या से जूझता नहीं और किसान इतनी पीड़ा में नहीं होते। उन्होंने कहा कि मान केवल केजरीवाल के पायलट के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भगवंत मान सरकार भ्रष्टाचार में डूब गई है। शाह ने कहा, मुख्यमंत्री मान को शर्म आनी चाहिए कि दिल्ली के चार 'सूबेदार' राज्य में बैठे हुए हैं और इसकी सारी संपत्ति बाहर भेज रहे हैं। पंजाब में आप की सरकार राज्य की गरिमा के साथ खिलवाड़ कर रही है।"

### दो दिन के दौरे पर गुवाहाटी पहुंचे शाह

**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह असम विधानसभा चुनाव से पहले शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर गुवाहाटी पहुंचे। शाह इस दौरान एक आधिकारिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शाह का स्वागत किया।

### धर्मांतरण की समस्या से जूझ रहा पंजाब

शाह ने पंजाब में धर्मांतरण का मुद्दा उठाया और कहा कि पूरा पंजाब धर्मांतरण की समस्या से जूझ रहा है। मैं अपने सभी हिंदू और सिख भाइयों और बहनों से कह रहा हूं, आप एक बार भाजपा की सरकार बनाएं, हम धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने वाला विधेयक लाएंगे। उन्होंने सवाल किया, क्या कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) को इसकी जानकारी नहीं है? उन्होंने दोनों दलों पर वोट बैंक की राजनीति के लिए धर्मांतरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि सिखों के नौवें गुरु तेग बहादुर ने धर्मांतरण रोकने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। मैं आज इसी धरती से यह कहना चाहता हूं कि अगर गुरु तेग बहादुर जी नहीं होते, तो आज भारत में एक भी हिंदू नहीं बचता। गुरु तेग बहादुर के बलिदान ने ही इस देश को कायम रखा है। गुरु नानक देव से लेकर गुरु गोविंद सिंह तक, मैं सभी गुरुओं को नमन करता हूं।

### फडणवीस ने 200 फीट ऊंचे ध्वज स्तंभ पर फहराया तिरंगा



**नागपुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को नागपुर के कस्तूरचंद पार्क में 200 फीट ऊंचे ध्वज स्तंभ का अनावरण करते हुए वहां राष्ट्रीय ध्वज फहराया। लोकमत मीडिया द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, 200 फीट की ऊंचाई के साथ यह क्षेत्र के सबसे ऊंचे ध्वज स्तंभों में से एक होगा, जिस पर 60 फीट लंबा और 40 फीट चौड़ा तिरंगा लहराएगा। यह विविधता में एकता, धर्मनिरपेक्षता और संविधान की लोकतांत्रिक भावना का प्रतीक है।

### हरियाणा में राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासत तेज

# दूसरी सीट पर भाजपा का निर्दलीय को समर्थन, रणनीति पर की मंत्रणा

**एजेंसी** | चंडीगढ़

विपक्षी दल कांग्रेस के खेमें में संभावित क्रॉस वोटिंग की आशंका के बीच हरियाणा की दो राज्यसभा सीट पर 16 मार्च को होने वाले चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा के विधायकों ने शनिवार को बैठक की और इस दौरान अपनी रणनीति पर चर्चा की। विधायकों, विशेषकर पहली बार सदन के लिए निर्वाचित हुए सदस्यों के लिए मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया गया था। चंडीगढ़ के एक होटल में हुई बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा भाजपा प्रमुख मोहन लाल बडोली भी मौजूद थे। भाजपा के संजय भाटिया, कांग्रेस के कर्मवीर सिंह बौद्ध और निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल इन दोनों सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा दूसरी सीट पर नांदल का समर्थन कर रही है।

### यह है जीत का गणित

- भाजपा के 48 विधायक, कांग्रेस के 37, इंडियन नेशनल लोकदल के दो विधायक और तीन विधायक निर्दलीय हैं।
- जीत के लिए प्रत्येक को 31-31 मतों की जरूरत
- कांग्रेस के सदन में 37 सदस्य हैं, जो पार्टी उम्मीदवार को सीट जिताने के लिए पर्याप्त है। लेकिन पार्टी क्रॉस-वोटिंग को लेकर है आशंकित ।

### कांग्रेस विधायकों का हिमाचल में डेरा

मुख्य विपक्षी कांग्रेस ने अपने विधायकों को एकजुट रखने की कोशिश के तहत शुक्रवार को उन्हें हिमाचल प्रदेश भेज दिया था।

### CBI की अनिल अंबानी के बेटे से दूसरे दिन भी पूछताछ

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख जांच एजेंसी सीबीआई ने 228 करोड़ रुपए के बैंक धोखाधड़ी मामले में उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी से शनिवार को दूसरे दिन फिर से पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार, इस मामले में उनसे सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक, यानी करीब छह घंटे तक पूछताछ की गई। यह पूछताछ रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड से जुड़े 228 करोड़ रुपए के कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में की गई है। इस मामले में कंपनी के पूर्व सीईओ और पूर्व पूर्णकालिक निदेशक रवींद्र सुधालकर सहित कई अन्य लोगों के नाम भी शामिल हैं।

### सरकार स्वार्थ के लिए खेती की कुर्बानी देने को तैयार

# MSP के लिए आवाज उठाएंगे: राहुल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि सरकार अपने स्वार्थ के लिए भारतीय कृषि को कुर्बान करने के लिए भी तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि वह किसानों के अधिकार और एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) की रक्षा के लिए संसद के भीतर और बाहर आवाज उठाते रहेंगे। राहुल गांधी ने अपने अतारांकित प्रश्न और सरकार के उत्तर की प्रति साझा करते हुए फेसबुक पर लिखा कि लोकसभा में मैंने सरकार से सीधा सवाल पूछा था कि 2021 में किसानों से किया गया 'सी2+50 प्रतिशत' कानूनी



एमएसपी का वादा अब तक लागू क्यों नहीं हुआ? सरकार ने जवाब देने से बचते हुए सिर्फ अपनी पुरानी एमएसपी की नीति दोहरा दी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, एक और गंभीर सवाल यह है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में गैर व्यापारिक अवरोध घटाने की बात कही गई है।

### DU ने राहुल के आरोपों को खारिज किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इस आरोप का खंडन किया है कि विश्वविद्यालय छात्रों को साक्षात्कार के आधार पर खारिज कर देता है। विश्वविद्यालय ने 'एक्स' पर कहा, दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रों को मुख्य रूप से सीयूईटी स्कोर के आधार पर दाखिला देता है और अधिकतर स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए मानक प्रवेश प्रक्रिया में साक्षात्कार अनिवार्य नहीं है। गांधी ने दावा किया था कि दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रों को जाति के आधार पर बाहर कर देता है।

### विकसित भारत बनाने में छात्रों की अहम भूमिका

# नवाचार व संकाय विकास पर जोर दें विवि: राधाकृष्णन

**एजेंसी** | धर्मशाला

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने शनिवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी शिक्षा प्रणाली के निर्माण के लिए आधुनिक विश्वविद्यालयों को संकाय विकास, नवाचार और मजबूत अकादमिक सहयोग पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

राधाकृष्णन ने यहां हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पदक विजेताओं में ज्यादातर महिलाएं हैं, जो महिला सशक्तीकरण और राष्ट्र की प्रगति में उनके बढ़ते योगदान का एक मजबूत प्रमाण है। उन्होंने छात्रों से राष्ट्र निर्माण के प्रति स्वयं को समर्पित करने और राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को कायम रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में छात्र और युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उपराष्ट्रपति ने समावेशी विकास की आवश्यकता को रेखांकित किया, जिसमें समाज का कोई भी राज्य या वर्ग पीछे न छूटे।

राधाकृष्णन ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को 'देव भूमि' और 'वीर भूमि' के नाम से जाना जाता है। राज्य ने राष्ट्र के सशस्त्र बलों में उल्लेखनीय योगदान दिया है और अपनी समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और आतिथ्य के लिए प्रशंसा का पात्र है। पदभार संभालने के बाद उपराष्ट्रपति की यह हिमाचल प्रदेश की पहली यात्रा है।

उन्होंने राजकीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश के लिए प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। इससे पहले कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंचने पर उपराष्ट्रपति का स्वागत राज्यपाल कविंदर गुप्ता, कृषि मंत्री चंद्र कुमार और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता जय राम ठाकुर ने किया। उन्हें औपचारिक गारद सलामी दी गई।



धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के दौरान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन अन्य लोगों के साथ।

### सुधाकरन के साथ मतभेद को किया खारिज

# कांग्रेस उम्मीदवारों के चयन पर कोई विवाद नहीं: सतीशन

**एजेंसी** | कोच्चि

केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस में राज्य विधानसभा के उम्मीदवारों के चयन को लेकर कोई समस्या नहीं है।

उन्होंने पार्टी नेता के सुधाकरन के साथ मतभेद की खबरों को भी खारिज कर दिया। सुधाकरन ने कथित तौर पर आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है।

सतीशन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस चुनाव घोषित होने के 24 घंटे के भीतर या वाम लोकतांत्रिक मोर्चा द्वारा उम्मीदवारों की घोषणा के बाद अपने उम्मीदवारों की सूची जारी



कर देगी। उन्होंने कहा कि जिला समितियों में उम्मीदवारों के चयन को लेकर कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों की घोषणा किए बिना विवाद कैसे हो सकता है? हमें सूची घोषित करने दीजिए। सतीशन ने कहा कि उनकी उम्मीदवारी का फैसला भी पार्टी ही करेगी।

## ईरान ने अमेरिका के सहयोगी देशों को फिर बनाया निशाना... बगदाद में अमेरिकी दूतावास परिसर में हेलीपैड पर मिसाइल से हमला

# होर्मुज में दखल दिया तो ईरान की तेल सुविधाओं पर होगा हमला: ट्रंप

एजेंसी | दुबई

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका ने ईरान के तेल नेटवर्क के लिए महत्वपूर्ण एक द्वीप पर स्थित सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया और चेतावनी दी कि अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन में हस्तक्षेप करना जारी रखता है तो उसकी तेल अवसंरचना को निशाना बनाया जाएगा। दूसरी ओर, ईरान इजराइल और पड़ोसी खाड़ी देशों को निशाना बनाकर मिसाइल और ड्रोन हमले जारी रखे हुए है। शनिवार को इराक की राजधानी बगदाद में अमेरिकी दूतावास परिसर के अंदर एक हेलीपैड पर मिसाइल से हमला हुआ जबकि संयुक्त अरब अमीरात में ईरान की रोकी गई मिसाइल का मलबा तेल संयंत्र पर गिर गया। ईरान की समाचार एजेंसी 'फार्स' ने कहा कि अमेरिकी हमलों से द्वीप पर तेल अवसंरचना को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी बलों ने शुक्रवार को ईरान के खार्ग द्वीप पर स्थित लक्ष्यों को पूरी तरह नष्ट कर दिया। यह द्वीप देश के तेल निर्यात के लिए प्राथमिक टर्मिनल है और इसका सैन्य इस्तेमाल होता है। ईरानी संसद के अध्यक्ष ने पहले चेतावनी दी थी कि इस तरह के हमलों से एक नए स्तर की प्रतिशोधी कार्रवाई शुरू हो सकती है।

### लेबनान में मानवीय संकट गहराया

इस बीच लेबनान में मानवीय संकट और गहरा हो गया है। लेबनान में हमले में लगभग 800 लोग मारे गए हैं और 850,000 लोग विस्थापित हुए हैं क्योंकि इजराइल ने ईरान समर्थित हिजबुल्ला चरमपंथियों के खिलाफ हमले शुरू किए हैं और चेतावनी दी है कि कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी।


संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह में एक ईरानी ड्रोन का मलबा एक तेल संयंत्र से टकराने के बाद संयंत्र से उठता धुएं का गुबार।

### अमेरिकी तेल संयंत्रों पर हमलों की चेतावनी

ईरान की संयुक्त सैन्य कमान ने शनिवार को अपनी इस धमकी को दोहराया कि यदि इस्लामी गणराज्य के तेल ढांचे पर हमला हुआ तो वह क्षेत्र में अमेरिका से जुड़े तेल और ऊर्जा संयंत्रों पर हमला करेगा। खातम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता इब्राहिम जुल्फिकारी ने चेतावनी दी कि वे क्षेत्र में उन सभी तेल, आर्थिक और ऊर्जा अवसंरचनाओं को निशाना बनाएंगे जो अमेरिकी हिस्सेदारी वाली या अमेरिका के साथ सहयोग करने वाली तेल कंपनियों से संबंधित हैं।

### US 2,500 और मरीन, एक युद्धपोत भेजेगा

इस बीच, एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ईरान के साथ युद्ध के लगभग दो सप्ताह बाद पश्चिम एशिया में 2,500 और मरीन एवं एक युद्धपोत भेजा जा रहा है। पश्चिम एशिया में तैनात अमेरिकी सैनिकों की कुल संख्या स्पष्ट नहीं है, लेकिन कतर में स्थित अल-उदैद वायु सेना अड्डे पर ही आमतौर पर लगभग 8,000 अमेरिकी सैनिक तैनात रहते हैं। यह क्षेत्र के सबसे बड़े वायु अड्डों में से एक है।

### ईरानी युद्धपोत के अधिकतर सदस्य स्वदेश रवाना

**नई दिल्ली।** ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य संघर्ष के बीच चार मार्च को कोच्चि पहुंचे एक ईरानी युद्धपोत के चालक दल के गैर जरूरी सदस्यों को भारत ने उनके देश वापस भेज दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पोत 'आइरिस लावन' के कोच्चि में होने के कारण उसके चालक दल के 183 सदस्यों में से 50 से अधिक सदस्य वहीं रुके हुए हैं।

### भारत ने अफगान पर पाकिस्तान के हमलों की निंदा की

**नई दिल्ली।** भारत ने अफगान क्षेत्र में पाकिस्तान के हवाई हमलों की शनिवार को निंदा की और कहा कि अफगानिस्तान की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का पूरी तरह सम्मान किया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह पाकिस्तानी सेना की ओर से की गई उकसावे की एक और कार्रवाई है, जो अफगानिस्तान की संप्रभुता के विचार के खिलाफ रही है। उन्होंने कहा कि भारत एक बार फिर यह दोहराता है कि अफगानिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का पूरी तरह सम्मान किया जाना चाहिए।

### उत्तर कोरिया का शक्ति प्रदर्शन, 10 मिसाइलें दागीं

**सियोल।** अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए शनिवार को पूर्वी सागर की ओर लगभग 10 बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ' ने कहा कि मिसाइलें उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के निकटवर्ती क्षेत्र से दागी गईं, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वे कितनी दूर तक गईं। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये हथियार देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर के जलक्षेत्र में गिरे।

## PM मोदी ने असम में किया सभा को संबोधित... कांग्रेस पर साधा निशाना

# कांग्रेस जिम्मेदार पार्टी की भूमिका निभाने में विफल रही: पीएम मोदी


असम के सिल्चर में विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास और अनावरण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (केंद्र में) केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और अन्य लोगों के साथ।

एजेंसी | सिलचर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार वैश्विक संघर्षों के कारण लोगों पर पड़ने वाले प्रभावों को न्यूनतम करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने साथ ही आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी कांग्रेस देश में दहशत पैदा करने की कोशिश करके 'गैर-जिम्मेदाराना' व्यवहार कर रही है। मोदी ने असम के सिलचर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने दशकों तक पूर्वोत्तर की अनदेखी की और स्वतंत्रता के दौरान ऐसी सीमा रेखा खींचने की अनुमति दी, जिससे समुद्री मार्ग से बराक घाटी का संपर्क टूट गया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को एक जिम्मेदार राजनीतिक दल की भूमिका निभानी चाहिए थी, लेकिन वह ऐसा करने में विफल रही। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के पास न तो असम के लिए कोई दृष्टिकोण है और न ही राष्ट्र के लिए। वे (कांग्रेस नेता) केवल मोदी को गाली देने, अफवाहें फैलाने और लोगों को गुमराह करने के लिए झूठ बोलना जानते हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले महीने दिल्ली में हुई 'एआई इम्पैक्ट समिट' में कांग्रेस के 'कमीज उतारकर किए गए प्रदर्शन' को लेकर भी उस पर निशाना साधा और विपक्षी पार्टी पर देश को बदनाम करने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि पूरा देश इस अशोभनीय विरोध प्रदर्शन की निंदा कर रहा है, लेकिन कांग्रेस का शाही परिवार अपनी पीठ थपथपा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास अपने ही कपड़े फाड़ने के अलावा कोई चारा नहीं बचा है।

### एक्सप्रेस-वे परियोजना के लिए किया भूमि पूजन

प्रधानमंत्री ने कछार जिले के सिलचर और मेघालय के शिलांग के बीच 22,864 करोड़ रुपए की नियंत्रित प्रवेश-निकास वाली एक्सप्रेस-वे परियोजना के लिए 'भूमि पूजन' में भाग लिया। यह पूर्वोत्तर में अपनी तरह की पहली परियोजना है। अधिकारियों ने बताया कि 166 किलोमीटर लंबे चार लेन के इस ग्रीनफील्ड द्रुतगति गलियारे से मेघालय और असम के बीच संपर्क सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा।

### कांग्रेस राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में लिप्त है और कहा कि यह पार्टी किसी भी राज्य के लोगों का कल्याण सुनिश्चित नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है और निकट भविष्य में हार का शतक पूरा कर लेगी। हार की निराशा ने इसे राष्ट्र के विरुद्ध मोर्चा खोलने पर मजबूर कर दिया है और इसके नेता देश को बदनाम करने में लगे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पूर्वोत्तर को 'दिल और दिल्ली' दोनों से दूर रखा, ताकि विकास इस क्षेत्र के लोगों तक न पहुंचे, जिससे वे हिंसा और पिछड़ेपन में फंसे रह गए।

### कैंसर अस्पतालों का बना मजबूत नेटवर्क

मोदी ने कहा कि शिक्षा, कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवा सरकार के विकास प्रयासों के प्रमुख स्तंभ बन गए हैं। असम तेजी से एक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उभर रहा है, जहां एम्स और कैंसर अस्पतालों का एक मजबूत नेटवर्क बन चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान सीमावर्ती गांवों को सबसे पिछड़ा गांव माना जाता था, लेकिन उनकी सरकार इन्हें देश के पहले गांव के रूप में देखती है।

### बराक घाटी में नहीं हुआ विकास

मोदी ने कहा कि बराक घाटी कभी व्यापार और वाणिज्य का एक प्रमुख केंद्र हुआ करती थी। कभी औद्योगिक केंद्र के रूप में जानी जाती थी, लेकिन अपनी मूल ताकत खो बैठी। आजादी के बाद दशकों तक कांग्रेस सरकारें सत्ता में रहीं, फिर भी इस क्षेत्र में विकास न के बराबर हुआ। आज भाजपा सरकार इसे बदलने के लिए काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम के युवाओं को हिंसा और उग्रवाद के रास्ते पर धकेल दिया, जबकि भाजपा ने यह सुनिश्चित किया है कि राज्य उनके लिए अवसरों का सागर बन जाए। उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस सोचना बंद कर देती है, हम काम करना शुरू कर देते हैं। भाजपा का मूलमंत्र विकास में पिछड़े लोगों को प्राथमिकता देना है।

## युद्ध शुरू होने के बाद खाड़ी क्षेत्र से 1,72,000 भारतीय स्वदेश लौटे

# ऊर्जा सुरक्षा के लिए कई देशों से संपर्क

एजेंसी | नई दिल्ली



पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के मद्देनजर, भारत ने शनिवार को कहा कि वह अपनी ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए खाड़ी सहयोग परिषद, ईरान, अमेरिका और इजराइल सहित सभी प्रमुख पक्षों के साथ संपर्क में है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि संवाद और कूटनीति की वकालत करने के साथ ही भारत ने लगातार इस क्षेत्र से माल और ऊर्जा आपूर्ति के निर्बाध पारगमन को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव असीम महाजन ने बताया कि मौजूदा संघर्ष में पांच भारतीय नागरिकों की जान चली गई है और एक लापता है। उन्होंने कहा कि 28 फरवरी को शुरू हुए संघर्ष के बाद से लगभग 1,72,000 भारतीय भारत लौट चुके हैं। जायसवाल ने प्रेस वार्ता में कहा कि हमने पूरे क्षेत्र में ऊर्जा अवसंरचना सहित नागरिक ठिकानों को निशाना बनाने से बचने का भी आह्वान किया है। उन्होंने कहा, हम खाड़ी सहयोग परिषद के सभी सदस्यों के अलावा ईरान, अमेरिका और इजराइल सहित सभी महत्वपूर्ण वार्ताकारों के साथ विभिन्न राजनीतिक एवं राजनयिक स्तरों पर संपर्क में हैं, ताकि उनके साथ अपनी प्राथमिकताओं, विशेष रूप से हमारी ऊर्जा सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा कर सकें।

### पश्चिम एशिया के सात गंतव्यों के लिए इंडिगो की उड़ानें 28 मार्च तक स्थगित

**नई दिल्ली।** इंडिगो ने क्षेत्र में संघर्ष के मद्देनजर पश्चिम एशिया के सात गंतव्यों के लिए अपनी नियोजित उड़ानें 28 मार्च तक स्थगित करने की घोषणा की। इन गंतव्यों में दोहा, कुवैत और शारजाह शामिल हैं। यह निर्णय विमानन कंपनी की पश्चिम एशिया में अपने परिचालन को समायोजित करने की योजना का हिस्सा है, जिसके तहत वह 16 से 28 मार्च के दौरान इस क्षेत्र के लिए और इस क्षेत्र से 252 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करेगी।

## तमिल कवि वैरामुथु ज्ञानपीठ पुरस्कार से होंगे सम्मानित

एजेंसी | चेन्नई



तमिल कवि और गीतकार वैरामुथु को प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गई है। वह तीसरे तमिल लेखक होंगे जिन्हें देश के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। वैरामुथु (72) से पहले 1975 में तमिल उपन्यासकार अकिलन और 2002 में जयकांतन (2002) को सम्मानित किया गया था। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गीतकार को सम्मानित करने की घोषणा पर खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी। तमिल साहित्य में उनके दीर्घकालीन और महत्वपूर्ण योगदान, रचनात्मकता तथा विशिष्ट काव्यात्मक अभिव्यक्ति को ध्यान में रखते हुए उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया है। वैरामुथु ने कविता, गीत और गद्य- तीनों विधाओं में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनकी रचनाएं अपनी मौलिकता, भावनात्मक गहराई और सांस्कृतिक चेतना के कारण पाठकों के बीच अत्यंत लोकप्रिय रही हैं। उन्होंने अब तक 37 से अधिक पुस्तकें लिखी हैं।

## रूस ने यूक्रेन के 16 ड्रोन मार गिराए

**मास्को।** रूस ने शनिवार को मॉस्को पर हमला करने आ रहे यूक्रेन के 16 ड्रोन को मार गिराया। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि बचाव दल उन स्थानों पर पहुंच गए हैं, जहां ड्रोनों का मलबा गिरा है। मेयर ने हालांकि जमीन पर हुए नुकसान या हताहतों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। ड्रोन हमलों से बचाव के उपायों के तहत मॉस्को शहर और राजधानी क्षेत्र में चुनिंदा मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद की जा रही हैं तथा लोगों को ऑफलाइन उपलब्ध एप्लिकेशन इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है।

## चीन की राजधानी बीजिंग में छाया वसंत मेला


**बीजिंग।** चीन के बीजिंग में भारतीय दूतावास द्वारा शनिवार को आयोजित 'वसंत मेला' में 4,000 से अधिक लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। अधिकारियों ने बताया कि पुराने भारतीय दूतावास परिसर में आयोजित इस वार्षिक कार्यक्रम का शीर्षक 'वन सिविलाइजेशन, काउंटलेस एक्सप्रेशंस' था और इसमें बड़ी संख्या में चीनी नागरिक पहुंचे। भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। फोटो में वसंत मेले में प्रस्तुति देते कलाकार।

## संघ की प्रतिनिधि सभा की बैठक: संत रविदास के जीवन और विचारों को बताया प्रेरणास्रोत

# संत परंपरा देश की विशिष्ट धरोहर: दत्तात्रेय होसबाले

बेधड़क | नई दिल्ली/समालखा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने शनिवार को संत रविदास के 650वें प्राकट्य वर्ष के अवसर पर उनके जीवन और विचारों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया है। उन्होंने कहा कि भारत की संत परंपरा देश की विशिष्ट धरोहर है, जिसने समाज में भक्ति, समरसता और सामाजिक जागरण का कार्य किया है।

होसबाले शनिवार को यहां आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने अपने कर्मशील जीवन और आध्यात्मिक साधना से समाज को श्रम की प्रतिष्ठा, शुद्ध और सात्विक आचरण का संदेश दिया। उन्होंने जन्म के आधार पर ऊंच-नीच के भेद को अस्वीकार करते हुए आचरण को ही श्रेष्ठता की कसौटी माना और समाज को कुरीतियों तथा भेदभाव से मुक्त करने का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने भक्ति की निर्मल धारा के माध्यम से समाज में नई चेतना का संचार किया। उनके विचारों की महत्ता को देखते हुए श्री गुरुग्रंथ साहिब में उनकी 41 वाणियों को 'शबद' के रूप में स्थान दिया गया है।

होसबाले ने कहा कि सामान्य पारिवारिक पृष्ठभूमि से आने के बावजूद संत रविदास ने अपने सेवा भाव और आध्यात्मिक साधना से समाज के सभी वर्गों में सम्मान प्राप्त किया। काशी नरेश, झाली रानी और मीराबाई जैसे राजपरिवारों के सदस्यों ने भी उन्हें अपना गुरु माना। मीराबाई और संत रविदास का गुरु-शिष्य संबंध निर्गुण और सगुण भक्ति धाराओं के अद्भुत संगम का प्रतीक है।

### 'अंत्योदय के स्वर' पुस्तक का विमोचन

जयपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के दौरान सेवा विभाग और संघ के जयपुर प्रांत की ओर से प्रकाशित पुस्तक "अंत्योदय के स्वर" का विमोचन किया गया। पुस्तक का विमोचन अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरुण कुमार, राजस्थान क्षेत्र के संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल तथा क्षेत्र कार्यवाह जसवंत खत्री ने संयुक्त रूप से किया। यह पुस्तक जयपुर प्रांत में सेवा कार्यों के माध्यम से हुए सामाजिक परिवर्तन के 51 प्रेरक और जीवंत प्रसंगों पर आधारित है। इसमें बताया गया है कि समाज में छोटे-छोटे सेवा कार्य किस प्रकार व्यापक बदलाव का आधार बन सकते हैं। इस अवसर पर राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए संघ के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।


पुस्तक का विमोचन करते आरएसएस के पदाधिकारी।

### कठिन हालात में भक्ति-धर्म की धारा की प्रवाहित

सरकार्यवाह ने कहा कि कठिन ऐतिहासिक परिस्थितियों में भी संत रविदास ने भक्ति और धर्म की धारा को प्रवाहित रखा। उनके आध्यात्मिक प्रभाव के कारण मतांतरण के प्रयास भी विफल हुए और कई लोग उनके अनुयायी बन गए। सरकार्यवाह ने कहा कि वर्तमान समय में जब कुछ शक्तियां समाज को जाति और वर्ग के आधार पर बांटने का प्रयास कर रही हैं, तब संत रविदास के जीवन-संदेश को समझते हुए समाज की एकता और समरसता के लिए कार्य करने का संकल्प लेना आवश्यक है।

## 15 सीट सहयोगी दलों के लिए छोड़ी

# असम: कांग्रेस ने 23 और प्रत्याशी घोषित किए

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस ने असम विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को 23 उम्मीदवारों को दूसरी सूची जारी की, जिसमें पूर्व सांसद अब्दुल खालिक समेत प्रदेश इकाई के कई वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं। इसके साथ ही पार्टी ने 15 सीट सहयोगी दलों के लिए छोड़ने का निर्णय लिया। पार्टी ने गत तीन मार्च को 42 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई का नाम भी शामिल था, जिन्हें जोरहाट से टिकट दिया गया है। पार्टी अब तक कुल 65 उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। कांग्रेस उम्मीदवारों की दो सूची राज्य विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित होने से पहले जारी की गई हैं। प्रदेश में इस साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव संभावित है।

पार्टी की ओर से घोषित उम्मीदवारों की दूसरी सूची के अनुसार, पूर्व सांसद खालिक को मंडिया विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है। शांतनु बोरा को न्यू गुवाहाटी, नूरुल इस्लाम को श्रीजनगराम, डेविड फूकन को तिनसुकिया और बिपुल गोगोई को टिंगखोंग से टिकट दिया गया है। कांग्रेस ने जो सीट सहयोगी दलों के लिए छोड़ी हैं उनमें प्लासबारी, गुवाहाटी सेंट्रल, मोरीगांव, गोरेश्वर और ब्रह्मपुर जैसे क्षेत्र शामिल हैं। असम में विधानसभा की कुल 126 सीट हैं।

## खेल हलचल

### पांचवां किसान गोल्फ कप शुरू



**जयपुर।** जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में शुक्रवार को पांचवां किसान गोल्फ कप शुरू हुआ। मीडिया प्रभारी डॉ. देवेंद्र कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन 124 गोल्फर्स ने हिस्सा लिया, जिसमें सभी हैंडीकैप वर्ग सहित वेटनर्स, बालिकाएं एवं प्रोफेशनल गोल्फर्स शामिल हुए। प्रतियोगिता के शेष मुकाबले शनिवार सुबह 7 बजे से खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का पुरस्कार वितरण समारोह दोपहर 1 बजे होगा, जिसमें मुख्य अतिथि यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा होंगे एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व खेल मंत्री कृष्णा पूनिया होंगी।

### मुख्यमंत्री आज दिखाएंगे विकसित राजस्थान रन 2026 को हरी झंडी

**जयपुर।** राजस्थान दिवस के आयोजन की कड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को सुबह साढ़े 6 बजे अमर जवान ज्योति स्मारक से राज्य स्तरीय विकसित राजस्थान रन 2026 को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। समारोह की अध्यक्षता युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में खेल राज्य मंत्री के.के. विश्नोई उपस्थित रहेंगे। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉ. नीरज के. पवन ने शनिवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम के अर्जुन मीटिंग हॉल में तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों व प्रशिक्षकों को बताया कि आयोजन को और व्यवस्थित बनाने के लिए 11 अलग-अलग समितियों का गठन किया गया है, जो पेयजल से लेकर चिकित्सा व्यवस्था तक का जिम्मा संभालेंगी।

### जयपुर व नाहरगढ़ के बीच फाइनल आज



**जयपुर।** जयपुर पोलो सीजन में शनिवार को श्री सीमेंट कप (आउट ऑफ हैट) के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में नाहरगढ़ टीम ने आरपीसी टीम को 7-5 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। विशाल सिंह राठौड़ ने 5 गोल दागे, जबकि विग्रहराज सिंह कोठारिया और दिव्यमान सिंह दूजोद ने 1-1 गोल का योगदान दिया। आरपीसी की ओर से पद्मनाभ सिंह ने भी 5 गोल किए। टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला रविवार को आरपीसी ग्राउंड पर टीम जयपुर और टीम नाहरगढ़ के बीच खेला जाएगा।

### महावीर स्कूल में खेल महोत्सव 22 को



**जयपुर।** महावीर स्कूल एलुमनी एसोसिएशन की ओर से 22 मार्च को स्कूल प्रांगण में चार स्कूलों की एलुमनी के बीच खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजू मंगोड़ीवाला ने बताया कि इसमें सेंट जेवियर स्कूल, माहेश्वरी स्कूल, विद्याश्रम एवं महावीर स्कूल के एलुमनाई के बीच क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल टेनिस तथा चैस की प्रतियोगिताएं होंगी। सचिव डॉ. साकेत माथुर ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता रणजी कप्तान विनोद माथुर व संजय व्यास, बैडमिंटन प्रतियोगिता राजस्थान बैडमिंटन के हेड कोच अतुल गुप्ता तथा टेबल टेनिस प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तरीय खिलाड़ी वैभव सिंगल संभालेंगे।

**28 मार्च से शुरू होगी इंडियन प्रीमियर लीग**

# धोनी का अंतिम सत्र हो सकता है आईपीएल 2026: इरफान

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का मानना है कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) महेंद्र सिंह धोनी का चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की तरफ से एक खिलाड़ी के रूप में यह अंतिम सत्र हो सकता है। जैसे-जैसे 2026 का आईपीएल करीब आ रहा है, धोनी के संन्यास को लेकर चर्चाएं फिर से तेज हो गई हैं। चेन्नई सुपर किंग्स ने हाल ही में संजू सैमसन को राजस्थान रॉयल्स से अपनी टीम में शामिल किया है, जिसके बाद अटकलें लगाई जा रही हैं कि धोनी इस बार खेल के मैदान पर कम दिखेंगे और वह मेंटोर की भूमिका निभा सकते हैं। इरफान ने जिओ हॉटस्टार से कहा, 'धोनी के बिना सीएसके की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। हो सकता है कि



इस सत्र में हम उन्हें आखिरी बार पीली जर्सी में देखें, लेकिन उनके बिना सीएसके और आईपीएल की कल्पना करना मुश्किल है।'

उन्होंने कहा, 'आईपीएल शुरू होने के साथ ही हम धोनी को फिर से खेलते हुए देखने लगते हैं। इसका मतलब है कि वह इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं और वह काफी फिट भी दिख रहे हैं।' 44 वर्षीय धोनी इस महीने की शुरुआत में चेन्नई में आयोजित सीएसके के प्रशिक्षण शिविर में शामिल हो चुके हैं और कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के नेतृत्व वाली टीम के साथ अभ्यास कर रहे हैं।

### सनराइजर्स का पहला मुकाबला रॉयल से

पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय बांगड़ ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स से जोस बटलर और संजू सैमसन के जाने के बाद टीम के युवा खिलाड़ियों को जिम्मेदारी संभालनी होगी। वहीं, पूर्व सलामी बल्लेबाज अभिनव मुकुंद ने कहा कि सनराइजर्स हैदराबाद के लिए शुरुआती मुकाबले चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। सनराइजर्स हैदराबाद अपना पहला मुकाबला 28 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु के खिलाफ खेलेगा, इसके बाद दो अप्रैल को कोलकाता नाइटराइडर्स और पांच अप्रैल को लखनऊ सुपर गेंट्स से उसका सामना होगा।

### किस्मत के सहारे खेल रहे वैभव: उथप्पा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने शनिवार को स्पष्ट किया कि आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अपनी किस्मत के सहारे खेल रहे हैं। टूर्नामेंट के लिए जयपुर के क्रिकेट प्रशंसक इस खिलाड़ी से एक बार फिर शानदार प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन उथप्पा ने उनके दूसरे सीजन को एक कठिन चरण बताया है। स्टार स्पोर्ट्स पर चर्चा के दौरान उथप्पा ने कहा कि जब क्रिकेट का स्तर ऊंचा और कठिन हो जाता है, तो विरोधी गेंदबाजों को पता होता है कि बल्लेबाज को कहां गेंदबाजी करनी है।

### द्रविड़, मिताली और बिन्नी को मिलेगा सी. के. नायडू अवार्ड

**मुंबई।** बीसीसीआई की ओर से रविवार को 'नमन पुरस्कार' समारोह में पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को कर्नल सी. के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही शुभमन गिल को सत्र 2024-25 के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय पुरुष क्रिकेटर (पॉली उमरीगर अवॉर्ड) व स्मृति मंधाना को सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर के रूप में चुना गया है। समारोह में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट के विभिन्न प्रारूपों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

### क्रिकेट प्रतियोगिता 16 से


**जयपुर।** भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग की पश्चिम क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 20 मार्च तक जयपुर में होगा, जिसमें मेजबान पी.ए.जी. राजस्थान सहित 8 टीमें भाग लेंगी। प्रधान महालेखाकार राजस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्रधान महालेखाकार प्रवीन्द्र यादव करेंगे।

**इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में लिंडा नोस्कोवा को सीधे सेटों में मिली हार**

## नोस्कोवा को हराकर फाइनल में पहुंचीं एरीना सबालेंका

**एजेंसी** | वेल्स

विश्व की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी एरीना सबालेंका ने 14वीं वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से हराकर इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ ही सबालेंका ने अपने कॅरिअर के 14वें डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में जगह बना ली है। कैलिफोर्निया में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला रविवार को सबालेंका और एलेना रिबाकिना के बीच खेला जाएगा। रिबाकिना



ने दूसरे सेमीफाइनल में एलिना स्वितोलिना को मात देकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की है। मैच के शुरुआती सेट में ही सबालेंका ने नियंत्रण बना लिया था। 21 वर्षीय नोस्कोवा की सर्विस में निरंतरता की कमी और एक डबल फॉल्ट का फायदा उठाते हुए बेलारूसी खिलाड़ी ने 5-1 की बढ़त हासिल की। दूसरे सेट के पहले गेम में ही सर्विस ब्रेक करना सबालेंका की जीत के लिए निर्णायक साबित हुआ, जिसके सामने नोस्कोवा वापसी करने में विफल रहीं। मैच के बाद अपनी जीत पर सबालेंका ने कहा कि इस मैच में सर्विस सबसे महत्वपूर्ण थी और मुझे लगा कि अगर मैं उन्हें एक भी मौका दूंगी, तो वह उसका फायदा उठा लेंगी।

## वंशदीप टैब्लिनटन: डॉक्टर्स स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का आगाज

**बेधड़क** | जयपुर

एसएमएस स्टेडियम में देश के सबसे बड़े डॉक्टर्स स्पोर्ट्स टूर्नामेंट 'वंशदीप टैब्लिनटन' के 11वें संस्करण की शुरुआत हुई। आयोजन में 50 टीमों के लगभग 800 डॉक्टर बैडमिंटन, टेबल टेनिस और कैरम में अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। पहले दिन बैडमिंटन में नवदीप इमेजिंग ने निम्स हॉस्पिटल को 7–0 से शिकस्त दी, वहीं प्रियंका हॉस्पिटल और शोल्डर एंड नी सेंटर ने भी अपने मैच जीते। टेबल टेनिस में खंडेलवाल



हार्ट इंस्टीट्यूट ने बढ़त बनाई, जबकि नव इम्पीरियल और ऋषब मल्टीस्पेशलिटी का मुकाबला ड्रॉ रहा। कैरम में साकेत हॉस्पिटल, आंगन मेडिनोवा और संभव डायग्नोस्टिक्स ने जीत दर्ज की।

# बिजनेस बेधड़क



**सर्राफा**

| सोना शुद्ध | जेवराती सोना | चांदी |
|---|---|---|
| 1,61,700 (-500) | 1,51,200 (-500) | 2,63,700 (-2,300) |

## जरूरी खबर

### एनएमडीसी ने लौह अयस्क उत्पादन में बनाया कीर्तिमान

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी NMDC Limited ने एक वित्त वर्ष में पांच करोड़ टन लौह अयस्क उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कंपनी ने कहा कि वह ऐसा करने वाली देश की पहली खनन कंपनी बन गई है और यह उपलब्धि वित्त वर्ष 2025-26 की समाप्ति से पहले हासिल की गई। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अमिताव मुखर्जी ने कहा कि भारत वर्ष 2030 तक इस्पात उत्पादन क्षमता को 30 करोड़ टन तक बढ़ाने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में लौह अयस्क की स्थिर और विश्वसनीय घरेलू आपूर्ति बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कंपनी कर्नाटक और छत्तीसगढ़ स्थित अपनी खदानों से लौह अयस्क की आपूर्ति जारी रखते हुए देश के इस्पात उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देती रहेगी।

**राजस्थान में होगा उत्पादन, 'मेक इन इंडिया' वाहन विदेशों में भी होंगे निर्यात**

# सीएम की जापान यात्रा का नतीजा प्रदेश में बनेगा होण्डा का पहला ईवी

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में होण्डा कार्स इंडिया लिमिटेड के पहले इलेक्ट्रिक वाहन मॉडल 'होंडा 0 अल्फा' का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान के टपूकड़ा संयंत्र में कंपनी द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन उत्पादन शुरू करना प्रदेश के लिए गर्व की बात है और यह राज्य की निवेश नीतियों पर वैश्विक विश्वास का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री ने कंपनी के प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के दौरान बताया कि प्रदेश सरकार औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड' के आह्वान के अनुरूप राजस्थान में ईवी निर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री

### टपूकड़ा संयंत्र में शुरू होगा उत्पादन



*सीएमओ में होण्डा के पहले इलेक्ट्रिक वाहन मॉडल का अनावरण करते सीएम भजनलाल शर्मा। साथ में मंत्री के.के. विश्नोई, सीएस वी. श्रीनिवास व अन्य।*

ने बताया कि 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' की तैयारियों के तहत सितंबर 2024 में जापान यात्रा के दौरान उन्होंने होंडा के शीर्ष प्रबंधन को राजस्थान में निवेश और इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण के लिए आमंत्रित किया था। साथ ही उद्योगों के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा भी दिलाया गया था। टपूकड़ा संयंत्र में इसी वर्ष इलेक्ट्रिक वाहन उत्पादन शुरू कर दिया जाएगा। यहां निर्मित 'मेड इन इंडिया' ईवी मॉडल घरेलू बाजार के साथ-साथ कई देशों में निर्यात भी किए जाएंगे। कंपनी के प्रेसिडेंट एवं सीईओ ताकाशी नाकाजिमा ने कहा कि टपूकड़ा संयंत्र भारत में होंडा का एक महत्वपूर्ण उत्पादन केंद्र है। कंपनी ने राजस्थान में ऑटो और ऑटो पार्ट्स की मजबूत सप्लाई चेन विकसित की है। बैठक में होंडा प्रतिनिधिमंडल के सदस्य, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### ग्रीन मोबिलिटी के साथ रोजगार बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार हरित ऊर्जा और ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के साथ रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं और यहां इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन शुरू होने से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि टपूकड़ा संयंत्र को इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रमुख उत्पादन केंद्र बनाए जाने से भविष्य में और निवेश आने की संभावना बढ़ेगी। साथ ही पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम होगी और पर्यावरण संरक्षण के साथ औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी।

### स्वच्छ परिवहन की दिशा में प्रदेश की प्रभावशाली नीतियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि होंडा का राजस्थान से जुड़ाव पुराना है। वर्ष 2007 में टपूकड़ा संयंत्र का शिलान्यास हुआ, 2014 में यहां वाहन उत्पादन शुरू हुआ और अब 2026 में इसी संयंत्र से पहला इलेक्ट्रिक वाहन बनेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ईवी खरीद पर अनुदान, सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने और 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों को स्क्रैप कराने पर छूट जैसी योजनाओं के जरिए स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा दे रही है।

## बाजार हलचल

### चांदी चौथे दिन भी टूटी, सोना भी कमजोर

**जयपुर।** जयपुर सर्राफा बाजार में शनिवार को कीमती धातुओं में चौथे दिन भी गिरावट का रुख बना रहा। चांदी के भाव में बड़ी गिरावट दर्ज की गई और यह एक दिन में 2,300 रुपए टूटकर 2,63,700 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई। वहीं सोने की कीमत भी 500 रुपए घटकर 1,61,700 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई। जयपुर सर्राफा कमेटी के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव और निवेशकों की रणनीति में बदलाव का असर स्थानीय बाजार पर भी पड़ा है। पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण सोने की मांग बनी हुई है, जिससे कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। बाजार में जेवराती सोना भी 500 रुपए घटकर 1,51,200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। कारोबारियों के अनुसार हाल के दिनों में चांदी में मुनाफावसूली बढ़ने से इसकी कीमतों में ज्यादा गिरावट देखने को मिली है।

### राजस्थान दिवस पर आज से राज्य स्तरीय ओडीओपी प्रदर्शनी, 120 स्टॉल लगेंगी

**जयपुर।** राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार से राज्य स्तरीय ओडीओपी (एक जिला-एक उत्पाद) प्रदर्शनी का शुभारंभ होगा। यह प्रदर्शनी 15 से 19 मार्च तक आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही जिला स्तरीय जेम्स एंड ज्वेलरी प्रदर्शनी 'रत्नम् जयपुर' का भी उद्घाटन किया जाएगा। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त सुरेश कुमार ओला ने बताया कि दोनों प्रदर्शनियों का उद्घाटन रविवार सुबह 11 बजे राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में किया जाएगा। प्रदर्शनी में प्रदेश के विभिन्न जिलों के ओडीओपी उत्पादों की करीब 120 स्टॉल लगाई जाएंगी, जहां आगंतुक इन उत्पादों को देख और खरीद भी सकेंगे। प्रदर्शनी में कारीगरों द्वारा कुछ उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन भी किया जाएगा। आमजन 19 मार्च तक सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राजस्थान दिवस सप्ताह के तहत प्रदेशभर में विभिन्न सांस्कृतिक और औद्योगिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## FSSAI के नए नियमों से कारोबारियों को राहत

**बेधड़क** | जयपुर

नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के के सदस्य सुभाष गोयल ने खाद्य व्यवसायों के लिए टर्नओवर सीमा में किए गए संशोधन पर खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल, 2026 से लागू होने वाले नए नियमों के तहत खाद्य व्यवसायों के लिए पंजीकरण की सीमा 1.5 करोड़ रुपए तक कर दी गई है, जबकि 1.5 करोड़ से 50 करोड़ रुपए तक के कारोबार पर राज्य लाइसेंस और 50 करोड़ रुपए



से अधिक टर्नओवर पर केंद्रीय लाइसेंस आवश्यक होगा। इस बदलाव से सूक्ष्म और लघु खाद्य कारोबारियों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को स्वतः पंजीकृत माना जाएगा, जिससे 10 लाख से अधिक विक्रेताओं को लाभ मिलेगा।

**बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच सेबी की निवेशकों को संयम रखने की सलाह**

# अनिश्चित समय में धैर्य ही निवेशकों की अच्छी रणनीति

**एजेंसी** | मुंबई

वैश्विक अनिश्चितताओं और बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने निवेशकों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अनिश्चित परिस्थितियों में निवेशकों के लिए संयम और दीर्घकालिक दृष्टिकोण ही सबसे बेहतर रणनीति होती है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और ऊर्जा बाजार में बढ़ती अस्थिरता के कारण वैश्विक बाजारों में दबाव





देखा जा रहा है। इस बीच पांडेय ने कहा कि अतीत के अनुभव बताते हैं कि संकट के दौर के बाद बाजार धीरे-धीरे स्थिर हो जाते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध जैसे संकटों के दौरान भी बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव आया, लेकिन समय के साथ स्थिति सामान्य हो गई।

### वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अनिश्चितताओं से घिरा हुआ

सेबी प्रमुख ने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक आर्थिक परिदृश्य कई तरह की अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है। इनमें भू-राजनीतिक तनाव, तेजी से हो रहे तकनीकी बदलाव और कृत्रिम मेधा (एआई) का बढ़ता उपयोग प्रमुख हैं। इन कारकों का असर दुनिया भर के पूंजी बाजारों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बाजारों में अस्थिरता असामान्य नहीं है, बल्कि यह वित्तीय बाजारों की स्वाभाविक विशेषता है। असली चुनौती यह होती है कि कठिन परिस्थितियों में भी वित्तीय प्रणाली कितनी पारदर्शी, निष्पक्ष और प्रभावी तरीके से काम करती है। पांडेय ने कहा कि भारतीय पूंजी बाजार की ताकत इस बात में है कि संस्थागत ढांचा मजबूत है और नियामकीय व्यवस्था निवेशकों के हितों की रक्षा करती है। यदि संस्थानों को और मजबूत किया जाए, निवेशकों की भागीदारी बढ़े और पारदर्शी शासन व्यवस्था कायम रहे, तो भारतीय पूंजी बाजार भविष्य की अनिश्चितताओं का भी मजबूती से सामना कर सकते हैं। उन्होंने निवेशकों से अल्पकालिक उतार-चढ़ाव से घबराने के बजाय दीर्घकालिक निवेश रणनीति अपनाने की सलाह दी।

# फर्स्ट इंडिया न्यूज ने किया 'सवाई माधोपुर के गौरव का सम्मान'

**बेधड़क** | जयपुर

फर्स्ट इंडिया न्यूज ने शुक्रवार को रणथंभौर स्थित होटल अनंता पैलेस में 'सवाई माधोपुर गौरव सम्मान-2026' का आयोजन किया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। समारोह में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और समाज के कई प्रमुख लोगों ने हिस्सा लिया। राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करते हुए सटीक रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में रामकेश मीणा और इंद्रा मीणा सहित जिले के कई प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीईओ एंड मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने चतुर्वेदी को प्रतिष्ठित नेता बताते हुए कहा कि वे सवाई माधोपुर के विकास को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सवाई माधोपुर, जो पहले मुख्य रूप से रणथंभौर अभयारण्य और धार्मिक पर्यटन के लिए जाना जाता था, अब शिक्षा, उद्योग और कौशल विकास के केंद्र के रूप में भी उभर रहा है। चतुर्वेदी ने डॉ. जगदीश चंद्र और पवन अरोड़ा की विश्वसनीय पत्रकारिता को मजबूत करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सवाई माधोपुर की बढ़ती कनेक्टिविटी और विकास पहलों का भी उल्लेख किया, जो नागरिकों को सशक्त बना रही हैं और नए अवसर पैदा कर रही हैं। इस अवसर पर 'महिला शक्ति सिद्धि सम्मान' और 'अन्नदाता सम्मान' मासिक पुरस्कारों की भी शुरुआत की गई, जिनके माध्यम से महिलाओं और किसानों को सम्मानित किया जाएगा। 'सच बेधड़क' अपने पाठकों के लिए कार्यक्रम की कुछ झलकियां लेकर आया है।


अरुण चतुर्वेदी को पौधा भेंट करते पवन अरोड़ा।


अरुण चतुर्वेदी और पवन अरोड़ा। फोटो: मुकेश किराडू


अनिल के बेनीवाल का सम्मान करते पवन अरोड़ा।


गौरव बुड्डानिया का सम्मान करते जिनेंद्र सिंह शेखावत।


विमला शर्मा का सम्मान करते पवन अरोड़ा।


हिमांशु गौतम का सम्मान करते अरुण चतुर्वेदी।


अभिमन्यु सिंह का सम्मान करते अरुण चतुर्वेदी।


कांता देवी सैनी का सम्मान करते पवन अरोड़ा और अरुण चतुर्वेदी।


पवन अरोड़ा के साथ फर्स्ट इंडिया टीम के सदस्य। बाएं से शेखर, जगत सिंह, हेमंत शर्मा, छीतर खान, घनश्याम करोल, विशाल माथुर, श्वेता मिश्रा अवस्थी, जिनेंद्र सिंह शेखावत, संदीप गोयल, दिव्या कांवलिया, सचिन भारद्वाज, बृजेश, सिमरन मंसूरी, मनीष, चेतन परिहार और इमरान खान।


गायिका रानू सैन।

## City इवेंट्स

### ईमानदार व निर्भीक कविता लिखने की सीख



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर के पब्लिसिस्ट और कवि जगदीप सिंह के काव्य संकलन 'व्हेन गॉड्स डोंट मैटर' पर जय क्लब में चर्चा आयोजित की गई। सत्र का आयोजन वाओ (वर्ल्ड ऑफ वर्ड्स) की ओर से किया गया। कार्यक्रम में लेखक ने वाओ की सदस्य अंकिता सोमानी जैन के साथ चर्चा की, जिसमें उन्होंने कवि बनने की यात्रा और पुस्तक के विभिन्न विषयों पर विचार साझा किए। सिंह ने कहा कि समकालीन कविताएं रचनात्मक अभिव्यक्ति की पूर्ण स्वतंत्रता देती हैं। इससे कवि प्रेम, जीवन, समाज और अपने व्यक्तिगत अनुभवों पर बिना किसी बाध्यता के लिख सकते हैं। बातचीत में उन्होंने लेखन प्रक्रिया, व्यक्तिगत और कन्फेशनल कविता के प्रति उनकी रुचि तथा कविता से निजी भावनाओं को व्यक्त करने के साहस पर चर्चा की। उन्होंने युवा कवियों को सलाह देते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक पढ़ें, अपनी अभिव्यक्ति में ईमानदार रहें और अनुभवों के बारे में निर्भीक होकर लिखें। संवाद के दौरान उन्होंने पुस्तक के कुछ विषयों - प्रेम, जीवन के उतार-चढ़ाव और लेखन की कला पर चिंतन को बताया। दिल्ली के हवाकाल पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से प्रकाशित इस काव्य संग्रह में 50 फ्री-वर्स कविताएं शामिल हैं। कार्यक्रम का समापन प्रश्न-उत्तर सत्र से हुआ।

### मायोपिया एक पब्लिक हेल्थ चैलेंज बना



**बेधड़क, जयपुर।** दुनिया भर में मायोपिया एक पब्लिक हेल्थ चैलेंज बन चुका है और अनुमान है कि 2050 तक दुनिया की लगभग 50 प्रतिशत आबादी मायोपिक होगी। सबसे चिंताजनक पहलू है कि मायोपिया बच्चों में जल्दी शुरू हो रहा है, जिससे आगे चलकर हाई मायोपिया का खतरा बढ़ जाता है, जो गंभीर जटिलताओं से जुड़ा है। भारत में भी यही रुझान दिख रहा है, खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों में। यह जानकारी ऑल इंडिया ऑप्थल्मोलॉजिकल सोसाइटी की इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस एआईओसी-2026 में वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. महिपाल सिंह सचदेव ने दी। कॉन्फ्रेंस के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. मुकेश शर्मा ने बताया कि तीसरे दिन के सत्रों में नेत्र विशेषज्ञों ने अनुभव साझा किए। डॉ. अनुराग मिश्रा ने लेसन लर्न्ट एंड ओवरकम्पेन्सेटे, डॉ. चित्रा राममूर्ति ने फेको इन पोस्ट विट्रेक्टोमाइज्ड आई, डॉ. महिपाल एस. सचदेव ने एलीवेटिंग कॉम्प्लिकेटेड कैटरेक्ट सर्जरी विद पोस्टेरियर सेगमेंट इंटरवेंशन विषय पर विचार रखे। ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. वीरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि बाल मोतियाबिंद सर्जरी पर आधारित वीडियो सत्र हुआ। डॉ. महिपाल ने बताया कि ताजा राष्ट्रीय अनुमान बताते हैं कि अगर शुरुआती स्तर पर रोकथाम नहीं की गई तो हर तीन में से एक बच्चा मायोपिया विकसित कर सकता है।

### अपेक्स यूनिवर्सिटी का चतुर्थ दीक्षांत समारोह बना यादगार

# डिग्रियां हाथों में आईं तो खिले उठे 1353 युवाओं के मन और चेहरे



**बेधड़क** | जयपुर

अपेक्स यूनिवर्सिटी में शनिवार को चतुर्थ दीक्षांत समारोह मनाया गया। समारोह के विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय संत समिति व गंगा महासभा महासचिव स्वामी जितेन्द्रानन्द सरस्वती व एक्म्स ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड संस्थापक व प्रबंध निदेशक संदीप जैन रहे। पूर्व आईपीएस अधिकारी, अखिल भारतीय विशेष संपर्क प्रमुख (भारतीय शिक्षण मंडल) व निदेशक आरएफआरएफ नागपुर शिवव्रत महापात्र भी उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय चेयरपर्सन डॉ. रवि जूनीवाल ने की। अचरोल स्थित अपेक्स यूनिवर्सिटी कैंपस में दीक्षांत समारोह की शुरुआत दीक्षांत परेड से हुई। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 16 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल व मेघा कोठारी को डॉ. सागरमल जूनीवाल मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्नातक के 998, स्नातकोत्तर के 286 विद्यार्थियों को उपाधियां दी गईं, जबकि विभिन्न विषयों में शोध कार्य पूर्ण करने वाले 53 शोधार्थियों को पीएच.डी. की डिग्री दी गई। गंगा संरक्षण, सनातन संस्कृति के संरक्षण तथा धार्मिक-सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में योगदान के लिए स्वामी जितेन्द्रानन्द सरस्वती तथा फार्मास्युटिकल उद्योग और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के क्षेत्र में योगदान के लिए संदीप जैन को डी.लिट. की मानद उपाधि दी गई। संजय शिक्षा समिति सचिव मनोज जुनीवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। यूनिवर्सिटी कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा रजिस्ट्रार डॉ. पंकज कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

### विश्व श्रवण दिवस पर गीतांजली हॉस्पिटल में आयोजन

# पब्लिक हेल्थ क्विज से श्रवण स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



**बेधड़क** | जयपुर

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार दुनिया भर में लगभग 43 करोड़ लोग किसी न किसी प्रकार की श्रवण हानि से प्रभावित हैं, जिनमें 3.4 करोड़ से अधिक बच्चे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि समय पर जागरूकता, जांच और उचित उपचार से कई मामलों में श्रवण हानि को रोका या कम किया जा सकता है। यह बात गीतांजली हॉस्पिटल, जयपुर की ओर से 'HearQuest 2026' पब्लिक हेल्थ क्विज प्रतियोगिता में सामने आई। कार्यक्रम गीतांजली इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की ओर से WHO के सहयोग से आयोजित किया गया। आयोजन सचिव डॉ. कालिका गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग, गीतांजली हॉस्पिटल जयपुर रहीं। आयोजन समन्वय में डॉ. ललित भंडारी, डॉ. यामिनी सिंह और डॉ. सृष्टि जैन ने सहयोग किया। 'HearQuest' में देशभर से 57 टीमों ने पंजीकरण कराया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अशोक गुप्ता, डीन व प्रिंसिपल, गीतांजली इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ने की। इस अवसर पर ईएनटी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता अग्रवाल, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रो. व विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार शर्मा व अनुराग जैन, ग्रुप वाइस प्रेसिडेंट, गीतांजली ग्रुप ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में डॉ. ए. के. अग्रवाल, डॉ. सुनीला गर्ग, डॉ. मोहम्मद अशील, स्निग्धा सरकार तथा डॉ. मोहनिश ग्रोवर विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान HIMS वाराणसी और द्वितीय स्थान HIMS उत्तराखंड रहा, जबकि तृतीय स्थान SMS मेडिकल कॉलेज को मिला।

### 'अनहद' संगीत श्रृंखला | आरआईसी में पद्मविभूषण सरोद वादक उस्ताद अमजद अली खान ने सजाई शाम

# सरोद और तबले के बीच सवाल-जवाब ने किया मंत्रमुग्ध

**बेधड़क** | जयपुर


'अनहद' संगीत श्रृंखला की सातवीं कड़ी में शनिवार शाम राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर का मुख्य सभागार सरोद के मधुर और आत्मीय सुरों से गुंजायमान हो उठा। पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार, स्पिकमैके और राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पद्मविभूषण सरोद वादक उस्ताद अमजद अली खान ने कई वर्षों बाद जयपुर में प्रस्तुति देकर संगीत प्रेमियों को यादगार संगीतमय अनुभव दिया।

उन्होंने अत्यंत श्रृंगारिक और आत्मीय शैली में राग श्यामा गौरी की प्रस्तुति दी। इस राग की शुरुआत उन्होंने गुरु वंदना से कर राग को विस्तार दिया। उनके सरोद से निकलते मधुर स्वरों ने सभागार में एकाग्रता और भावनात्मक गहराई का वातावरण रच दिया। उनकी प्रस्तुति में परंपरा की गंभीरता और सहज अभिव्यक्ति का अद्भुत संतुलन देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान सरोद और तबले के बीच सवाल-जवाब भी श्रोताओं के लिए विशेष आकर्षण रहा। तबले पर रोहन बोस और जुहेब की संगत ने संगीतमय संवाद को और भी रोचक बना दिया। लय और स्वर के इस जीवंत संवाद पर सभागार बार-बार तालियों से गूंजता रहा। प्रस्तुति के दौरान उस्ताद अमजद अली खान ने श्रोताओं से संवाद करते हुए कहा कि आज की दुनिया बहुत तेजी से भाग रही है और लोगों के पास समय का अभाव है। ऐसे में कलाकारों को भी समय की इस सीमा को समझते हुए अपनी प्रस्तुतियों को उसी अनुरूप ढालना होगा। उन्होंने कहा कि संगीत ईश्वर की उपासना का सबसे सशक्त माध्यम है और हमें बच्चों को शब्दों से पहले संगीत की सरगम का ज्ञान देना चाहिए, ताकि उनमें संवेदना और सौंदर्यबोध का विकास हो सके। इस मौके पर बड़ी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित रहे, जिन्होंने कला और कलाकारों को प्रोत्साहित करते हुए देर तक कार्यक्रम का आनंद लिया।


कार्यक्रम में प्रस्तुति देते पद्मविभूषण सरोद वादक उस्ताद अमजद अलीखान।


सभागार में संगीत का आनंद लेते श्रोता।

# गोल्डन जुबली में सजाया 5 दशकों की यादों का गुलदस्ता



परिवार के साथ ओम प्रकाश मोदी और स्नेह लता मोदी। साथ में हैं बाएं से परी मोदी, याश्री मोदी, शिल्पा मोदी, सपना मोदी, राधिका मोदी, आराध्या मोदी, अजय कृष्णा मोदी, विजय कृष्णा मोदी, अतुल कृष्णा मोदी, दिव्यांशी मोदी, गौरांगी मोदी, अदिति मोदी और चिन्मय मोदी।




स्नेह लता मोदी और ओम प्रकाश मोदी को शुभकामनाएं देते सौरभ कक्कड़ और विनी कक्कड़। साथ में हैं डॉ. धीरज, डॉ. दीप्ति और सेवानिवृत्त आईपीएस बीएल सोनी।

बेधड़क | जयपुर

ओके प्लस बिल्डर एंड डेवलपिंग ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर ओम प्रकाश मोदी और उनकी पत्नी स्नेह लता मोदी की 50वीं विवाह वर्षगांठ का समारोह बीलवा स्थित चंदन वन रिजॉर्ट में मनाया गया। गोल्डन जुबली समारोह में दोनों के 5 दशकों के साथ, प्रेम और यादों की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। वरमाला समारोह के बाद सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके बाद केक-कटिंग की रस्म निभाई गई। फेमिली ने 50 वर्षों की यात्रा को याद किया। मेहमानों ने कपल को स्मृति चिह्न भेंट किए। इस अवसर पर नगरीय विकास व स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, वित्त आयोग अध्यक्ष व पूर्व राजस्थान भाजपा अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, इस्कॉन जयपुर अध्यक्ष पंचरत्न दास, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा तथा वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व विधायक अशोक लाहोटी शामिल हुए। समारोह में आईएएस अधिकारी नवीन महाजन, पूर्व आईपीएस अधिकारी बी. एल. सोनी, भाजपा नेता रवि नैयर तथा गुप्त वृंदावन से जुड़े आध्यात्मिक प्रतिनिधि मौजूद रहे। उद्योगपति सौरभ कक्कड़ और सफारी ग्रुप ऑफ होटल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर पवन गोयल मौजूद रहे। फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीईओ एंड मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा का प्रतिनिधित्व करते हुए सतीश अग्रावत उपस्थित रहे। उन्होंने बुके भेंट कर दंपती को बधाई और शुभकामनाएं दीं। परिवार के चिन्मय कृष्णा, परी, याश्री, अदिति, दिव्यांशी, गौरांगी, आराध्य कृष्णा, अजय कृष्णा, राधिका मोदी, विजय कृष्णा, सपना मोदी, अतुल कृष्णा, शिल्पा मोदी, ज्योति माहेश्वरी, इंदु माहेश्वरी, अतुल मोदी और सुधीर जैन ने दंपती की वैवाहिक यात्रा से जुड़े यादगार पलों को साझा किया।



आनंद मिश्रा, नवीन महाजन, डॉ. सुषमा महाजन और सपना मोदी।



स्नेह लता मोदी और ओम प्रकाश मोदी को भगवान श्रीनाथजी की सुंदर प्रतिमा भेंट करते विधायक डॉ. गोपाल शर्मा।

## City इवेंट्स

### परंपरा और समकालीन कला का संगम



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर में परंपरागत और समकालीन कला के बीच संवाद को नया आयाम देने के उद्देश्य से 'ट्रेडीशंस इन ट्रांजिशन' शीर्षक से राष्ट्रीय कला रेजिडेंसी की शुरुआत की गई। कलानेरी आर्ट सेंटर और आयाम रेजिडेंसी के सहयोग से कलानेरी आर्ट गैलरी में शुरू हुए आयोजन में देश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकार भाग ले रहे हैं। कलानेरी आर्ट गैलरी की ओनर और कार्यक्रम की क्यूरेटर सौम्या विजय शर्मा ने बताया कि 16 से 18 मार्च तक प्रिंट मेकिंग वर्कशॉप, 17 मार्च को टेक्सटाइल आर्ट वर्कशॉप तथा 18 से 19 मार्च तक 'माता ने पाछेड़ी' वर्कशॉप शामिल हैं। कार्यशालाओं में विशेषज्ञ कलाकार प्रतिभागियों को पारंपरिक तकनीकों और समकालीन प्रयोगों से परिचित कराया जाएगा। कला प्रेमी और विद्यार्थी लाइव डेमो, स्टूडियो विजिट, कलाकार संवाद और इंटरेक्टिव वर्कशॉप्स के माध्यम से कलाकारों के साथ सीधे संवाद कर सकेंगे। प्रतिभागियों को समकालीन टेक्सटाइल आर्ट को निशिगंधा खलत्कर, प्रिंट मेकिंग में नरेंद्र सेन, पेंटिंग में तानिया फटनानी और गुजरात की ऐतिहासिक लोक कला 'माता ने पाछेड़ी' को दिलीप चितारा जैसे विविध कलाकारों से इन कलारूपों को नजदीक से समझने और उन्हें स्वयं अनुभव करने का अवसर मिलेगा। सौम्या शर्मा ने बताया कि 16 वर्षों से कलानेरी आर्ट सेंटर प्रदर्शनियों, कला रेजिडेंसी और विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से कला संवाद को आगे बढ़ाता रहा है। नई रेजिडेंसी उसी परंपरा का विस्तार है, जिसका उद्देश्य परंपरा और समकालीन कला के बीच रचनात्मक संवाद स्थापित करना है।

### काव्य संध्या के पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क, जयपुर।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद, जयपुर विभाग की ओर से 'राष्ट्र साधना के 100 वर्ष' विषय पर काव्य संध्या का आयोजन 22 मार्च को किया जाएगा। इसके लिए कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सचिवालय में किया। परिषद महामंत्री केशव शर्मा ने बताया कि काव्य संध्या में देशभक्ति, संस्कृति और राष्ट्र चेतना से ओतप्रोत रचनाओं का पाठ किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित कवि और साहित्यकार प्रस्तुतियों से रोमांचित करेंगे।

### अन्तर्द्वंद सोलो आर्ट एग्जीबिशन का शुभारंभ



**बेधड़क, जयपुर।** युवा कलाकार आदि प्रिया की पहली सोलो आर्ट एग्जीबिशन 'अन्तर्द्वंद' का शुभारंभ जेकेके आर्ट गैलरी में किया गया। प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में उदयपुर की कलाकार शैल चोयल व कोलकाता की केतकी राय चौधरी उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथियों ने प्रदर्शनी का उद्घाटन कर आदि प्रिया की कला की सराहना की। आदि के गुरु वीरेंद्र प्रताप सिंह मोदियाल ने बताया कि प्रदर्शनी उनके लिए गर्व की बात है। आदि की मेहनत को धरातल पर उतारने के लिए चंद्रशेखर सैन, निखत अंसारी, लखन सिंह जाट और अमित हरित का सहयोग रहा। दो दिवसीय प्रदर्शनी में आदि की अलग-अलग कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी।

## पोस्टर की लॉन्चिंग से हुई ब्यूटी पेजेंट के रजिस्ट्रेशन की शुरुआत

# कामकाजी महिलाओं के अधूरे रहे सपनों को उन्मुक्त उड़ान देगी 'मिसेज राजस्थान'

बेधड़क | जयपुर

फ्यूजन ग्रुप की ओर से व ग्रैंड सफारी और हेवा-हेवन रिसोर्ट के सहयोग से आयोजित ब्यूटी पेजेंट मिसेज राजस्थान-2026 के रेजिस्ट्रेशन की शुरुआत 200 फीट स्थित होटल प्राईम सफारी में पोस्टर लॉन्च से हुई। ग्रैंड सफारी डायरेक्टर व समाजसेवी पवन गोयल, मिसेज राजस्थान डायरेक्टर योगेश मिश्रा व हेवा हेवन रिसोर्ट के जी.एम रवींद्र सिंह, मिस राजस्थान की डायरेक्टर एकता जैन, मिस ओशन वर्ल्ड के डायरेक्टर सी.पी राठौर, रुवी डिजीटल के डायरेक्टर आलोक शर्मा, मिस ग्लोबल इंडिया मिताली कोर, मिस फ्यूजन इंडिया अदिति शर्मा ने पोस्टर लॉन्च किया व रेजिस्ट्रेशन ओपन करने की विधिवत घोषणा की। आयोजक निमिषा मिश्रा ने बताया कि राजस्थान में प्रमोशनल इवेंट्स किए जाएंगे व जयपुर में 17 से 23 मई तक होटल ग्रैंड सफारी में ग्रूमिंग सेशन, प्री-इवेंट आदि होंगे। 24 मई को आगरा रोड स्थित हेवा हेवन रिसोर्ट में फिनाले का आयोजन होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य घर में बैठी महिलाएं (कामकाजी) जिनके अधूरे ख्वाब रह गए हैं, उन्हें नई उड़ान देना है। फिनाले के बाद महिलाएं नेशनल व इंटरनेशनल लेवल पर राजस्थान का प्रतिनिधत्व करेंगी। महिलाओं के लिए इंस्पिरेशन बन चुकी निधि शर्मा मिसेज राजस्थान-2025 व रनरअप ललिता नेहरा ने बताया कि 20 से 50 वर्ष की विवाहित महिलाएं मिसेज राजस्थान के लिए ऑफिशियल नम्बर 9660868100 पर रजिस्टर कर सकती हैं।




निधि शर्मा और ललिता नेहरा।



निमिषा मिश्रा और योगेश मिश्रा के साथ एकता जैन।



मिताली कौर, आलोक शर्मा और मीनाक्षी छापोला।



अदिति ब्रह्मभट्ट, रविंद्र सिंह, अदिति शर्मा और सीपी राठौड़।

## तकनीक से आय के नए स्त्रोत पैदा करने की जरूरत



बेधड़क | जयपुर

श्रीगंगानगर को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने की सोच के साथ डॉ. विशु टांटिया और डॉ. मोहित टांटिया ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उत्तरी-पश्चिमी राजस्थान के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक उत्थान में टांटिया परिवार के योगदान की सराहना की। टांटिया समूह के मुख्य मार्गदर्शक डॉ. विशु टांटिया ने मुख्यमंत्री को श्रीगंगानगर आने का न्यौता दिया। टांटिया यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरपर्सन डॉ. मोहित टांटिया ने मुख्यमंत्री के सामने 'राइजिंग राजस्थान' की तर्ज पर 'गंगानगर राइजिंग' का विजन रखा, जिसमें सरकार और टांटिया ग्रुप मिलकर भारत-पाक बॉर्डर एरिया के निवासियों के लिए रोजगार, व्यापार और आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने पर काम करें। डॉ. मोहित ने मुख्यमंत्री को सहकारिता के क्षेत्र में किए जा रहे टांटिया ग्रुप के नवाचारों से अवगत कराया और लालगढ़ हवाई पट्टी को पायलट ट्रेनिंग स्कूल के लिए लीज पर दिए जाने का आभार जताया।

## ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग के लिए चयन 15 अप्रैल से




बेधड़क | जयपुर

ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग (सीजन-1, नॉर्थ जोन) के लिए राजस्थान के खिलाड़ियों का चयन 15 अप्रैल से शुरू होगा। इससे राज्य के टेनिस क्रिकेट खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।

चयन प्रक्रिया से पहले कुरुक्षेत्र के वेटा होटल में लीग का औपचारिक शुभारंभ किया गया। शुभारंभ के दौरान पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा मुख्य अतिथि रहे।

इस मौके पर लीग चेयरमैन सोमनाथ गाबा, आयोजक रवि कुमार गाबा और विनय काम्बोज ने लीग के पहले टूर्नामेंट की जानकारी देते हुए बताया कि पहला टूर्नामेंट 16 से 21 जून तक कुरुक्षेत्र के समाना बहु पंचायत में होगा, जहां राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। वहीं कार्यक्रम में आकाश चोपड़ा ने लीग का पोस्टर और टीम जर्सी का अनावरण किया और खिलाड़ियों को खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/003/2026-28

# न्यूज बेधड़क

FIRST INDIA

सच बेधड़क
जयपुर, रविवार, 15 मार्च, 2026





“ बुद्धिमत्ता जटिलता नहीं, स्पष्टता से प्रकट होती है।
**डॉ. जगदीश चंद्र,**
सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ

### चित्तौड़गढ़ मेवाड़ गौरव सम्मान- सीजन 4 आज

# मेवाड़ के प्रतिभाशाली लोगों का होगा सम्मान

## सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक होंगे मुख्य अतिथि, सांसद सी.पी. जोशी करेंगे अध्यक्षता




**बेधड़क** | जयपुर

फर्स्ट इंडिया न्यूज की ओर से आयोजित 'चित्तौड़गढ़ मेवाड़ गौरव सम्मान' का चौथा सीजन रविवार को चित्तौड़गढ़ में आयोजित होगा। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली मेवाड़ क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। समारोह शाम 6:30 बजे होटल अमृत मंथन, चित्तौड़गढ़ में आयोजित होगा। कार्यक्रम में राज्य के सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक मुख्य अतिथि होंगे, जबकि चित्तौड़गढ़ सांसद और पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चंद्र प्रकाश जोशी समारोह की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी, बेगूं विधायक डॉ. सुरेश धाकड़, चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर, चित्तौड़गढ़ जिला कलेक्टर आलोक रंजन और पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी मौजूद रहेंगे।

इसके अलावा पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता उदयलाल आंजना, श्री सांवलियाजी मंदिर बोर्ड के अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव, चित्तौड़गढ़ नगर परिषद के पूर्व उपसभापति बद्रीलाल जाट (जगपुरा), कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया तथा पूर्व कांग्रेस विधायक सुरेंद्र सिंह जाड़ावत भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

यह आयोजन फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीएमडी एवं एडिटर-इन-चीफ डॉ. जगदीश चंद्र और सीईओ व मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा की पहल पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य मेवाड़ क्षेत्र के उन प्रतिभाशाली लोगों को सम्मानित करना है, जिन्होंने समाजसेवा, संस्कृति, जनसेवा और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की कई प्रतिष्ठित हस्तियों के शामिल होने की संभावना है।



*गौतम कुमार दक।*



*सीपी जोशी।*



*श्रीचंद कृपलानी।*

## विरासत और संस्कृति को संजोकर रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी: शेखावत



*जोधपुर में 'भारत की विश्व विरासत: राजस्थान' प्रदर्शनी का उद्घाटन करते केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत।*

**बेधड़क** | जोधपुर

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि हजारों वर्षों तक चले विदेशी आक्रमणों और लगभग दो सौ साल की अंग्रेजी गुलामी के दौरान जितना नुकसान भारत की संस्कृति और परंपराओं को नहीं हुआ, उससे कहीं अधिक क्षति आजादी के बाद के 60-65 वर्षों में हुई। हालांकि अब देश एक नए सांस्कृतिक पुनर्जागरण के दौर में प्रवेश कर चुका है और अदम्य जिजीविषा के बल पर भारत एक बार फिर मजबूती से खड़ा होने के लिए तैयार है।

शेखावत शनिवार को जोधपुर स्थित जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय में आयोजित 'भारत की विश्व विरासत: राजस्थान' प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कुलगुरु प्रो. पवन कुमार शर्मा के सानिध्य में प्रदर्शनी का उद्घाटन किया तथा श्रेष्ठ पोस्टर बनाने वाले प्रतिभागियों को उत्कृष्टता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत आज अपनी सांस्कृतिक पहचान और विरासत को पुनर्स्थापित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस दौर में राष्ट्रीय अभिलेखागार और सांस्कृतिक धरोहरों से जुड़े आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### पांडुलिपि परंपरा भारत की बौद्धिक विरासत

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भारत की प्राचीन पांडुलिपि परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि हजारों वर्षों से विद्वानों ने ताड़पत्र, भोजपत्र, पेड़ों की छाल और रेशमी कपड़ों पर ज्ञान को लिपिबद्ध किया। विभिन्न भाषाओं और लिपियों में लिखी गई ये पांडुलिपियां भारत की बौद्धिक विरासत की अमूल्य निधि हैं। इस धरोहर को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करने के उद्देश्य से सरकार ने ज्ञान भारतम मिशन शुरू किया है। इसके तहत पांडुलिपियों और दस्तावेजों को कंप्यूटर-रीडेबल बनाया जा रहा है, ताकि भारत का ज्ञान विश्व समुदाय के लिए सुलभ हो सके। उन्होंने बताया कि इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता ली जा रही है, जिससे 22 भारतीय भाषाओं में सामग्री को पढ़ने और अनुवाद करने की सुविधा विकसित की जा रही है।

### CM ने अल्बर्ट हॉल पर श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

# प्रदेश को स्वच्छ, समृद्ध और विकसित बनाने का आह्वान

■ स्वच्छता संकल्प एवं जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को दो कार्यक्रमों में भाग लेकर स्वच्छता और आर्थिक विकास के संदेश दिए। अल्बर्ट हॉल में उन्होंने प्रदेशभर में स्वच्छता संकल्प एवं जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत की और भांकरोटा में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन को संबोधित किया। दोनों अवसरों पर उन्होंने राजस्थान को स्वच्छ, समृद्ध और विकसित बनाने का आह्वान किया।

अल्बर्ट हॉल परिसर में सीएम भजनलाल शर्मा ने स्वयं श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार का काम नहीं, बल्कि हर व्यक्ति का व्यक्तिगत कर्तव्य है। स्वच्छता स्वास्थ्य की आधारशिला, पर्यावरण संरक्षण की कुंजी और आर्थिक प्रगति का आधार है।

कार्यक्रम में उन्होंने नगर निगम के सफाईकर्मियों को पीपीई किट वितरित कीं और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक सौंपे। मौजूद लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई और रामनिवास बाग में पौधारोपण भी किया गया। सीएम शर्मा ने कहा कि राजस्थान दिवस के भव्य आयोजन की शुरुआत स्वच्छता से हुई है। हमारा संकल्प है कि राजस्थान आर्थिक समृद्धि के साथ स्वच्छता और स्वास्थ्य में भी देश का अग्रणी राज्य बने।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को अल्बर्ट हॉल पर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।*

### विकसित राजस्थान-2047 के लक्ष्य में वैश्य समाज की भूमिका अहम

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वैश्य समाज में संगठन की प्रबल शक्ति और समाज के प्रति गहरी प्रतिबद्धता है। भारत के इतिहास में वैश्य समाज का योगदान सदैव अग्रणी रहा है। यह समाज देश की आर्थिक रीढ़ है। इसने हजारों वर्षों से देश की अर्थव्यवस्था को थामे रखा है। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज का परिश्रम, व्यापार कौशल और ईमानदारी देश की समृद्धि में सहायक रहे हैं। सीएम शनिवार को भांकरोटा में अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद छोटे व्यापारियों से लेकर बड़े उद्योगपतियों ने मिलकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत 2047 और विकसित राजस्थान 2047 का लक्ष्य वैश्य समाज के विकास और सहयोग के बिना अधूरा है।



### CM आज नई दिल्ली में करेंगे राजस्थान उत्सव का उद्घाटन

राज्य सरकार इस बार भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (19 मार्च) को राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों और आयोजनों के माध्यम से भव्य उत्सव मनाने जा रही है। इसी कड़ी में नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में 15 से 25 मार्च तक राजस्थान उत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बीकानेर हाउस प्रांगण में रविवार को शाम 7 बजे करेंगे। इस उत्सव में प्रदेश की जीवंत लोक परंपराओं, कला, संस्कृति व पारंपरिक खान-पान की अनूठी झलक प्रस्तुत की जाएगी। बीकानेर हाउस प्रांगण में राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख केंद्र है।

## बेधड़क FIRST

### कांग्रेस से बीजेपी में आए दिग्गज पढ़ेंगे एकात्म मानववाद का पाठ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रशिक्षण महाअभियान में कांग्रेस से बीजेपी में आए कई दिग्गज नेता हिस्सा लेंगे। इसमें पूर्व राज्य मंत्री राजेंद्र यादव और डेगाना से पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा मुख्य रूप से शामिल होंगे। राजेंद्र यादव ने गहलोत सरकार में उच्च शिक्षा और गृह विभाग संभाले। वे जयपुर ग्रामीण की कोटपूतली विधानसभा से विधायक रह चुके हैं और कोटपूतली को जिला बनाने में उनका योगदान रहा है। महाअभियान में वे पंच निष्ठाओं का ग्रहण करेंगे और एकात्म मानववाद का पाठ पढ़ाएंगे। रिछपाल मिर्धा कृषक शिरोमणि स्वर्गीय नाथू राम मिर्धा के परिवार से ताल्लुक रखते हैं। वे अपने बेटे और पूर्व विधायक विजयपाल मिर्धा के साथ प्रशिक्षण सत्र में भाग लेंगे। पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा के रिछपाल चाचा हैं और ज्योति मिर्धा बीजेपी की प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। बीजेपी के प्रदेश स्तर के प्रशिक्षण महाअभियान में कांग्रेस से बीजेपी में आए कई बड़े नेता शामिल होंगे और पार्टी का प्रशिक्षण लेंगे। इसमें प्रमुख नेता पूर्व सांसद और पूर्व डॉ. करण सिंह यादव भी शामिल होंगे। यादव दो बार अलवर से सांसद रह चुके हैं और अशोक गहलोत के करीबी नेता माने जाते हैं। पूर्व कृषि मंत्री लालचंद कटारिया महाअभियान में पंच निष्ठाओं का पाठ पढ़ेंगे। कटारिया कांग्रेस के बड़े चेहरे रह चुके हैं। उन्होंने गहलोत सरकार में कृषि मंत्रालय संभाला और यूपीए की मनमोहन सरकार में भी मंत्री रहे। कटारिया जयपुर ग्रामीण से लोकसभा सांसद रह चुके हैं। इसके अलावा एक बार आमेर और दो बार झोटवाड़ा से विधायक रह चुके हैं। वे जाट समाज के कद्दावर नेता माने जाते हैं और उनके पिता भी आमेर से कांग्रेस विधायक रहे।

### IPS पंकज चौधरी प्रमोशन मामले पर लेकर न्यायालय की तल्ख टिप्पणी

IPS पंकज चौधरी के प्रमोशन मामले में न्यायालय ने गृहविभाग और कार्मिक विभाग को कड़ी फटकार लगाते हुए तीन सप्ताह में समाधान करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को पहले ही पंकज चौधरी को प्रमोशन और समस्त लाभ देने के निर्देश दिए थे लेकिन तीन माह बीतने के बाद भी पालन नहीं किया गया।

### पश्चिम बंगाल में भाजपा ने नेताओं को दिया प्रचार प्रसार का टास्क

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने प्रचार और प्रसार का जिम्मा कई नेताओं को सौंपा है। देशभर से गए नेताओं में राजस्थान के कई वरिष्ठ नेता शामिल हैं। इनमें कैलाश चौधरी, जितेन्द्र गोठवाल, अतुल भंसाली, शंकर सिंह राजपुरोहित, डॉ. मनोज राजोरिया, अशोक सैनी, वासुदेव चावला, पवन दुग्गल, नीरज जैन, विष्णु चेतानी, लादू लाल तेली, कमलेश पुरोहित और देवकिशन मारू शामिल हैं। ये सभी नेता पिछले दो महीने से पश्चिम बंगाल में सक्रिय हैं और राज्य में पार्टी की मजबूत पैठ बनाने पर ध्यान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने इन नेताओं को प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी है। भविष्य में और नेताओं को भी पश्चिम बंगाल भेजा जाएगा। यदि चुनाव परवान चढ़ता है तो खुद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी प्रचार में शामिल हो सकते हैं क्योंकि पिछली बार के चुनाव में वे कई महीने पश्चिम बंगाल में रहकर प्रचार कर चुके हैं।

### एक बंगला बन रहा न्यारा

शहर की प्राइम लोकेशन में आरटीओ अधिकारी के लिए नया बंगला बन रहा है जो अपनी भव्यता और आलीशान निर्माण के कारण पूरे महकमे में चर्चा का विषय बन गया है। सुरक्षा के मद्देनजर विभाग से जुड़े गार्ड तैनात करने की भी योजना बनाई गई है।

### वांगचुक की रिहाई पर बोले गहलोत

## कानूनों का गलत इस्तेमाल लोकतंत्र के लिए खतरा

**बेधड़क** | जयपुर



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की रिहाई का समाचार सुखद है, लेकिन यह पूरा प्रकरण केंद्र सरकार की कार्य प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। गहलोत ने कहा कि यह कैसी विडंबना है? जो सोनम वांगचुक कभी केंद्र सरकार की नीतियों के समर्थक रहे, जब उन्होंने लद्दाख के हक और पर्यावरण की आवाज उठाई तो उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून जैसी कठोर धाराओं में बांधकर जोधपुर जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति को कुछ माह पहले 'देश की सुरक्षा के लिए खतरा' बताकर जेल की सलाखों के पीछे डाला गया, उन्हें अचानक रिहा करने की बात आई यानी उनके खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं मिले। ऐसे में उनकी हिरासत के 170 दिनों का हिसाब कौन देगा? उन्हें गिरफ्तार क्यों किया गया था? गहलोत ने सवाल किया कि क्या राष्ट्रीय सुरक्षा की परिभाषा अब भाजपा के राजनीतिक नफा-नुकसान से तय होगी? तानाशाही प्रवृत्ति से कानूनों का ऐसा 'सुविधाजनक इस्तेमाल' न केवल निंदनीय है, बल्कि हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर भी गहरा आघात है। देश की जनता इस दोहरे मापदंड को देख रही है।

## वैज्ञानिकों ने 'लाइकेन पतंगों' की दो नई प्रजातियों की खोज की

**बेधड़क** | नई दिल्ली

जेडएसआई के वैज्ञानिकों ने पारिस्थितिकी तंत्र के लिए महत्वपूर्ण कीट माने जाने वाले 'लाइकेन पतंगों' की दो नई प्रजातियों की खोज की है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'कौलोसेरा होलोवेई और असुरा बुक्सा की खोज भारत में पतंगों की जैव विविधता के दस्तावेजीकरण में एक महत्वपूर्ण योगदान है।' यह सफलता हिमालय जैसे जैव विविधता के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निरंतर वर्गीकरण संबंधी प्रयासों की आवश्यकता को रेखांकित करती है।

### जनप्रतिनिधियों की शिकायतों का असर

# पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल, कई जिलों के हटाए SP

**राजेंद्र छाबड़ा** | बेधड़क

**जयपुर।** सरकार ने शुक्रवार देर रात IPS की ट्रांसफर लिस्ट का बचा हुआ पार्ट-2 भी आखिर जारी कर दिया। इसमें DIG से लेकर SP और डिप्टी कमिश्नर लेवल के कुल 64 IPS का फेरबदल किया गया है। इसमें 17 DIG और 27 SP व डिप्टी कमिश्नर शामिल हैं। राजधानी जयपुर में कमिश्नरेट में एडिशनल कमिश्नर व दो डिप्टी कमिश्नरों को बदला गया है, जबकि जयपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी (JDA) में Adl. DG की खाली पोस्ट को भरा गया है। 2012 बैच के 10 IPS को प्रमोशन के बाद DIG की ऊंची पोस्ट पर लगाया गया है।

लिस्ट की सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात है 27 SP का बदला जाना। यह संभावित और जरूरी था। इनमें से कई जिलों के SP वहां के जन प्रतिनिधियों की शिकायतों पर हटाए गए हैं। 10 जिलों के SP को तो जिलों में फील्ड से ही हटा कर ऑफिशियल काम पर लगा दिया गया है। ये हैं- योगेश गोयल (उदयपुर), राजेश यादव (सलूम्बर), राजेंद्र मीणा (बूंदी), कावेंद्र सिंह सागर (बीकानेर), लोकेश सोनवाल (करौली), प्यारे लाल शिवरान (सिरोही), वन्दिता राणा (अजमेर), कुंदन कांवरिया (फलोदी), मनीष कुमार चौधरी (खैरथल-तिजारा) और प्रशांत किरण (भिवाड़ी)। पुलिस फोर्स में किसी अधिकारी की फील्ड पोस्टिंग छीनना अधिकारी को कमजोर करना माना जाता है।

5 जिलों के SP का जिला बदला गया है, सुधीर जोशी बांसवाड़ा से झुंझुनूं, नरेंद्र सिंह मीणा बाड़मेर से हनुमानगढ़, मृदुल कच्छवा नागौर से बीकानेर, अमृत दुहन श्रीगंगानगर से उदयपुर और बृजेश जोशी झुंझुनूं से भिवाड़ी और हरिशंकर हनुमानगढ़ से श्रीगंगानगर।

जोधपुर (ग्रामीण) के SP नारायण टोगस के खिलाफ वहां के विधायक और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने CM को लिखित शिकायत की थी। शिकायत में टोगस की कार्यशैली विवादास्पद बताते हुए मंत्री ने उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने को लिखा था। राजसमंद की SP ममता गुप्ता के खिलाफ भी वहां की MP महिमा कुमारी ने CM को 13 शिकायतों के साथ दो पत्र लिखे थे। सांसद का आरोप था कि SP ममता की मनमानी ने जिले में कानून-व्यवस्था को खतरे में डाल दिया है।

नागौर SP मृदुल कच्छवा के खिलाफ भी वहां के MLA अजय सिंह किलक ने शिकायतें की थीं।

चूरू में 11 मार्च को एक लग्जरी होटल में मालिक पर कुछ गुंडों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी। इस घटना से सरकार की काफी किरकिरी हुई थी। वहां भी SP को बदला गया है। इसी तरह उदयपुर SP योगेश गोयल के बदले जाने का कारण उनकी 'उदयपुर फाइल्स विवाद' में कथित भूमिका बताया जा रहा है। हनुमानगढ़ में 'एथेनॉल फैक्ट्री' को लेकर वहां के किसान आंदोलन कर रहे हैं। 10 दिसंबर 2025 को यह आंदोलन हिंसक हो गया था। आरोप है कि सिचुएशन को हैंडल करने में SP हरिशंकर की चूक रही थी। इस लिस्ट में हरिशंकर को वहां से हटा दिया गया है।

JDA में DIG लगाए गए आनंद शर्मा की गिनती योग्य अफसरों में की जाती है। वे अब तक 7 जिलों में SP रह चुके हैं। इसे बड़ी उपलब्धि माना जाता है।

ट्रांसफर list में 2015 से 2019 बैच के कुल 10 युवा IPS को पहली बार फील्ड पोस्टिंग देकर जिलों में SP लगाया गया है, जबकि 2021 बैच के दो IPS को Addl. SP से प्रमोट करके जिलों में SP की पोस्टिंग दी गई है। जानकारों के अनुसार list से ऐसा लग रहा है कि सरकार का फोकस लॉ एंड ऑर्डर पर रहा है। किसी वर्ग या समुदाय की अनदेखी नहीं की गई है और जातीय समीकरणों का पूरा ध्यान रखा गया है। MLA's और MP's को भी समुचित तरजीह दी गई है।




### खैरथल-तिजारा में न कलेक्टर ना ही पुलिस अधीक्षक

राज्य के प्रशासनिक इतिहास में ऐसा संयोग संभवत: पहली बार ही बना है। खैरथल-तिजारा एक मात्र ऐसा जिला हो गया है, जहां न कोई कलेक्टर है और ना ही कोई SP। दोनों बड़ी पोस्ट की जिम्मेदारी पड़ोसी जिलों के अफसर संभाल रहे हैं। IAS किशोर कुमार का जिले के कलेक्टर से 27 नवंबर, 2025 को ट्रांसफर हो गया था। उनका चार्ज अलवर की कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला को सौंप दिया गया था, जो आज भी चल रहा है। IPS मनीष कुमार चौधरी को 8 मार्च 2024 को जिले के SP की कमान सौंपी गई थी। शुक्रवार को जारी IPS की लिस्ट में मनीष कुमार का DOP ने ट्रांसफर तो कर दिया, लेकिन उनकी जगह किसी को लगाया नहीं। बल्कि भिवाड़ी के नव नियुक्त SP बृजेश ज्योति उपाध्याय को ही Addl. Charge सौंप दिया।

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित। **प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।